




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 136

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 27 फरवरी, 2024


## पीएम ने 41,000 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

# हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है: पीएम मोदी

### पीएम ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी

### राजनाथ सिंह ने कहा, स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाना था मेरा सपना

जन एक्सप्रेस | नई दिल्ली/लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (26 फरवरी) को अमृत भारत योजना के तहत 2000 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को देश को समर्पित किए। इनमें 553 रेलवे स्टेशन का रीडेवलपमेंट शामिल है। इसके साथ प्रोजेक्ट्स में स्टेशन पर रूफटॉप प्लाजा और सिटी सेंटर विकसित करके सुविधाओं में सुधार करना शामिल है। 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अमृत भारत स्टेशनों में 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा लागत के काम होंगे। वहीं, इसके अलावा 24 राज्यों में लगभग 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे। इनमें राजस्थान के 21 रेलवे स्टेशन और 108 ब्रिज, मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन और 105 ब्रिज, बिहार के 33 रेलवे स्टेशन और 72 ब्रिज शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि आज की प्रोग्राम नए भारत के नए वर्क कल्चर का प्रतीक है। आज भारत जो भी कर रहा है, वह अप्रत्याशित रफ्तार से कर रहा है। आज के भारत ने छोटी चीजों का सपना देखना बंद कर दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। ये नए विकसित भारत का संकल्प है।

#### इन राज्यों में बनेंगे 1500 ब्रिज

रेलवे ने क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास बनाए हैं। मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर भारत में बनने वाले 92 आरओबी/आरयूबी में से उत्तर प्रदेश में 56, हरियाणा में 17, पंजाब में 13, दिल्ली में 4, हिमाचल प्रदेश में 1 और जम्मू-कश्मीर में 1 ब्रिज शामिल हैं। लखनऊ मंडल में इनकी संख्या 43, दिल्ली में 30, फिरोजपुर में 10, अंबाला में 7 और मुरादाबाद में 2 है।

#### जनता के लिए स्टेशन खोलने की उठाई मांग

यूपी का पहला वर्ल्ड क्लास गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी ने वर्चुअली लोकार्पण किया। उन्होंने कहा, यह स्टेशन कमाल का दिखता है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोमती नगर स्टेशन पहुंचे। वहीं सीएम योगी भी वर्चुअली भी जुड़े। राजनाथ सिंह ने कहा, गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का विकास मेरा सपना था। केंद्रीय रेलवे मंत्री सर्वानंद सोनोवाल जब संसद में 4 स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की बात संसद में बोल रहे थे। तभी उन्हें गोमतीनगर स्टेशन का नाम पर्ची पर लिखकर दिया गया। उन्होंने उसी समय इसके नाम की भी घोषणा कर दी थी। राजनाथ सिंह ने कहा, स्टेशन को एक दिन के लिए जनता के लिए खोल दीजिए। वो खुद देखें कितना आधुनिक स्टेशन बना है। 1876 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इसमें 177 करोड़ की परियोजना का कार्य कहीं पूरा हुआ है तो वह गोमती नगर रेलवे स्टेशन है।






#### गोमतीनगर स्टेशन के बारे जानें...

**03** मंजिला की बनाई गई है नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग

**2,380** वर्गमीटर में शानदार कॉनकोर्स बनाया गया

**02** मंजिला बनाई जा रही है साउथ टर्मिनल बिल्डिंग

**09** एस्केलेटर एवं 09 लिफ्ट लगाई गई हैं स्टेशन पर

**02** पांच मंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स टावर का भी निर्माण किया गया

- अपर एवं लोअर बेसमेंट में पार्किंग जैसी सुविधायें है।
- रिटायरिंग रूम, वेटिंग लाउन्ज, फूड कोर्ट की व्यवस्था है।
- स्टेशन यात्रियों को एयरपोर्ट का अनुभव कराएगा।

**460** मीटर लम्बी एलिवेटेड सड़क बनाई गई है।

**स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान टर्मिनल अलग-अलग हैं।**

#### क्या है अमृत भारत स्टेशन योजना

6 अगस्त 2023 को लॉन्च की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के देशभर के 1300 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत रेलवे स्टेशनों के लिए मास्टर प्लान बनाकर सुविधाओं को बढ़ाया जाना है। इन सुविधाओं में वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, रिटेल सुविधाएं शामिल हैं। इनके अलावा स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए भी कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। भारतीय रेलों के जरिए देशभर में रोजाना 2 करोड़ और सालाना 800 करोड़ यात्री सफर करते हैं। इसके अलावा अरबों रुपए की माल ढुलाई भी रेलवे के जरिए की जाती है।

#### यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 533 रेलवे स्टेशनों को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से चुना गया है। स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें छत, प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फेकेड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल विकसित किया जाएगा। स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

#### राज्य जिनमें डेवलप किए जा रहे अमृत भारत स्टेशन...

- **राजस्थान- जयपुर रेल मंडल के 16 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा:** अमृत भारत योजना के तहत राजस्थान के 21 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। इसके तहत 108 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास भी बनाए जाएंगे। इनमें राजस्थान के ब्यावर, फतेहनगर, जवाई बांध, रानी, अजमेर, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीम का थाना, राजगढ़, सांगानेर, पाली मारवाड़, डीग, धौलपुर, गोविंदगढ़, खेडली, बूंदी और झालावाड सिटी स्टेशन शामिल हैं।
- **मध्य प्रदेश- 3276 करोड़ रुपए से 33 स्टेशन का पुनर्विकास होगा:** मध्यप्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। इसमें सीहोर, शाजापुर, नागदा, खाचरोद, नीमच, मंदसौर और मक्सी रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। वहीं, 105 ओवर और अंडर ब्रिज भी बनाए जाने हैं। इनमें रतलाम और उज्जैन में रेलवे अंडर ब्रिज का शिलान्यास किया जाएगा।
- **उत्तर प्रदेश- गोमती नगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन:** पीएम ने गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया, जिसे लगभग 385 करोड़ रुपए की लागत से डेवलप किया गया है। इसके अलावा अयोध्या के भरत कुंड रेलवे स्टेशन का शिलान्यास और टेढ़ीबाजार आरओबी का लोकार्पण किया।
- **बिहार - 33 रेलवे स्टेशन और 72 ब्रिज:** बिहार के 33 रेलवे स्टेशन और 72 आरओबी/आरयूबी/एलएचएस अमृत भारत योजना में शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडल के 38 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जाएगा। इनके अलावा झारखंड में 14 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है।
- **ओडिशा- दूसरे फेज में 21 रेलवे स्टेशन:** ओडिशा में दूसरे चरण में 21 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास करने की योजना बनाई गई है। इस तरह कुल 57 स्टेशन अमृत भारत योजना में जोड़े जाएंगे। इनमें बालासोर, बेटनोटी, भद्रक, तालचेर, रघुनाथपुर, पारादीप, केंदुझारगढ़, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, टिटिलागढ़, केसिंगा, परलाखेमुंडी, कोरापुट, जयपोर, बिमलागढ़, जारोली, रायरंगपुर, पानपोश, बेलपहाड़ , ब्रजराजनगर और रायगढ़ा शामिल हैं।
- **महाराष्ट्र- 56 स्टेशन, 175 ब्रिज:** महाराष्ट्र में मुंबई समेत 56 स्टेशनों का विकास किया जाएगा। साथ ही राज्य में 175 ओवर और अंडर ब्रिज का उद्घाटन होगा। इसके लिए राज्य के भायखला, चिंचपोकली, वडाला रोड, माटुंगा, मरीन लाइंस, चर्नी रोड मलाड जैसे स्टेशनों को चुना गया है।

#### 2018 में शुरू हुआ प्रोजेक्ट

स्टेशन का प्रोजेक्ट 2018 में शुरू हुआ था। यह यूपी का पहला विश्व स्तरीय स्टेशन होगा। दो दशक पहले तक मात्र तीन प्लेटफॉर्म वाला स्टेशन अब 6 प्लेटफॉर्म में तब्दील हो गया है। उससे पहले यह स्टेशन पर महज एक हाल्ट हुआ करता था। सांसद राजनाथ सिंह की पहल से इसका निर्माण हुआ है।



#### लखनऊ में बनेगा ब्रम्होस मिसाइल

ब्रम्होस मिसाइल लखनऊ में बनेगा। हमारे जवानों के पास मिसाइल होनी चाहिए। इलेक्शन की अधिसूचना जारी होने से पहले लोकार्पण होगा। पूरी परियोजना 2026 तक पूरी हो जाएगी।



#### अटल बिहारी वाजपेयी ने नींव रखी थी

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस स्टेशन की नींव रखी थी। अब जाकर यह स्टेशन में तब्दील किया गया है। विभूति खंड की तरफ से स्टेशन का जो हिस्सा है उसको पूरी तरह से कामर्शियल में तब्दील कर दिया गया है। रेलवे की तरफ से 10 एकड़ में इसका निर्माण किया गया है। स्टेशन की उत्तर दिशा की टर्मिनल बिल्डिंग भूतल के साथ 2 तल की और दक्षिण टर्मिनल की बिल्डिंग भूतल के साथ 1 तल की है। इसके अलावा 28 मीटर गुणे 85 मीटर का एयर कान कोर्स बनाया गया है।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाते अधिवक्ता और हिंदू पक्ष के लोग।

## ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा पर रोक नही

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज

जन एक्सप्रेस। वाराणसी/प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी से संबंधित व्यास जी के तहखाना प्रकरण में हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सीएस वैद्यनाथन व विष्णु शंकर जैन ने बहस की थी। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से यह तय हो गया है कि व्यास जी तहखाने में पूजा अर्चना जारी रहेगी। यह फैसला जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनाया। इसके पहले कोर्ट ने 15 फरवरी को दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी व यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने पक्ष रखा था। वहीं, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता विनीत संकल्प ने दलीलें पेश की थीं।

#### हिंदू पक्ष ने जताई खुशी

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद वाराणसी के कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं और हिंदू पक्ष ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। इस दौरान जय श्रीराम के नारे के साथ हर-हर महादेव का उद्घोष लगाया गया। इस आदेश को हिंदू पक्ष ने सच्चाई की जीत बताया है।

#### फैसला पढ़ते वक्त कोर्ट के तीन कमेंट

- राज्य सरकार 1993 से ही व्यास परिवार और श्रद्धालुओं को पूजा करने से रोकती आई है। राज्य सरकार ने लगातार गलत किया है।
- तहखाने में पूजा-पाठ को रोकना श्रद्धालुओं के हित के खिलाफ होगा।
- सरकार ने 1993 में व्यास तहखाने में पूजा-पाठ रोक दिया। सरकार का यह कदम अवैध था।

#### कोर्ट के फैसले पर बोले विश्वनाथ मंदिर के सीईओ

काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ विष्णु भूषण मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के फैसले के अनुसार मंदिर परिसर में छह समय की आरती और अखंड रामायण पाठ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसका प्रबंध जिला जज और जिलाधिकारी के आदेश पर आज भी जारी है। यह यथावत रहेगा। न्यायालय के आदेश का पालन किया जाएगा।

### ट्रैक्टर खड़े कर किसानों ने भरी हुंकार

## हक नहीं मिला तो किसान आंदोलन के लिए तैयार: टिकैत

जन एक्सप्रेस | मुजफ्फरनगर



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भाकियू के बैनर तले किसानों ने दिल्ली-दून हाईवे पर भूराहेड़ी से भंगेला तक ट्रैक्टर खड़े कर दिए। एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग रखी गई। इस दौरान कई जगह जाम लग गया। वाहन रेंगते हुए निकले। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हक नहीं मिला तो किसान आंदोलन के लिए तैयार है। पूरे देश का किसान एक है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे से किसानों ने तय किए गए स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करने शुरू कर दिए थे। दिल्ली की तरफ मुंह कर ट्रैक्टर खड़े कर किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। हाईवे की एक साइड में ट्रैक्टर खड़े किए गए थे, जबकि दूसरी साइड से वाहन चलते रहे। दोपहर के समय भूराहेड़ी, छपार, रामपुर तिराहा, बेगराजपुर और मंसूरपुर में जाम की स्थिति बन गई। मंसूरपुर से नरा जड़ौदा तक वाहन रेंगते हुए चलते नजर आए। हाईवे के कटों से यात्री वाहन निकालने के चक्कर में जाम समस्या बन गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत रामपुर तिराहा से होते हुए पहले भूराहेड़ी पहुंचे। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ छपार, रामपुर तिराहा, बेगराजपुर समेत अन्य स्थानों पर पहुंच कर किसानों का हौसला बढ़ाया।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** यूपी भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा, भूपेंद्र चौधरी और बृजेश पाठक ने रितेश पांडेय का पार्टी में स्वागत किया

## लोकसभा चुनाव से पहले बसपा से मोह भंग हो रहा सांसदों का

- अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडेय ने बीजेपी ज्वाइन कर ली
- राजधानी दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी से जुड़े

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा सांसदों का मोह पार्टी से भंग हो रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती को कुछ झटके लग चुके हैं और कुछ लगने वाले हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडेय ने बीजेपी ज्वाइन कर ली। रविवार को राजधानी दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यूपी भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा, भूपेंद्र चौधरी और बृजेश पाठक ने रितेश पांडेय का पार्टी में स्वागत किया।




#### बसपा ने 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था

मायावती की पार्टी बसपा ने 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था और कुल 10 सीटें जीती थीं।

#### जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा सांसद श्याम सिंह यादव कांग्रेस में शामिल हो सकते



यह कयास लगाए जा रहे हैं कि जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा सांसद श्याम सिंह यादव कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आगरा में श्याम सिंह यादव राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले भी वह संसद के बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे और साथ में ही संसद भवन से राहुल गांधी के साथ उनकी गाड़ी में बैठकर उनके आवास गए थे। हालांकि, इससे पहले भी श्याम सिंह यादव को लेकर यह कयास लगाए जा रहे थे कि वह बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। उस समय उन्होंने केंद्रीय बजट और यूपी सरकार के बजट की भी तारीफ की थी।

#### राहुल गांधी ने यात्रा में शामिल होने के लिए बसपा सांसद श्याम सिंह यादव का आभार जताया

साल 2022 से ही श्याम सिंह यादव का बसपा से अनबन की खबरें चल रही हैं। जब वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए तब उन्होंने ये कहा कि देश में सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए राहुल गांधी यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और इस यात्रा का राजनीति से सीधा कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही, राहुल ने भी यात्रा में शामिल होने के लिए बसपा सांसद श्याम सिंह यादव का आभार जताया।

### सूचना निदेशक ने तय की विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी की बैठक की तिथि

- 29 फरवरी व 01 मार्च को होगी बैठक, उप निदेशक प्रेस नोडल अधिकारी नामित

**लखनऊ।** सूचना निदेशक शिशिर ने सोमवार को बताया कि 29 फरवरी व 01 मार्च को विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी की बैठक सूचना निदेशालय लखनऊ में प्रस्तावित है। बैठक के समन्वय हेतु उप निदेशक प्रेस ललित मोहन को नोडलअधिकारी नामित किया गया है। भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली के द्वारा विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं,जिसके अनुपालन में सूचनानिदेशक द्वारा सूचना निदेशालय के सभा कक्ष में बैठक प्रस्तावित की गयी है।

# चित्रकूट में भाकियू ने ट्रैक्टर परेड निकालकर किया सरकार का विरोध

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय किसान यूनियन द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर सोमवार को ट्रैक्टर परेड का आयोजन किया गया।

दिल्ली बार्डर पर किसानों के उत्पीड़न के विरोध में यहां भी नेशनल हाईवे पर किसानों ने जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में मऊ तहसील से टोल प्लाजा तक ट्रैक्टर परेड करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह, ब्लॉक मंत्री जयनारायण सिंह के नेतृत्व में गोसाईपुर से प्रसिद्धपुर तक हाईवे पर ट्रैक्टर परेड करते हुए किसानों के समर्थन और सरकार के विरोधी नारे लगाए गए। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार 13 महीने के आंदोलन को फिर से दोहराना चाहती है। आंदोलन करना, अपने हक अधिकारों पर चर्चा करना सरकार को पसंद नही है। केंद्रीय मंत्रियों का समूह किसानों की बाते नही अपनी बातें मनवाने की बैठक कर दिखावा कर रहा है। देश मे किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों की फसल एवं जमीन नही बच पा रही है। सरकार की वादा खिलाफी के कारण आज देश का किसान सड़कों पर आन्दोलन के लिए बाध्य है। सरकार को किसानों की बातों पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तत्काल प्रभाव से कैबिनेट की बैठक कर किसानों की मांगे पूरी करनी चाहिए। इस मौके पर किसान शिवदयाल सिंह बघेल, राजकिशोर सिंह, राजकुमार सिंह, बद्री सिंह, बीरेंद्र सिंह, बड़कू, रमेश चंद्र पाठक, देवनारायण यादव, पप्पू सिंह, सन्तोष कुमार, राजेन्द्र शुक्ल, रामनरेश, शत्रुघ्न सिंह, नरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

* राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को सम्बोधित भेजे ज्ञापन में बताई समस्यायें

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर स्टेट हाईवे बांदा बहराइच मार्ग घुरा तिराहे पर भारतीय किसान यूनियन के बुंदेलखंड कानपुर जोन के अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी के नेतृत्व में ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही भारत सरकार को चेतावनी दी गई कि अगर किसानो की सारी समस्याओं का समाधान नहीं होता तो पूरे देश के किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली कूच करेगें। किसानों ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर जनपद की तमाम समस्याओं की मांग करते हुये मूल वृद्धि नियंत्रण, वाद सुरक्षा गारंटी सभी के लिये आवास सुनिश्चित करें। बिजली, संशोधन विधेयक 2022 को वापस लें। किसानों के लिये बीज, उर्वरक, बिजली, एमएसपी की गारंटी दी जाये आदि मांगों सहित 15 सूत्रीय ज्ञापन भेजा है। इसी तरह मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में किसानों को सिंचाई, विद्युत बिल, अप्रैल 2023 के बाद के बिल माफ किये जाये। जनपद बांदा में ओलावृष्टि से हुये नुकसान की जांच कराकर भरपाई करायी जाये। ध्वस्त सडकों का निर्माण कराया जाये। दोहतरा, जौहरपुर, बेंदाघाट तक की सडक का निर्माण कराया जाये। गौशाला व किसानों द्वारा गोद ली गयी गायों के भरण पोषण की व्यवस्था करायी जाये। ज्ञापन में बैजनाथ अवस्थी अध्यक्ष बुन्देलखण्ड कानपुर क्षेत्र, कामता प्रजापति, सद्दाम हुसैन, रामसुफल, अरविन्द, भिखुवा, चुन्नू, अनिल, सर्वेश, राशिद, भोला, धर्मराज, राजेन्द्र कुमार, बिंदा सिंह, कौशल तिवारी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

* अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि तिन्दवारी के रहने वाले रामनरेश द्विवेदी अपनी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी करके अपने खेत में गये थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई।

इस संबंध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। सोमवार को तिन्दवारी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तिन्दवारी-बबेरु मार्ग क्योटरा पुलिया के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई होण्डा मोटरसाइकिल, 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय वर्मा पुत्र शिवप्रसाद नि0 कस्बा व थाना बबेरु, अंकित वर्मा पुत्र रामखेलावन नि0 जमुनिया का पुरवा थाना बबेरु है। इनके खिलाफ मु0अ0सं0 36/24 धारा 379/411 आईपीसी थाना तिन्दवारी व मु0अ0सं0 37/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तिन्दवारी अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष तिन्दवारी कौशल सिंह, उ0नि0 रमाशंकर सिंह, कां0 रोहित यादव शामिल हैं।

# रेलवे हाईटेक को लेकर पीएम ने किया वर्चुअल शुभारम्भ




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रेलवे स्टेशन में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मुख्य स्टेशन में किसान कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंडर पास सहित कई कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी रेलवे स्टेशनों को हाईटेक किया जा रहा है। स्टेशन के प्रांगण में रखे कार्यक्रम के संयोजक स्टेशन इंचार्ज मनोज शिवहरे ने इस कार्यक्रम में आये हुये तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं सहित आगन्तुकों का स्वागत किया। इस मौके पर कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, महिला आयोग की सदस्या प्रभा गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू गुप्ता, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन विनोद जैन, संतोष गुप्ता, राजकुमार राज, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, रेलवे बोर्ड के सदस्य बडे भइया, भाजपा मंत्री मनीष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान तमाम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाकर सभी लोगों का मन मोह लिया।

# चोरो ने मंदिर से चुराई मूर्ति और दो दुकानों को बनाया निशाना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

शहर में हो रही चोरी की घटनाओ से लोग परेशान है। आए दिन चोर किसी न किसी मकान या दुकान को अपना निशाना बना रहे है। पुलिस की सुस्ती से बेखौफ चोर चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। रविवार की रात चोरो ने महेश्वरी देवी मंदिर से मूर्ति और कनवारा से साउंड का सामान और भाजपा नेता के गोदाम से नगदी समेत चांदी की मूर्ति चुरा कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल किया। महेश्वरी देवी मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को विध्यवासिनी मंदिर में लक्ष्मी, गणेश, विष्णू की मूर्ति कोई भक्त चढा गया था। रात को मंदिर में घुसा चोर मूर्तिया दान पात्र पीतल का लोटा, समेत अन्य सामग्री बोरी में भर कर ले गया। सुबह मंदिर के प्रबंधक विष्णू कुमार दीक्षित मौके पर पहुचे गए। उन्होने मंदिर से जुडे अन्य लोगो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगो ने शंका के आधार पर आशीष को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि दान पात्र समेत अन्य सामान बोरी में भरा चैनल के पास रखा मिला। लक्ष्मी जी की मूर्ति बरामद कर लिया। गणेश और विष्णू की मूर्ति नही मिली। चोर को पुलिस के हवाले कर लिया। मंदिर के प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दिया। शहर के कनवारा गांव निवासी संतोष पुत्र श्रीधर शुक्ला लाइट साउड़ का काम करता है। नजदीक स्थित भाजपा कार्यालय के पास द्वारिका पुरी में भागवत कथा होनी थी।

## पचास प्रतिशत आई किताबें, 15 मार्च से पहुंचेंगी स्कूल

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की नए सत्र में मुफ्त बंटने वाली 50 प्रतिशत किताबों की आपूर्ति आ चुकी है। 15 मार्च तक सभी स्कूलों में किताबें पहुंचाने की तैयारी है। सत्र समय परिवर्तन के बाद से अब तक कभी भी पहली अप्रैल को बच्चों को किताबें नहीं मिल पाई। किताबों की आपूर्ति अगस्त महीने से आना शुरू होता रहा है, लेकिन इस बार जनवरी के अंतिम सप्ताह से किताबों की आपूर्ति आना शुरू हुआ है और अब तक साढ़े पांच लाख किताबें आ चुकी हैं। जिले के 2122 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दो लाख 64 हजार कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त बांटने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 21 हजार किताबों के लिए मांगपत्र भेजा गया था। शनिवार को एक ट्रक किताबों की आपूर्ति मिलने के बाद अब तक 50 प्रतिशत किताबें आ चुकी हैं। मार्च के पहले सप्ताह में किताबें ब्लाक संशाधन केंद्र भेजी जानी हैं। यहां पर 15 मार्च तक किताबें स्कूल पहुंचाने का लक्ष्य है। डीसी अखिलेश सिंह भदौरिया का कहना है कि पहली बार समय से किताबों की आपूर्ति मिल रही है। इस बार हर हालत में पहली अप्रैल को हर बच्चे के हाथ में किताबें होंगी।

## पहाड़ में लगे पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** काम न मिलने पर किशोर ने पहाड़ पर लगे पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी रानू वर्मा उर्फ राजबहादुर (15) पुत्र कल्लू वर्मा ने रविवार की दोपहर घर कुछ स्थित पहाड़ में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को खेत से घर लौटे परिजनो ने देखा तो रानू घर पर नही था। उसकी खोजबीन किया, लेकिन पता नही चला। पहाड़ में देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# अवैध शराब के साथ आठ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने आठ आरोपियों को 162 क्वार्टर देशी शराब तथा 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसमें थाना मानिकपुर के अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम द्वारा आरोपी सत्यनारायण पुत्र नंदलाल कोल निवासी उमरी थाना मानिकपुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक पवन कुमार त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा आरोपी श्यामसुंदर पुत्र राजू कुशवाहा निवासी कस्बा व थाना भरतकूप को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, उपनिरीक्षक रामकुमार व उनकी टीम द्वारा आरोपी गणेश पुत्र लाल कुशवाहा निवासी बौद्ध नगर कस्बा व थाना भरतकूप को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खान व उनकी टीम द्वारा आरोपी प्रभुदयाल पुत्र सुग्रीव निवासी नादिनकुर्मियान थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र पांडेय और उनकी टीम द्वारा आरोपी ऊषा पत्नी राजकरण और निवासी गुहाई पूरवा मजरा जरदहा थाना रैपुरा को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल व उनकी टीम द्वारा आरोपी बल्लू निषाद पुत्र रज्जू निषाद निवासी अमवा थाना सरधुवा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ, उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय व उनकी टीम द्वारा आरोपी पप्पू यादव पुत्र रंजीत यादव निवासी अर्की थाना सरधुवा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना मऊ के उपनिरीक्षक इंद्रजीत गौतम व उनकी टीम द्वारा आरोपी गया प्रसाद पुत्र राम अवतार प्रजापति निवासी कोंपा थाना मऊ को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकन्त धर दुबे को दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मिली है। उनकी उपलब्धि पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

गोरखपुर के मूल निवासी और पिछले एक वर्ष से चित्रकूट में बतौर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यरत सूर्यकान्त धर दुबे ने विधि में वर्ष 2010 में स्नातकोत्तर की उपाधि दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त करने के बाद यू.जी.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में विधि विषय से एन.ई.टी. एवं जे.आर.एफ. की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. के लिए अपना नामांकन कराया और सेंटेंसिंग इन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम इन इंडिया-ए क्रिट्रिकल स्टडी विषय पर शोध कार्य करते हुए अपनी थिसिस को पूरा किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 100वें दीक्षान्त समारोह में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 100वें दीक्षान्त समारोह में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की गई। गौरतलब है कि चित्रकूट में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत सूर्यकान्त धर दुबे की पत्नी निष्ठा उपाध्याय राजापुर क्षेत्राधिकारी के रूप में कार्यरत है।

# मनाई गई संत रविदास जयंती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रगतिशील लेखक संघ तथा संत शिरोमणि रविदास समिति चित्रकूट द्वारा भक्ति आंदोलन के क्रांतिवीर नायक रविदास की जयंती का आयोजन बार एसोसिएशन हाल कर्वी चित्रकूट में किया गया। प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर आलोचक रघुवंशिमण त्रिपाठी ने कहा कि रविदास मध्यकाल मे ऊंच नीच की खाई को पाटने का प्रयास तो किये ही साथ ही सामाजिक न्याय के लिए संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि रामचंद्र सरस की कविताएं वर्तमान संकट से मुठभेड करती हैं। प्रोफेसर शशिभूषण मिश्र ने काव्य संग्रह की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि इनकी कविताएं राजनीतिक संप्रदायवाद बाजारवाद भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करती हैं।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संतोष भदौरिया ने रविदास के पदों की व्याख्या करते हुए कहा कि रविदास भक्ति आंदोलन का प्रमुखता से नेतृत्व किया था। तत्कालीन समाज मे घुला पाखंडवाद को अपने पदों के माध्यम से छानने का प्रयास किया है। मनुष्य को मनुष्य बनने की प्रेरणा दिया। रविदास जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए माटी पत्रिका के प्रधान संपादक नरेंद्र पुंडरीक ने कहा कि सरस जी की कविताए किसान मजदूर कारीगर शिल्पकार के जीवन संघर्ष को रेखांकित करती हैं। पूर्व प्रोफेसर गया प्रसाद यादव अतर्रा डिग्री कॉलेज ने कहा कि रामचंद्र सरस जनवादी कवि हैं। एड अमित यादव ने कहा कि रविदास अपने समय के नायक थे। संचालक कवि प्रगतिशील लेखक संघ के जिलाध्यक्ष कवि सुनील कुमार ने कहा कि रविदास भक्ति आंदोलन के क्रांतिवीर नायक थे।

सचिव श्याम सुंदर के द्वारा लिखी गयी संत गाडगे की जीवनी का विमोचन हुआ। श्याम सुंदर ने कहा कि रविदास मध्यकाल मे मनुष्य को मनुष्य बनाने वाले शिल्पकार थे। संत शिरोमणि रविदास स्मृति समिति के संयोजक रविकरन यादव ने कहा कि रविदास पैतृक पेशा करते हुए समाज को समतल करने का प्रयास किया। कविता सत्र में नरेंद्र पुंडरीक, रामचंद सरस ,सुनील कुमार, दिनेश चैहान, श्याम सुंदर, रविकरन यादव, प्रमोद सरल, रामअवतार साहू तथा नदी बचाओ आंदोलनकारी अभिमन्यु सिंह, दीनानाथ, एड अवधेश वक्शी, गया प्रसाद, आलोक बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

## सिंधु सभा की मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय सिंधु सभा की मासिक बैठक सोमवार को बस स्टैंड में राजीव लखानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर उनका आभार प्रकट किया गया। साथ ही आगामी आने वाले भगवान झूले लाल के त्यौहार की तैयारियों पर चर्चा की गई और अंत में सिंधु सभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ठाकुर दास को उपाध्यक्ष, संजय ज्ञानचंदानी को महासचिव, श्यामलाल आसवानी को कोषाध्यक्ष और मुनि राज को सचिव बनाया गया। इस मौके पर साधुराम, कुक्कू, विजय, जयकिशन, नानक राम, कन्हैया, सोनू, प्रदीप, किशोर, भावना आदि मौजूद रहे।

# अब चित्रकूट में ही जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा पूरा ईलाज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संत रणछोड़ दास द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के अंतर्गत संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में अब मुंबई के शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता अपनी निरंतर सेवाएं देंगे।

श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट क्षेत्र अभी चिकित्सा के क्षेत्र में अन्य जगहों की अपेक्षा काफी पीछे है। बच्चों के बीमार हो जाने पर लोगो को अपने बच्चो को बाहर ले जाना पड़ता है और बाहर लोगो को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए श्री सदगुरू से संघ ट्रस्ट बोर्ड ने ये फैसला लिया कि यहां के क्षेत्रवासियों को चिकित्सा के लिए बाहर न जाना पड़े इसी को देखते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जन गैनकोलाजिस्ट आदि के साथ-साथ अब शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता अब जानकीकुंड चिकित्सालय में निरंतर अपनी सेवाएं देगे। बीमार होने पर जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को अब जल्दी बाहर नही ले जाना पड़ेगा। अब बच्चों का संपूर्ण ईलाज जैसे बुखार, स्वास, दमा, झटके आना, बच्चों का कम विकास, दिमाग की समस्या, कम वजन, पीलिया, स्तनपान की समस्या, दिमागी बुखार, कम समय में जन्मे बच्चों की समस्या जैसे बीमारियों का ईलाज संभव है। शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग गुप्ता के जानकीकुंड चिकित्सालय में निरंतर सेवाएं देने से चित्रकूट क्षेत्र के लोगो को काफी लाभ होगा।

# बुजुर्गों के अनुभवों का लेना चाहिए लाभ : अपर जिला जज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विकास कुमार के निर्देश पर सोमवार को ग्राम पंचायत विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों को उनके हक और अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने कहा कि सभी लोगों को अपने परिवार के बुजुर्गों का ध्यान देना चाहिए। उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए बुजुर्गों को खुश रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों के अनुभवों का लाभ न ले पाने वाले बच्चे बहुत अभागे हैं। यह संसार एक आश्रम है, जिसकी व्यवस्था एक प्रबंधक द्वारा की जाती है, वही इस समाज को आगे बढ़ने के लिए ज्ञान देता है। सम्वासी चन्द्रकिशोर ने अपनी कविता, **''बुजुर्गों की आंखों में पानी न देना, तुम्हें जिसने प्यार से पाला-संभाला, खिलाया था हाथों से पहला निवाला, तुम्हारे लिए ही पसीना बहाया, तुम्हारें लिए ही कमाया-बचाया, दरों-दीवारों पे जिसने सपने सजाए, उसी घर में हो गए है पराए।''** के जरिए अपनी बात रखी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जे.पी. सिंह, उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ ए.के. सिंह, अधिवक्ता कुलदीप सिंह, योगेन्द्र सिंह, प्रबंधक अम्बरीष श्रीवास्तव, कामता प्रसाद, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ । मंगलवार । 27 फरवरी 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, पहले एक दिनों में आसमान साफ रहेगा और शेष दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्रीसे0) : 25.6 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्रीसे0) : 10.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 93 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 किमी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए : प्रवर्तन के जिम्मेदार अधिकारी आंखों पर पट्टी बांध बने गांधारी







**✱ जोन एक और दो के क्षेत्रों में अवैध और मानक विहीन अवैध निर्माण की गंध से सरकार की छवि हो रही धूमिल**

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**







**कानपुर नगर।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए यूपी के यशस्वी सीएम योगी आदित्यनाथ करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर उन स्मार्ट सिटी के मंसूबे पर शहर के मानक विहिन अवैध निर्माण पानी फेर रहे हैं। जिसमें सबसे बड़ा योगदान कानपुर विकास प्राधिकरण के.डी.ए. के प्रवर्तन में तैनात ज़िम्मेदार अधिकारियों का है। सबसे ज्यादा अवैध और मानक विहिन निर्माणों का गढ़ जोन एक का कोपरगंज, लाटूश, नई सड़क, धनकुट्टी, घंटाघर संगीत टाकीज, चौक, जनरलगंज बना हुआ है और जोन दो में लाजपत नगर, पांडू नगर, सर्वोदय नगर, एम ब्लॉक काकादेव कौशलपुरी, दर्शन पुरवा, में तो रिकॉर्ड तोड़ मानक विहिन निर्माण हो रहे हैं। यह सभी निर्माण ठीक सड़क किनारे हो रहे हैं। जबकि स्वीकृत नक्शे में रोड छोड़ते हुए मानक के अनुरूप निर्माण करना होता है जो नहीं हो रहा है।

ज्ञातव्य हो कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के द्वारा कानपुर नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों रुपए प्रदान किए गए हैं। हर एक वह शहर जिसे स्मार्ट सिटी कहा जाता है उसमें हर चौराहों पर जगह-जगह सीसीटीवी के साथ-साथ उसकी सड़के चौड़ी जरूर की जाती है। क्योंकि स्मार्ट सिटी में अगर वाहन रेंगते हुए नजर आएंगे तो काहे की स्मार्ट सिटी, साथ ही साथ मल्टी लेवल पार्किंग भी होनी चाहिए। लेकिन कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार प्रवर्तन के अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक भी निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप नहीं करवा रहे हैं। यह सभी अपनी आंखों पर गांधारी रूपी पट्टी बांधे हुए हैं। और और इस पट्टी को बांधे रहने के लिए उन्हें ठीक-ठाक सुविधा शुल्क भी दिया जाता है।

### करोड़ों के राजस्व की हो रही चोट

आपको बताते चलें की जिम्मेदार प्रवर्तन के अधिकारी सरकार से तो तनख्वाह लेते ही हैं उसके साथ साथ गांधारी बने रहने के लिए इन्हें मोटा नजराना सुविधा शुल्क के रूप में मिलता है। जहां एक यह नजराना लेकर अपनी जेब भर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कानपुर विकास प्राधिकरण और सरकार के राजस्व को भारी चोट हो रही है।

### जन एक्सप्रेस ने क्यों कहा है गांधारी

आप सभी पाठकों को ज्ञात होगा कि महाभारत काल में दुर्योधन की मां गांधारी के आंखे थी लेकीन अपने पति धृतराष्ट्र की अंधता के कारण उन्होंने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। इसी तरह से केडीए के प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों के पास आंखें हैं फिर भी उन्हें अवैध और मानक विहीन निर्माण नहीं दिखाई दे रहे हैं। जिससे साफ लगता है कि उन्होंने गांधारी रूपी पट्टी अपनी आंखों पर बांध रखी है।

## यूपी में पहले युवा हाथों में तमंचे लहराते थे अब टैबलेट है: योगी आदित्यनाथ



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को शहर डिफेंस कॉरिडोर का उद्घाटन करने पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने पूर्व की सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए जमकर खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि यूपी में पहले युवा तमंचा लहराते देखे जाते थे लेकिन जब बीजेपी की सरकार बनी तब से अब उनके हाथों में टैबलेट दिखाई देता है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उप्र को देश के विकास ऐसा था कि युवा तमंचा लहराते थे लेकिन अब उनके हाथों में टैबलेट है। वह तेजी से आगे बढ़ रहें है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा दिन प्रति आगे बढ़ रहा है। कानपुर में अडानी समूह की डिफेंस फैक्ट्रियां बनकर तैयार हो गई हैं। डिफेंस कॉरिडोर की कानपुर नोड में 250 एकड़ में 1500 करोड़ की लागत से बनी। उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रदेश के युवा आगे बढ़ेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े है। मुख्यमंत्री के साथ सेना अध्यक्ष मनोज पाण्डेय भी मौजूद रहे। फैक्ट्री में कार्बाइन, पिस्टल, स्नाइपर राइफल जैसे 41 हथियार बनाए जाएंगे। यहां हथियार बनाने की तकनीक इजरायल से लाई गई हैं।

### 17 हज़ार लोगों को मिलेगा रोजगार

- कानपुर के साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर की जमीन पर अडानी डिफेंस का आर्म्स एंड एम्यूनिशन कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो गया है। इसकी गिनती एशिया की सबसे बड़ी गोला-बारूद निर्माण यूनिट में की जा रही है। यहां शॉर्ट रेंज मिसाइलें भी बनाने का काम शुरू हो चुका है।
- अडानी समूह की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, पूरी तरह से ऑटोमेटेड प्लांट में तीनों सेनाओं और पैरामिलिट्री फोर्स को चलते हुए लड़ने के लिए जरूरी सारे हथियार यहां बनाए जाएंगे। ये सारे हथियार हैंड हेल्ड होंगे।
- मेक इन इंडिया के तहत उप्र में डिफेंस कॉरिडोर लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, झांसी, चित्रकूट के साथ कानपुर को दिया गया है। पहले चरण में कानपुर नोड के लिए 222 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई थी।
- यूपीडा अधिकारियों ने बताया, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कानपुर नोड के लिए 21 एमओयू साइन किए गए। इनमें 9 हजार 729 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन फैक्ट्रियों में करीब 17 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश करने वाली कंपनियों में अडानी डिफेंस सिस्टम, जेनसर एयरोस्पेस, अनंत टेक्नोलॉजीज और एंड्योर एरोसिस्टम्स प्रमुख हैं।

### कर निर्धारण अधिकारी से व्यापारियों ने की भेंट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में सोमवार को जोनल 6 के कर निर्धारण अधिकारी राजेश गुप्ता से एक प्रतिनिधि मण्डल ने भेट की और यादव मार्केट, शास्त्री नगर पर हाउस टैक्स के बकाये के विषय को उनके समक्ष रखा गया। इस सम्बन्ध में बताया गया कि मकान मालिक पर हाउस टैक्स बाकी है लेकिन हम सभी व्यापारी समय पर टैक्स हित किराया जमा करते है। यदि भवन स्वामी समय पर टैक्स नही भरता है तो इसमें दुकानदारों की क्या गलती है। इस दौरान राजेश गुप्ता कहा कि नियमानुसार जो कब्जेदार होता है, उसको टैक्स भरने का अधिकार है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### किराया लेने पहुंची नगर निगम की टीम से विवाद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कलक्टरगंज बाजार मे नगर निगम की दुकानों का बकाया किराया लेने नगर निगम की टीम दलबल के साथ पहुंचने पर कुछ व्यापारियों ने अपने हिसाब से किराया की किश्त दे दिया लेकिन व्यापारी सुरेश गुप्ता से दबाव बनाकर एक लाख रु की चेक ले ली और रसीद काट दी। उस व्यापारी ने कहा कि इतने रूपये मेरे एकाउन्ट मे नहीं और न ही इतना दे पाने कि स्थिति मे है इसके बावजूद चेक लेकर रसीद काट देने की जानकारी मिलने पर वहां भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा महानगर अध्यक्ष व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्र व संयोजक अनुराग जायसवाल आदि व्यापारी सुरेश गुप्ता की दूकान पर आ गए और विवाद होने लगा जिससे मामला थाने पर जा पंहुचा। इस दौरान सुरेश गुप्ता सहित अगल बगल के कुछ व्यापारियों ने दुकाने बंद कर दी। कलक्टरगंज थाने मे ए.सी.पी. मोहसिन रज़ा व थाना प्रभारी ललित कुमार व नगर निगम जोन 1 के जोनल अधिकारी विद्यासागर ने आकर ने व्यापारियों से बात की। व्यापारी सुरेश गुप्ता की चेक व रसीद वापस की जाय। इस पर काफ़ी देर तक वार्ता के उपरांत समझौता हुआ कि बड़ी दुकानों के क्षेत्रफल के हसाब से छोटी दुकानों के किराये को कम किया जायेगा इसके लिए प्रार्थना पत्र दे और व्यापारी सुरेश गुप्ता की चेक व रसीद वापस करते हुए 50 हज़ार की चेक लेकर विवाद निपटाया गया।



### चित्रकला प्रतियोगिता में 1000 बच्चों ने लिया भाग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** स्कॉलर्स प्लेवेज इंटर कॉलेज गोविंद नगर में चित्रकला प्रतियोगिता का पांच ग्रुपों में आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में 1000 बच्चों ने भाग लिया। जिनके द्वारा विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाई गई। अवसर पर विद्यालय के संचालक सुशील कुमार ने बताया बच्चों की कल्पनाओं को रंगो द्वारा सजाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता पांच ग्रुपों में कराई गई जिसमें 11 जजों ने उच्च कलाकृति व सुंदर चित्र बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्ष शकुंतला देवी, सचिव गिरीश मल्होत्रा, प्रधानाचार्य प्रेमलता श्रीवास्तव एवं अन्य अध्यापक अध्यापिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया अध्यापिकाओं में सोनिया उप्पल, श्रीमती अंजू पुरी, श्रीमती अनुराधा कालरा, सुरेंद्र कौर, लक्ष्मी, श्रीमती भावना तिवारी एवं अन्य अध्यापिकाओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विद्यालय द्वारा नामित जजों जिसमें 11 जजों की टीम में श्रीमती पुष्पा अरोड़ा, श्रीमतीअनुपमा द्विवेदी, श्रीमती सारिका बत्रा, श्रीमती नीलिमा नागपाल, श्रीमती खुशविंदर कौर, श्रीमती आदि श्री, श्रीमती भावना, श्रीमती कोमल, स्वाति मल्होत्रा श्रीमती ज्योति मल्होत्रा, श्रीमती आशु बोबल आदि में उत्कृष्ट कलाकृति बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया। कार्यक्रम के समापन पर संचालक सुशील कुमार तथा प्रधानाचार्य प्रेमलता श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आये हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



## पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र,फजलगंज कानपुर में सोमवार को सुगंध एवं सुरस निर्माण एवं इसके उपयोग विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान निदेशक, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के.एन. द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं किये जा रहे कार्यों की डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाई गई। के.एन.द्विवेदी ने सुगंधित तेल, सुगंध एवं सुरस के व्यापार की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्थिति के विषय मे जानकारी दी।

द्वितीय सत्र में के.एन. द्विवेदी ने सुगंधित तेल निकालने के विषय में चर्चा की। तृतीय सत्र में केंद्र प्रभारी डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने इत्र सूंघने के विषय में जानकारी दी। गुंजन धर गुप्ता एवं सुख देव ने सभी के सूंघने की शक्ति के वैज्ञानिकता के आधार में टेस्ट किये।

कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने किया।कार्यक्रम में हरियाणा पलवल से डॉ.नागेन्द्र सिंह, अरमान अग्रवाल देहरादून से डॉ.रविन्द्र सिंह, कानपुर से पीयूष चतुर्वेदी, राम चन्द्र पाल, लव गेरा, मृदुशी शुक्ला, तरूण चावला, अंकित प्रजापति, त्रिलोकी सैनी आदि मौजूद रहे।

## कुलपति की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं विश्व की प्रमुख बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी, आईबीएम के मध्य सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जिसका मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के छात्रों को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पर कार्यकुशल एवं जॉब रेडी बनाना है। इस अवसर पर कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि हम आईबीएम के साथ मिलकर ऐसे पाठ्यक्रम और कार्यक्रम को विकसित करने की दिशा में काम करेंगे जो वर्तमान और भविष्य के वातावरण में समकालीन और उपयुक्त हों। आईबीएम छात्रों को कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा और उन्हें उनकी उत्कृष्टता को पहचानकर प्रतिभागी छात्रों को मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सीएसजेएमयू और आईबीह्यह्य1एम तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। छात्र समुदाय को इस समझौते से उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने में मुख्य लाभ मिलेगा। कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.रॉबिन्स पोरवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय का आईबीएम के साथ हुए इस एमओयू से विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रमों का डिज़ाइन और विकास किया जा सकेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, डायरेक्टर-यूआईईटी डॉ.बृष्टि मित्रा, कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष प्रो. रबिन्स पोरवाल सहित विभिन्न संकायों के डीन, सीएस/आईटी /कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 58 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को राजकीय पॉलीटेक्निक सभागार में अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसका शुभारंभ परिषद के पुरोधा बी.एन. सिंह व पी.एन. शुक्ला को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कर्मचारियों एवं शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण कराए जाने की माँग की। समारोह का संचालन परिषद के जिला मंत्री इं.कोमल सिंह ने किया। इस अवसर पर इं.ए एन द्विवेदी, रणधीर सिंह, साहब सरताज, एसएमजेड नकवी, पंकज मिश्रा, सुरेश चंद, अरुण मिश्रा, अजय कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# एलएलबी के छात्र को बदमाशों ने मारी गोली





घटनास्थल पर जांच करती हुई फॉरेंसिक की टीम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात एक फार्म हाउस में गोली चलने की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही बिठूर पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर उपचार के लिए कानपुर के नीचे अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक के भाई के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना रोड स्थित पंजाबी फार्म हाउस में गार्ड की नौकरी करने वाले युवक धर्मेंद्र यादव उम्र 25 वर्ष पुत्र अमर सिंह निवासी चौधरीपुर थाना चौबेपुर जो कि एलएलबी प्रथम ईयर का छात्र है को आशनाई के चक्कर में बदमाशों ने गोली मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना रविवार की रात 1:00 बजे की बताई जा रही है।

जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त फार्महाउस में धर्मेंद्र के अलावा यदुनाथ सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी घाघपुर, अनार सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी चौधरीपुर थाना चौबेपुर भी साथ में मौजूद थे। यदुनाथ को हाथापाई के दौरान हल्की-फुल्की चोटिया आई है वही एक अधेड़ व्यक्ति जिसका नाम अनार सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी चौधरीपुर फार्महाउस में गार्ड की नौकरी करता था जिस पर बदमाशों ने फायर किया लेकिन गोली बाई आंख को छूती हुई निकल गई। गोली चलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहले क्षेत्र के स्थानीय नर्सिंग होम में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां से गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र यादव को कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम के अलावा एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे के भी पहुंचे। घटना में घायल हुए धर्मेंद्र यादव के छोटे भाई अंकित यादव ने भिडैईया गांव के छोटेलाल के बेटे के अलावा अन्य दो अज्ञात लोगों के खिलाफ बिठूर थाने में नाम जद रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बिठूर पुलिस ने दो व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया है और उसे पूछताछ कर रही है। फिलहाल घायल धर्मेंद्र यादव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# सीआरपीएफ दरोगा की हृदय गति रुकने से मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील के मकनपुर निवासी नुसरत हुसैन रिजवी सीआरपीएफ मे दरोगा पद तैनात थे उनकी हृदय गति रुकने से लखनऊ हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार देर शाम मकनपुर शव पहुंचने पर घर पर उनके अंतिम दर्शन को भारी भीड़ मौजूद रही। मकनपुर निवासी हसन अब्बास ने बताया कि उनके ससुर और इलियासपुर गांव निवासी नुसरत हुसैन रिजवी लखनऊ बटालियन में एसआई के पद पर तैनात थे। 22 फरवरी 2024 को ड्यूटी के दौरान हृदयघात होने से उन्हें सेना के हा?स्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका सोमवार को इंतकाल हो गया। यह सूचनाउनकी पत्नी तबस्सुम फातम व उनके पुत्र अफजल और आजमी ने दी। सीआरपीएफ में तैनात नुसरत के इंतकाल की सूचना पर पूरे इलाके में गमी फैल गई। सीआरपीएफ के लखनऊ ?स्थित बटालियन में पूरे सैनिक सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को मकनपुर भेजा गया, जहां देरशाम करीब 7:30 बजे सेना के जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया, जिसके बाद उनके शरीर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस दौरान नुसरत हुसैन के भाई शेखू रिजवी, मोहम्मद रिजवान कुरैशी अध्यापक उम्मीद अली संग अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल सहित तहसीलदार तिमराज सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा लीक मामले को लेकर मुखर हुई आम आदमी पार्टी

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के बाद जहां प्रदेश की योगी सरकार बैकफुट पर आकर पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है और जल्द परीक्षा नई तिथि की घोषणा की बात कही है तो वही आज सुलतानपुर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति की अगुवाई में दर्जनों भर से अधिक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर जिलाप्रशासन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने सिपाही भर्ती परीक्षा के साथ साथ समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को भी रद्द करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समीक्षा अधिकारी परीक्षा में भी पेपर लीक हुआ था अतः उस परीक्षा को भी निरस्त करते हुए नई प्रक्रिया से परीक्षा कराई जाए साथ ही परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट के न्यायधीश से करवाई जाए। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पेपर लीक मामले में जो भी व्यक्ति अधिकारी संलिप्त हो उसे कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए साथ रद्द हुई परीक्षा को पुनः एक माह के अंदर करवाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रदेश सरकार जनता को यह भरोसा दिलाए कि भविष्य में कोई पेपर लीक नही होगा।

# सुलतानपुर में पुल के भ्रष्टाचार पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



राम वन गमन पथ पर अयोध्या-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर टाटिया नगर में गोमती सेतु फिर टूट गया। जिससे हाईवे से लेकर शहर तक में भीषण जाम की स्थिति है इसको लेकर कांग्रेसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन किया। एक ज्ञापन भी कांग्रेस नेताओं ने डीएम को सौंपा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि राम वन गमन पथ जो हमारा अयोध्या से प्रयागराज को जाता है टाटिया नगर में गोमती नदी पर जो पुल बना है वो साल भर में लगातार तीन बार टूट चुका है। इस पर शासन-प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है कोई जवाबदेही नहीं है। एक बार जब पुल टूटा तो जांच होनी चाहिए थी लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। शहर में जाम की स्थिति बढ़ती जा रही है। सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही। छात्र-छात्राओं को समस्या हो रही। आज रात भर देखा गया टाटिया नगर से अमहट तक जाम लगा रहा। ऐसी स्थिति रोज होने जा रही है। उन्होंने आगे कहा जिला प्रोबेशन अधिकारी पर 15 लाख का गबन साबित है लेकिन उसके बाद भी उन्हें पद पर रखा गया है। कमीशन खोरी के चलते सड़कें महीने भर नहीं चल रही हफ्ते भर में उखड़ जा रही हैं। इसके विरोध में हम लोग सड़क पर उतरे हैं। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह संयोजक पर नगर पालिका की जमीन कब्जे के आरोप पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की जमीन कब्जाना भाजपा का पुराना खेल रहा है। उन्होंने कहा बहुत से नेताओं का नाम आया है जिन्होंने सरकार आते ही जमीन कब्जाया है। उन्होंने बताया प्रशासन से हमारी बात हुई है, हमें बताया गया है कि तहसील प्रशासन इसकी जांच कर रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही गई है, भाजपा नेता को कब्जे से रोका गया है। वहीं आज हुए प्रदर्शन में सपा के साथ नहीं होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये कोई पार्टी का घोषित कार्यक्रम नहीं था बल्कि ये लोकल इशू पर हम लोग सड़क पर उतरे हैं। कल जाम की शहर में स्थिति देखकर हम लोगों ने शाम को एकाएक कार्यक्रम बनाया उन लोगों से बात भी नहीं हो पाई। हम लोग 2019 से लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

## इमाम-ए मेंहदी के जन्मदिन पर हुआ महफिल का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर** शब-ए बारात के अवसर पर रविवार की रात चीनी मिल सैदपुर गांव में महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शिया समुदाय के बाहरवें इमाम हजरत इमामे मेंहदी पर शायरों ने कलाम पेश किए। बड़ी संख्या में लोग यहां कार्यक्रम में मौजूद रहे। महफिल में तक़रीर करते हुए मौलाना असगर नक़ी ने कहा कि इमाम-ए मेंहदी जिंदा हैं और हर वर्ष 15 शाबान की शब को शिया समुदाय के लोग उनका जन्मदिन मनाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इमाम-ए मेंहदी की गैबत के समय में जरूरी है कि हम सब एक दूसरे की मदद करें। आपसी खींचा तान से दूर एक सभ्य समाज बनाए। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। लोगों को माफ करना सीखे। उन्होंने कहा कि इमाम गैबत के पर्दे में जरूर हैं लेकिन वो आज भी हम सबकी मदद कर रहे हैं। हम उन्हें याद करें, उनसे मदद मांगे, उन्हें बुलाए लेकिन पहले अपनी दौलत और घर को पाक तो कर लें। महफिल का संचालन अजहर अब्बास ने किया। यहां जमीर सैदपुरी, डॉ ज़फ़र, मौलाना अमन, शब्बी, असकरी, अबूजर, आबिद, अज़मी आदि ने अपना कलाम पेश किया। कार्यक्रम में बब्लू रिजवी, नज़र इमाम, हाजी मुजाहिद अकबर, सईदुल हसन समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चकबंदी कार्यालय अमेठी में फाइलों का लगा ढेर, नहीं होता समय से निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

**✻ घूस के लिए चकबंदी विभाग फाइलों पर करते हैं लिंगर ऑन**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस नीति पर चकबंदी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पलीता लगाने में जुटे हैं। वे भ्रष्टाचार के आकंठ में इस तरह से लिपटे हुए हैं कि बिना रिश्वत के फाइलों का निस्तारण नहीं करते हैं। जिससे चकबंदी न्यायालय में फाइलों का अंबार लगा हुआ है। नियम कानून को ताक पर रखकर का चकबंदी अधिकारी अनैतिक व अवैध कार्यों में संलिप्त है। इसके साथ ही चकबंदी कार्यालय के अधिकारी ना ही समय से आते हैं, ना ही समय से वापस जाते हैं।उनके द्वारा मानव संपदा कोड द्वारा आन लाइन छुट्टी नहीं ली जाती। तहसील अमेठी के चकबंदी कार्यालय में अनियमितता का बोलबाला है। फाइलों का समय से निस्तारण न होने के कारण समस्याओं का अंबार खड़ा हो गया है। तहसील के चकबंदी अधिकारी बिना रिश्वत के कोई भी कार्य करना नहीं चाहते। रिश्वत मिलने पर अवैध कार्यों को वैध करने में माहिर हमेशा रिश्वत की जुगाड़ में लगे रहते हैं। रिश्वत न मिलने पर फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करने में आनाकानी करते रहते हैं।इस बारे में जब कानूनगो चकबंदी जावेद अहमद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब समय मिलेगा तब काम किया जाएगा।

उनके यहां फाइलें पिछले तीन महीनों से पड़ी हुई है। इसके साथ ही चकबंदी विभाग के लेखपाल मानव संपदा कोर्ट पर छुट्टी की अप्लाई नहीं करते। कानूनगो चकबंदी जावेद ने बताया चकबंदी अधिकारी पिछले कई दिनों से लगातार छुट्टी पर चल रहे हैं। जो अब नौ मार्च तक आएंगे। इनको इतनी लंबी छुट्टी किस अधिकारी के द्वारा दी गई। इसे बताने वाला कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने नहीं आ रहा है।

इसके साथ ही महिला लेखपाल बिना ऑनलाइन आवेदन के चकबंदी कार्यालय से अनुपस्थित रहती है। उनको कानूनगो जावेद का पूरा संरक्षण प्राप्त रहता है। इनके द्वारा जब सैंया भाई कोतवाल तो डर काहे का वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। उनकी इस कार्यशैली से अमेठी जनपद वासी पूरी तरह से हैरान व परेशान है।इस बारे में अधिवक्ताओं ने उनके कार्यशैली को लेकर सवाल उठाए हैं। और उनके ऊपर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को जब जन एक्सप्रेस टीम अमेठी के द्वारा शाम चार बजे चकबंदी कार्यालय अमेठी का दौरा किया गया तो आधे से अधिक कर्मचारी गायब थे। जिसमें महिला लेखपाल सहित सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य लोग कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए।

## आठ घंटे भीषण जाम में जूझते रहे सकैड़ो वाहन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अयोध्या-प्रयागराज और लखनऊ-बलिया हाइवे पर करीब आठ घंटे तक 5 किमी से ज्यादा लंबा जाम लगा रहा। वजह टाटिया नगर में गोमती पुल टूटना बनी। इसका सीधा असर शहर पर भी पड़ा। जहां रोडवेज तक पर यात्री इसके शिकार हुए। रविवार रात 10 बजे से कोतवाली नगर के गोलाघाट स्थित गोमती पुल के बाद से टेढ़ऊ और टाटिया नगर तक भीषण जाम देखने को मिला। ट्रक, टैंकर, ट्रेलर, बसें और चार पहिया वाहन इसमें हजारों की संख्या में फंसे रहे। बेतरतीब वाहन भी जाम में बाधा बने। नतीजा ये हुआ कि तड़के 3 बजे से लेकर 6 बजे तक शहर का बस स्टॉप, एसपी ऑफिस, डाकखाना चैराहा और शाहगंज चैराहा व अस्पताल रोड पूरी तरह से जाम की गिरफ्त में रही। सुबह कही 6 बजे के आसपास खुला। इस जाम में ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दिया। शहर से लेकर आउटर तक जाम लगा रहा लेकिन ट्रैफिक के सिपाही नदारद रहे। यही नहीं दीवानी मोड़, डीएम बंगले, गोलाघाट, टेढ़ऊई कही पर भी ट्रैफिक और पुलिस नजर नहीं आई।

## एक दूजे के हुए 328 जोड़े, सामूहिक विवाह योजना के तहत कराए गए सात फेरे



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 328 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन पीयूष उत्सव वाटिका गौरीगंज में किया गया।जिसमें कुल तीन सौ अठ्ठाईस जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि सोमवार को विकास खंडों भेटुआ, अमेठी, भादर, संग्रामपुर, गौरीगंज, जामों व शाहगढ़ विकास खण्डों में सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें दो सौ तिरानबे हिंदू तथा पैंतीस जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत राजेश अग्रहरि, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपजिलाधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, खण्ड विकास अधिकारी अमेठी,भेटुआ,भादर, संग्रामपुर व गौरीगंज तथा प्रबन्धक पीयूष उत्सव वाटिका अनूप पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### यूपीए चेयरपर्सन रायबरेली की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी ने एम्स का किया था शिलान्यासः अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली (मदन परिहार)।** आज एक खास बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री ने बताया कि दरियापुर की पवित्र भूमि जहां कभी भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी जी ने स्वयं मौजूद रहकर भूमिपूजन कर चीनी मिल की आधारशिला रखी थी, मिल बंदी के बाद उसी भूमि पर यूपीए 2.0 काग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने 900 बेड का एम्स स्वीकृत कर उसका बजट स्वीकृत किया और यूपीए चेयरपर्सन रायबरेली की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी ने भूमि पूजन कर एम्स का शिलान्यास किया और बहुतायत भवन का निर्माण भी हो गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार जाते ही मोदी सरकार ने पहले इस एम्स का बजट कम किया फिर 900 बेड के स्थान पर 600 बेड कर दिया। रायबरेली के बाद गोरखपुर का एम्स बना जो आज सभी सुविधाओं से युक्त है और रायबरेली का एम्स सुविधाओं की बाट जो रहा है। लोकसभा चुनाव की आहट आते ही प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी को रायबरेली याद आ गई इसके पहले पिछ्ले 10 वर्षो में रायबरेली में विकास की एक ईंट नहीं दिखी। रायबरेली की जनता बहुत ही समझदार है, वो सब कुछ जानती है, वक्त आने पर जवाब जरूर देगी।

### निस्वार्थ भाव से सेवाएं देने वाली संस्थाओं को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शहर के दीप पैलेस में संपन्न हुआ। भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने कहा जो संस्थाएं अपने स्वयं के संसाधनों से समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं उनसे संवाद स्थापित कर मुख्य पटल पर लाया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि निस्वार्थ सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्थाओं को सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अवसर प्रदान किए जाएँगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री शरद सिंह ने सामाजिक संस्थाओं से अपील किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीण अंचलों में जागरूकता अभियान चलायें। संचालन एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक स्वामी जितेन्द्र भारतीय द्वारा किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन करने वाली संस्था ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल, ठाकुर द्वारा मंदिर कमेटी, मानव सेवा संस्थान, सृजन संस्था, गुरु नानक देव प्याऊ समिति, रोटरी सेवा केंद्र, माधव सेवा संस्थान, जैक्स विश, सदभाव संगम सेवा समिति, राना बेनीमाधव स्मारक समिति, चेरी एनिमल वेलफ़ेयर सोसाइटी सहित 21 संस्थाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र अवस्थी, जगदीश चैनानी, कैलाशी राम प्रकाश श्रीवास्तव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रियंका अवस्थी, महेन्द्र अग्रवाल, ओंकार गुप्ता, अमिता खुबेले, अर्पित यादव, विनय सिंह, ख़ुशी सिंह, कमलजीत सिंह बग्गा, राकेश कक्कड़, विकास दीक्षित, धीरज श्रीवास्तव, दीपेन्द्र सिंह, संगीता पासवान सहित 42 समाजसेवियों का प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सह-संयोजक अमित श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आये हुये सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौक़े पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा अवस्थी, जिला मंत्री कृष्णा भारती, पूर्व सभासद सुरजीत कश्यप, मुकेश सिन्हा, पवन सिंह, राजेश सिंह, रुचिता सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उ. प्र. क्रिकेट एसोसिएशन ने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सत्र 2024-25 हेतु शुरू किया ऑनलाइन पंजीकरण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2024-25 मे क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए होने वाले सभी आयु वर्गों (महिला/पुरूष) में क्रिकेट खेलने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किये जा चुके हैं। पंजीकरण हेतु खिलाड़ियों को registration.upca.tv लिंक पर जाना होगा और सामान्य जानकारी के साथ अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया मैंनेजर मोहम्मद फहीम ने बताया की पूरे प्रदेश में क्रिकेट खिलाड़ियो के लिए सत्र 2024-25 के लिए पंजीकरण ऑनलाइन शुरू किये जा चुके है, जिसके अंतर्गत रायबरेली जोन मे आने वाले जनपदों प्रतापगढ़, अमेठी व रायबरेली के खिलाड़ियों को भी ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। खिलाड़ियो को पंजीकरण करते समय ऑनलाइन विंडो पर सभी जानकारियां भरनी होगी, एक मोबाइल नम्बर से एक ही खिलाड़ी पंजीकरण कर सकता है। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय खिलाड़ी का आधार नम्बर भर कर ओ.टी.पी. डालनी होगी इसके बाद मांगी गई सामान्य जानकारी के साथ खिलाड़ी को वतर्मान फोटो अपलोड करनी होगी उसके बाद पिता का नाम, ई-मेल आई.डी., पिता का मोबाइल नम्बर इत्यादि भरना होगा, इसके बाद खिलाड़ी को अपने डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र को अपलोड करना होगा उसके पश्चात खिलाडी को अपनी कैटेगरी (बल्लेबाज, गेंदबाज, ऑलराउंडर) भर कर फॉर्म सबमिट करना होगा है इसके बाद डाउनलोड करके खिलाड़ी को चालान मिल जाएगा।

### सात मार्च से लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा आरएसएम

**रायबरेली।** शिक्षकों की लंबित मांगों को विभाग की तरफ से निस्तारित नहीं किया जा रहा है। मांगों की अनदेखी को लेकर अब राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सात मार्च से धरना प्रदर्शन करने जा रहा है। आज एक बार फिर से बीएसए को ज्ञापन देकर संगठन ने अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षक/शिक्षिकाओं के अवशेष देयकों का भुगतान, अन्तर्जनपदीय शिक्षकों को वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य देयकों का भुगतान, एम0आर0सी0 शिक्षकों की उपस्थित प्रमाणित न किया जाना, जनपद के खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सेवा पंजिकाओं का अद्यतन न किया जाना, खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां द्वारा ब्लाक के शिक्षकों का शोषण उत्पीड़न आदि समस्याओं के निस्तारण सम्बन्धी विभिन्न ज्ञापन पत्र समय-समय पर आपके कार्यालय को प्राप्त कराए गए हैं लेकिन अभी तक समस्याओं का निस्तारण नहीं किया है। उन्होंने बताया कि आपसे व्यक्तिगत मिलकर निस्तारण की निरन्तर मांग संगठन के पदाधिकारी करते रहे है, लेकिन आप द्वारा समस्याओं को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता से निस्तारित न किये जाने के कारण जनपद का शिक्षक /संगठन के सदस्य अत्यन्त निराश हैं। संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने बताया कि बी0ई0ओ0 बछरावां द्वारा ब्लॉक के शिक्षकों का शोषण एवं उत्पीड़न की जांच कराए जाने के संबंध में, लेखा कार्यालय के पटल प्रभारियों द्वारा जनपद के शिक्षक/शिक्षिकाओं/ शिक्षणेत्तर कर्मियों के अवशेष देयकों का भुगतान कई महीनों तक लम्बित रखा जाना।

# दर्शनार्थियों को अयोध्या लेकर जा रही बस खड्ड में पलटी, दो गम्भीर

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

तेलंगाना प्रांत के हैदराबाद से अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे तीर्थ यात्री काशी विश्वनाथ का दर्शन कर अयोध्या वापस लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। तीर्थ यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। दुर्घटना में दो यात्रियों को गंभीर चोटे आई, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य मोतिगरपुर केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्री दूसरी बस से अयोध्या के लिए रवाना हुए। तेलंगाना के हैदराबाद से 38 यात्रियों का जत्था रामलला का दर्शन करने तीन दिन पहले ट्रेन से अयोध्या पहुंचा था। अयोध्या भ्रमण करने के बाद यात्रियों ने प्राइवेट बस बुक किया और काशी विश्वनाथ का दर्शन करने वाराणसी पहुंचे थे। रविवार देर रात यात्रियों से भरी बस वाराणसी से अयोध्या के लिए वापस लौट रही थी। टाटियानगर में पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते बस चालक लंभुआ से कूरेभार मार्ग होकर बस लेकर निकल रहा था कि सोमवार सुबह मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के करौदी गांव के पास बस अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। घटना के समय ज्यादातर यात्री नींद में थे। बस अचानक पलटने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हुए और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हैदराबाद जिले के अंबरपेट थाने के गोलनगर निवासी एन विनोद (48) पुत्र शंकर और मलकपेट थाने के सैदाबाद निवासी महेंद्र (30) पुत्र बेकटाना को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया गया।

## सर्वाइकल कैंसर विषय पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशानिर्देशन व अपर जिला जज/सचिव उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन जिला कारागार रायबरेली में निरुद्ध महिला बन्दियों के मध्य किया गया। इस आयोजित शिविर में जेल चिकित्साधिकारी डा0 सुनील अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि है जो गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होती है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय का निचला हिस्सा है जो योनि से जुड़ता है। इस आयोजित शिविर में उपकारापाल सुमैया परवीन तथा पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा भी उपस्थित महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।

# अवधी साहित्य द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




अमेठी नगर स्थित डाक बंगला में अवधी साहित्य संस्थान की ओर से कवि गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में कवियों की भूमिका अहम है। महाकवि गोस्वामी का श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। कवि गोष्ठी की शुरुआत कवियत्री राजकुमारी संसृति की वाणी वन्दना से हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राम वदन पथिक ने पढ़ा वतन को लूटने वाले नहीं दीपक जलाते हैं। कवि सुधीर कुमार रंजन ने पढ़ा जाति धरम सबसे बड़ा,मेरा भारत देश। तेजभान सिंह ने पढ़ा विछे हुए कांटों को देख मैंने खुद में जान लिया।शव्वीर अहमद सूरी ने पढ़ा हुस्न वाले बड़े बेवफा हो गये। अवधी मधुरस ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने पढ़ा झरि झरि नयना झरता हौ भीतरु भमकयइ आगि। चन्द्र प्रकाश पाण्डेय मंजुल ने पढ़ा ई कौनव महात्मा के रोसनी आटे। जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा सुना सखी संइयां नीम को छंयियां। सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा कभी जब मौत हारेगी तो सांसें जीत जायेगी।अजय अनहद ने पढ़ा मुठ्ठियां भरके वे नमक लाये घाव जिसको दिखाने वाले थे। दिवस प्रताप ने पढ़ा हर कोई दौलत का दम दिखा रहा है। राजेन्द्र शुक्ल, सुधा अग्रहरि, हरिशंकर मिश्र, उदयराज वर्मा आदि कवियों ने भी अपनी कविताओं से सबका मन मोह लिया।

# धूमधाम से मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



सदर अमहट के महल रिजार्ट में एम आई क्रिएटिव स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नातिया, तकरीर तथा नाटक आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक जनाब सहीम सिद्दीकी साहब ने मेहमानों का बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। समारोह के मुख्य अतिथि मौलाना जनाब उस्मान साहब कासमी व विशिष्ट अतिथि जिला जज जनाब मोहम्मद अशरफ अंसारी व जनाब शफ़क़त कमाल साहब रहे। अशफाक अहमद (पूर्व विधायक प्रत्याशी-आप पार्टी) ने कहा कि जनाब सहीम सिद्दीकी सुल्तानपुर में शिक्षा को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सुल्तानपुर में स्थित महुअरिया रोड गभडीया पर जल्द ही एमआई क्रियेटिव की ब्रांच खोलने की तैयारी है। जिससे क्षेत्र के बच्चों को बुनियादी व उच्च शिक्षा के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जनाब शकील अहमद ने कहा कि इस स्कूल में दीनी शिक्षा के साथ साथ उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप हिन्दी अंग्रेजी सहित अन्य विषयों की भी दी जा रही शिक्षा की सराहना की। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद ने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चों में संस्कार पैदा किया जा सकता है। अपने बच्चों को शिक्षित बनाकर एक सभ्य समाज का निर्माण करें और राष्ट्र निर्माण में समुचित सहयोग दे सकें। इस कार्यक्रम में आमिल सिद्दीकी साहब, शिक्षक निजाम खान, राशिद खान, लईक अहमद, मौलाना कसीम, मौलाना मकबूल, तौसीफ सुल्तानपुरी, मो.अतहर, सलीम इदरीसी, अलकमा नौमान, सुफियान, सुल्तान बिन उमर, अजीम साहब के अलावा जिले के कई हाफिज, मौलाना बच्चे और अभिभावक व जिले के कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## शबे-ए-बरात कब्रिस्तान में चिराग जलाकर पढ़ा फातेहा

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शबे-ए-बरात फजीलतों मगफेरत और गुनाहों के तौबा की रात है। इस रात में इबादत करके अपने और अपने बुजुर्गों पूर्वजो के गुनाहों की माफी और अपने सुख में जीवन के लिए दुआऐं मस्जिदों में की गयी में और उस दिन मॉगी गयी। दुआ जरूर पूरी होती है, इसलिए रात भर मस्जिदो में इबादत की गयी जिसे शबे कदर कहते हैं और कब्रस्तानों मे चेराग जलाकर फातेहा पढ़ कर सबके हक में और अपने देश के अमन और चैन के लिए दुआऐं की गयीं और यह कार्यक्रम सभी शिया इलाको में हुआ। सोमवार को बारहवें इमाम हजरत इमाम मेंहदी अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस पर खुशी मनाई गयी जो अभी जिन्दा हैं जिन्हें खुदा ने छुपा कर पर्दे ऐ गैब में रखा है। यह प्रोग्राम सोमवार को सुबह गोमती पुल पर किया गया और शाम को इमाम मेंहदी अलैहिस्सलाम के जन्म दिवस पर घरों पर रौशनी करके पटाखे दगा कर खुशी का इजहार किया गया।

# संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं और समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। विद्यालयों में सम्पन्न होने वाले कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के जीवन के हर पहलू पर समारात्मक प्रभावत डालते हैं। उक्त उद्गार रायबरेली शहर के ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्था संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल में सम्पन्न हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान नन्दन सिंह बोरा, निदेशक निफ्ट ने व्यक्त किये।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे व्यापार मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने छात्रों एवं विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है।

अतिथि के रूप में पधारे सिमहैन्स हॉस्पिटल के निदेशक डा0 मनीष चौहान ने कहा कि शिक्षा न हो तो मनुष्य के जीवन की कल्पना भी मुश्किल है। आई.टी.आई.लि. के यूनिट हेड राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समाज में शिक्षा का महत्व काफी बढ़ चुका है। शिक्षा के उपयोग तो अनेक हैं, परन्तु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है।

बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव का थीम इवोल्यूशन था। बच्चों ने थीम के साथ ही कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस श्रृंखला में बूम-बूम, आस्तिक, बंगाल, नृत्य, चार्लीग् चैपलनि, ताइकवांडो, माणिके, दहेज प्रथाम, खलासी, इसरो, सेवेन स्टेजेस आफ लाइन, आलसी नृत्य, इतिहास नृत्य, टूटिंग, हरियाणवी नृत्य, भारत का इतिहास, हास्य, नृत्य, ख्वाजा मेरे ख्वाजा, शिव तांडव, सरस्वती वंदना, रघुवन आदि थे, जिनमें अद्रिका, अरनव, देवांशी, संस्कृति, पारूल, काव्या, समीक्षा, अनुष्का, पल्लवी, वैशणवी, शिखर, शिवन्य आदि बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के निदेशक अभिषेक निरंजन एवं नीरज वर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डा0 श्रुति त्रिपाठी, डा0 ओमिका चौहान, ए.के. सिंह सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अकबरनगर बस्ती पर चला बुलडोजर

## ड्रोन से इलाके की निगरानी, रोते हुए महिला बोली, 50 साल से रह रहे थे, अब कहां जाएंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ के अकबरनगर बस्ती पर सोमवार दोपहर में बुलडोजर चला। ये कार्रवाई एलडीए के आदेश पर हुई। कार्रवाई के दौरान एलडीए समेत जिला प्रशासन और नगर निगम के अफसर मौके पर मौजूद रहे। 5 बुलडोजर से मकानों को ध्वस्त किया गया। सबसे पहले पोकलेन से झोपड़-पट्टियों को हटाया गया। उसके बाद बुलडोजर से मकानों को गिराने का काम शुरू हुआ। मकान गिरता देख महिलाएं और बच्चे रोने लगे। लोग अपने घरों से सामान लेकर इधर-उधर भागने लगे। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी फोर्स तैनात की गई थी। पूरी कार्रवाई ड्रोन की निगरानी हुई।

### रिवर फंट के चलते प्रशासन ने उठाया कदम

दरअसल, कुकरैल नदी को छोटे रिवर फ्रंट के तौर पर विकसित किया जाना है। इसलिए ये कार्रवाई की जा रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया, 78 मलिन बस्तियों को आज हटाया जाएगा। अकबरनगर द्वितीय में बंधे के किनारे बनी झोपड़-पट्टियों में रहने वाले लोगों को वसंत कुंज योजना में बनी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जा रहा है। फिलहाल 5000 रुपए लेकर इनको वहां पर आवास दिया जा रहा है। फिर इनसे एलडीए किस्तों में पैसा जमा करवाएगा। सोमवार सुबह 42 लोगों को मकान अलॉट किया गया।

### लोग बोले, 50 साल से यहां रह रहे थे, अब कहां जाएंगे

बुलडोजर से शकुंतला का मकान भी गिराया गया है। उन्होंने रोते हुए कहा, हमारा परिवार 50 साल से यहां पर रह रहा था। प्रशासन को पहले हमें कहीं शिफ्ट कर देना चाहिए था उसके बाद मकान तोड़ते तो बात समझ में आती। अब हम कहीं जा भी नहीं सकते। पूरी रात यहीं पड़े रहेंगे। हमारे बच्चे रो रहे हैं। सरकार बताए अब हम कहां जाएं।

### नक्शा और प्रोजेक्ट डीपीआर बनने के बाद ही तय होगा

कुकरैल नदी को छोटे रिवर फंट के तौर पर विकसित किया जाना है। प्रशासन का कहना है कि कुकरैल नदी के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। इसलिए अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि सौंदर्यीकरण के लिए शासन से अभी कितना बजट मिलना है यह तय नहीं हुआ है। पूरा नक्शा और प्रोजेक्ट डीपीआर बनने के बाद ही तय होगा।

### तीन पीढ़ी से लोग रहते आ रहे हैं

अकबरनगर के लोगों ने बताया कि पिछले 3 पीढ़ी से लोग यहां रहते आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि अभी तक हम लोग बिजली, पानी, सीवर का बिल भरते आए हैं। यहां तक कि सरकारी खर्च में यहां सड़क बनी है। मतदाता सूची में यहां के लोगों का नाम है। विधायक से लेकर मंत्री तक यहां आते रहे हैं। अब यह जगह अचानक अवैध अतिक्रमण में कैसे शामिल हो गई है।

### जो कोर्ट नहीं गए थे, उन्हीं पर कार्रवाई

इससे पहले भी 1000 के करीब घर-दुकान गिराए जा चुके हैं। इसके खिलाफ लोग कोर्ट गए थे। लेकिन, 277 लोग ऐसे हैं जो कोर्ट नहीं गए। पिछले दिनों हाईकोर्ट की तरफ से यह निर्देश दिया गया था कि जिनके मामले कोर्ट में नहीं हैं, अगर उनके निर्माण अवैध हैं तो प्रशासन अपने नियम के अनुसार कार्रवाई कर सकता है। ऐसे ही 277 घर-दुकान को एलडीए ने चिह्नित किया है, जिन्होंने कोर्ट में कोई आपत्ति नहीं दाखिल की है। इन 277 लोगों के घर-दुकान गिराए जा रहे हैं। यहां पुलिस ने ट्रैफिक रूट भी बदल दिया है। ट्रैफिक पुलिस की मदद से ट्रैफिक डायवर्जन भी संबंधित इलाकों में सुबह ही कर दिया गया है।

# भक्तिगीत व संगीतमय कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से समर्पण सेवा संस्थान की तरफ से गोमती नगर लखनऊ द्वारा बाल रंगमंच उत्सव पर आधारित रंगमंच कार्यक्रम बाल्मीकि रंगशाला उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर में रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने गोमती नगर लखनऊ के पीछे घर में कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित दीक्षित श्रेष्ठ लेखक अभिनेता निर्देशक और नौटंकी विशेषज्ञ उपस्थित हुए, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल करके किया गया उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य ज्ञान, नाटक, गीत, की सुंदर प्रस्तुति बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, विभिन्न विधाओं से सुसज्जित लोकगीत की प्रस्तुति नृत्य कला के साथ लोग गायक संतोष जीतू सिंह लोक गायिका ने प्रस्तुत करते हुए ज्ञान वादन और नृत्य कला का संगम के कार्यक्रम में देखने को मिला बाल कलाकारों ने देशभक्ति और सोशल मीडिया पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया बच्चों ने देशभक्ति गीत ,भजन लोक गीत, सुंदर प्रस्तुति रेखा ,गीता ,नीलू ने किया, कर्णप्रिय लोकगीतों के श्रृंगार रस, भरपूर गीतों से दर्शक दीर्घा में मन अत्यधिक प्रभावित रहा और बाल कलाकारों समेत सभी का स्वागत अभिनंदन व आभार संस्था की अध्यक्ष अपने समूह के साथ प्रशंसा किया, मंच का संचालन रामदयाल मौर्य प्रबंधक प्रकाश बल इंटर कॉलेज गोमती नगर लखनऊ ने किया ,मुख्य रूप से आयोजन मधु शर्मा स्वयं व अपने समूह आदि के साथ उपस्थित रहें मुख्य अतीत समेत सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

# राज्यसभा चुनाव में मतदान आज

## भाजपा ने आठवीं तो सपा ने तीसरी सीट के लिए झोंकी ताकत, सीटें 10, प्रत्याशी 11



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए मतदान मंगलवार को होगा। भाजपा के आठ और सपा के तीन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। भाजपा ने आठवीं और सपा ने तीसरी सीट जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। राज्यसभा चुनाव के लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान होगा। मतदान के लिए तीन बूथ बनाए गए हैं। मतदाता सचिवालय के गेट नंबर सात से प्रवेश करेंगे। विधान भवन के कक्ष नंबर 80 से मतदाता पर्ची प्राप्त कर मतदान के लिए तिलक हाल जाएंगे। तिलक हॉल में मतपत्र पर निर्वाचन आयोग के विशेष पेन से मतदान करेंगे, शाम 5 बजे से मतगणना होगी। भाजपा की ओर से सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, नवीन जैन, तेजवीर सिंह, संजय सेठ, साधना सिंह और संगीता बलवंत बिंद प्रत्याशी हैं। जबकि सपा ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और आलोक रंजन को मैदान में उतारा है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पास एनडीए के घटक दलों के साथ समर्थित दलों के कुल 287 विधायकों का वोट है। जबकि पार्टी को वर्तमान स्थिति में आठ सीटें जीतने के लिए 296 मतों की आवश्यकता है। ऐसे में पार्टी को 9 अतिरिक्त मत चाहिए। वहीं सपा को तीन सीटें जीतने के लिए 111 मतों की आवश्यकता है। जबकि सपा के पास कांग्रेस के दो विधायकों सहित कुल 108 वोट ही हैं। ऐसे में सपा को तीसरी सीट जीतने के लिए तीन अतिरिक्त वोट चाहिए। सूत्रों के मुताबिक दोनों ही दलों ने एक दूसरे के खेमे में सेंधमारी ही हर संभव कोशिश की है। किसका प्रयास सफल रहता है यह मंगलवार रात मतगणना के बाद ही सामने आएगा।

### सपा के पांच विधायक भाजपा के संपर्क में

भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि पार्टी और सरकार के शीर्ष लोगों ने आठवीं सीट जीतने के लिए सपा के पांच विधायकों से संपर्क किया है। विधायकों को उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रखने के साथ हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया जा रहा है। मुश्किल की घड़ी में भाजपा का साथ देने वाले सपा विधायक को विधानसभा में डिप्टी स्पीकर का पद भी दिया जा सकता है। सपा सरकार में मंत्री रहे एक दल के मुखिया भी वोटों का गणित भाजपा के पक्ष में करने में जुटे हैं। भाजपा को सपा विधायक राकेश पांडेय का भी मत मिलने की उम्मीद है। वहीं बसपा विधायक उमाशंकर सिंह का वोट भी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मालूम रहे कि राज्यसभा चुनाव-2018 में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तत्कालीन सपा विधायक नितिन अग्रवाल को योगी सरकार ने विधानसभा में डिप्टी स्पीकर बनाया था। उसके बाद 2022 में उन्हें भाजपा से टिकट दिया गया। नितिन योगी सरकार में आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं।

# यूपी के स्वास्थ्य विभाग में एआई का इस्तेमाल होगा

## आईआईटी कानपुर, एसबीआई और एफआईसीसीआई के साथ एमओयू हुआ, मरीजों को फायदा मिलेगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ के एनेक्सी भवन सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने 3 एमओयू साइन किए। आईआईटी कानपुर, एसबीआई और एफआईसी सीआई के साथ समझौता पत्रों को हस्ताक्षरित किया गया। साइनिंग इवेंट के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। इस दौरान टेली मेडिकल सेवाओं में सुधार, एआई तकनीकि का इस्तेमाल, गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा सहित कई अहम बिंदुओं पर सहमति बनी।

### हेल्थ सेक्टर बनेगा हाईटेक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि आईआईटी कानपुर के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में टेली मेडिसिन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉल्यूशंस, विभिन्न कार्यक्रमों में सुधार के लिए पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक्स, जन स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए डाटा आधारित डिसीजन मेकिंग फ्रेकवर्क के साथ आपसी सहयोग से कार्ययोजना शामिल हैं। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजीटल इंटरफेस ई-रूपी वाउचर का प्रभावी प्रयोग शामिल है।

### इन क्षेत्रों में काम करने पर बनी सहमति

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ हस्ताक्षरित एमओयू में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास, टेली कंसल्टेशन सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, रोग निदान के लिए हब-स्पोक मॉडल में सहयोग प्रदान करना, डीवीडीएमएस पोर्टल का प्रभावी उपयोग और समुदाय आधारित प्लेटफॉर्म को सुदृढ़ करना शामिल किया गया है। इस दौरान राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हमारा वोट भाजपा को जाएगा : राजा भैया

## राजभर का दावा, बीजेपी का 8वां प्रत्याशी भी जीतेगा, संजय सेठ बोले, हमारे पास संख्या बल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में जनसत्ता दल के प्रमुख राजा भैया राज्यसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। सोमवार को उन्होंने लोकभवन में मीडिया से बातचीत में इसका खुलासा किया। उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल के दो वोट भाजपा को जाएंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी जीत रहे हैं। हमारे पास संख्या बल है। वहीं भाजपा के 8वें उम्मीदवार संजय सेठ ने कहा कि संख्या बल उनके पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग साथ आ रहे हैं। सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर ने भी दावा किया है कि भाजपा के 8वें उम्मीदवार संजय सेठ भी चुनाव जीतेंगे। सपा पार्टी ही उन्हें जीता रही है। वह बंपर वोट से जीतेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने कहा कि हमें कहीं सेंधमारी करने की आवश्यकता नहीं है। लोग अपने आप ही हमारे साथ आ रहे हैं। आरएलडी के सभी विधायक आज आए हैं। दरअसल, राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हैं। यूपी कोटे से राज्यसभा की 10 सीटें खाली हुईं थीं। भाजपा ने 8 जबकि सपा ने 3 प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने सोमवार को लोकभवन में मॉक पोल के लिए एनडीए के सभी विधायकों को बुलाया था। विधायकों को ट्रेनिंग दी गई है कि उन्हें कल कैसे वोट करना है। सुबह हुई मॉक पोलिंग में 2 वोट इनवैलिड हुए थे, अब उन्हें फिर से बताया जाएगा कि कैसे वोट करना है। इसके लिए एक बार फिर एनडीए के विधायक लोकभवन पहुंचे हैं।

### राजा भैया के दो वोट से बीजेपी प्रत्याशी मजबूत हुए

यूपी में राज्यसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी के 2 वोट बेहद अहम बताए जा रहे हैं। इससे भाजपा के 8वें प्रत्याशी की जीत की राह आसान हुई है। राजा भैया सुबह ही भाजपा की बैठक में लोकभवन पहुंच गए थे। सोमवार सुबह ही ओपी राजभर ने राजा भैया के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। इसके बाद यह स्थिति स्पष्ट हो गई कि राजा भैया की पार्टी का वोट अब भाजपा के पास हो जाएगा। राजभर अपनी पार्टी के 3 विधायकों के साथ भाजपा की ट्रेनिंग में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

### रालोद के 7 विधायक भी शामिल हुए

रालोद के 7 विधायक भी लोकभवन पहुंचे हैं। यह विधायक भी राज्यसभा से पहले बुलाई गई बैठक में शामिल हुए। रालोद के पास अभी 9 विधायक हैं, लेकिन 7 विधायक ही लोकभवन पहुंचे। 2 विधायकों के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि रालोद के सभी विधायक आज हमारे साथ आए हैं। इससे पहले, रविवार को रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने मथुरा में अपने आवास पर पार्टी के सभी विधायकों के साथ बैठक कर राज्यसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की थी।

### सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगी वोटिंग

27 फरवरी मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्यसभा के इस चुनाव में चुनावी प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा ने सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को सौंपी गईं है।

# नव चयनित 211 अवर अभियन्ताओं सिविल को ऐच्छिक विकल्प पर दी गई तैनाती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती एवं पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता
- परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर निष्ठा एवं लगन से करें दायित्वों का निर्वहन: स्वतंत्र देव

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवंपारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की प्रक्रिया मे कहीं किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अवर अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। आप सभी की नियुक्ति से लेकरपदस्थापन तक की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीक़े से हुई है।सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें कल देर शाम तेलीबाग स्थित डा राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन के सभागार में आयोजित पदस्थपन कार्यक्रम में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से नवचयनित अवर अभियंताओं सिविल की ऐक्षिक विकल्प आधारित पारदर्शितापूर्ण पदस्थापन के अवसर पर कही।जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नवनियुक्त अवर अभियंता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं, किसानो की आय बढ़ाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी देश एवं प्रदेश का भविष्य हैं, देश एवं प्रदेश को आगे ले जाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

पदस्थापन कार्यक्रम में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नव चयनित अवर अभियन्ता सिविल की पारदर्शीपूर्ण व्यवस्थान्तर्गत अभियंताओं को उनके ऐच्छिक विकल्प के आधार पर पदस्थापना किया गया। ऐच्छिक विकल्प चयन पर आधारित प्रक्रिया द्वारा पदस्थापना पर नवनियुक्त अभियंताओं सिविल द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, प्रमुख अभियंता परियोजना अखिलेश सचान सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आचार संहिता लगने से पहले हो पेंशन बढ़ोतरी की घोषणा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति और अपट्रान वीआरएस कर्मचारी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनरों की सभा टिकैतराय तालाब राजाजीपुरम में संपन्न हुई।सभा में पेंशन आंदोलन में अपट्रान कर्मियों की अहम भागीदारी की सराहना करते हुए कहा गया है कि मोदी सरकार को मानवीय आधार पर न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए महीना, महंगाई भत्ता और फ्री मेडिकल सुविधा की घोषणा चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व तत्काल कर देनी चाहिए। सभा में राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने पिछले दिनों दिल्ली में अनशन के बाद सांसद हेमा मालिनी की पहल पर श्रम मंत्रालय, ईपीएफओ और एनएसी के वरिष्ठ पदाधिकारी की मीटिंग का पूरा ब्यौरा दिया ।जिसमें पेंशन बढ़ोतरी के प्रस्तावों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श हुआ था और पेंशनरों को फिलहाल अंतरिम राहत देने के संकेत मिले थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी ने कहा कि दिल्ली में जो कार्रवाई चल रही है उससे उम्मीद है कि जल्दी पेंशन बढ़ोतरी की घोषणा हो जानी चाहिए।सभा में अपट्रान कल्याण समिति की महिलाएं एवं पुरुष पेंशनर बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा को एनएसी के प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर , संगठन मंत्री राजेश द्विवेदी, मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे,अचल मेहता, वि पी सिंह, मुकेश भटनागर, गीता वर्मा सुनीता सोनकर,अखिलेश दयालआदि अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सभा का संचालन संयुक्त सचिव आर एन द्विवेदी ने किया।सभा में निर्णय लिया गया कि एन ए सी द्वारा आंदोलन के लिए जो निर्देश दिए जाएंगे अपट्रान कल्याण समिति उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी और जब तक पेंशनरों की मांगे पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

# दिव्यांगजन मंत्री ने वाराणसी में किया दिव्य कला समागम का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- डबल इंजन की सरकार दिव्यांगजनों के हितों का रख रही है ध्यान: कश्यप
- नरेंद्र कश्यप ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का किया वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 समाजसेवी संस्थाओं एवं दिव्यांगों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को जनपद वाराणसी में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दिव्य कला समागम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करके किया। दिव्यांगजन मंत्री द्वारा दिव्य कला समागम में प्रदेश स्तर से आये हुये लगभग 40 स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा दिव्यांगजनों द्वारा हस्त निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद व बुक स्टाल की प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिव्यांगजनों व स्वैच्छिक संस्थाओं का हौशला आफजाई किया। दिव्यांगजन मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के दिव्यांगजनों को नई दिशा मिल रही है। दिव्यांगजनों की पेंशन 300 रूपये से बढ़ाकर 1000 रूपये प्रतिमाह करके उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रही है, दिव्यांगज इन योजनाओं में आवेदन कर इसका लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को निशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान कराने हेतु डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट संचालित किया जा रहा है। उनके द्वारा दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना को नियमित करने के सम्बंध में घोषणा की गई। दिव्यांगजन मंत्री ने कार्यक्रम में बाहर से आये हुये स्वैच्छिक संस्थाओं एवं जिले के स्वैच्छिक संस्थाओ के दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद एवं एयर फोर्स के कैडेट, व्यापार मण्डल के सदस्य लोग एवं जिले से आये हुये अभिभावको एवं बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों से आग्रह किया कि तीन दिवसीय मेले मेंअधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करके दिव्यांग जनों द्वारा निर्मित उत्पाद को खरीद करके दिव्यांगजनों का उत्साह वर्धन करें एवं दिव्य कला समागम के आयोजन को सफल बनाये। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों को 230 सहायक उपकरण ट्राइसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट का वितरण तथा बचपन डे केयर सेन्टर के दिव्यांग बच्चों को यूडीआईडी कार्ड एवं रेलवे पास प्रदान किया। मोफतलाल फाउडेशन के तहत अमरावती बहुउद्देशीय दिव्यांग विकास संस्थान में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त की हुई 42 दिव्यांग महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 समाजसेवी संस्थाओं एवंदिव्यांगो को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान किया। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधीनप्रशिक्षण प्राप्त किये हुये 200 विधार्थियों को ''ओ लेवल'' सर्टिफिकेट प्रदान किया।

# राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन 2024: रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी किए मतदाताओं के लिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्यों द्वारा राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए मतदान 27 फरवरी को प्रातः 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक तिलक हॉल, नवीन भवनबलखनऊ में होना है। बृज भूषण दुबे रिटर्निंग ऑफिसर एवं विशेष सचिव विधान सभा ने यह जानकारी देते हुए मतदान में मतों को दर्ज करने हेतु मतदातागणों के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। बृज भूषण दुबे ने कहा है कि मतदान के प्रयोजन के लिये रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिये गये बैंगनी स्कैच पेन का केवल प्रयोग करें जो कि मतपत्र के साथ दिया जायेगा। किसी अन्य पेन, पेन्सिल, बॉल पाइन्ट पेन या किसी अन्य मार्किंग यंत्र का प्रयोग न करें, क्योंकि उससे मतपत्र अमान्य हो जायेगा। उम्मीदवार के नाम के सामने, जिसे अपनी पहली वरीयता देकर चुनना चाहते हैं, किये गये वरीयता का क्रम चिन्हित स्तम्भ में । अंक रखते हुये मत दें। यह । अंक केवल एक उम्मीदवार के नाम के सामने रखा जायेगा। यद्यपि निर्वाचित उम्मीदवारों की संख्या एक से अधिक है, तो भी। अंक केवल एकउम्मीदवार के नाम के सामने रखा जायेगा। निर्वाचित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर विचार किये बिना जितने निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार है, उतनी वरीयता है। उदाहरणार्थ यदि पांच लड़ने वाले उम्मीदवार है, केवल दो का निर्वाचन होना है मतदाता अपनी पसन्द के अनुसार अपनी वरीयता के क्रम में उम्मीदवारों के सामने 1 से 5 तक वरीयता चिन्हित कर सकते हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कांग्रेस के साथ गठबंधन कर केजरीवाल पलटूराम बन गये

**अब केजरीवाल कांग्रेस के साथ फिर चले गये। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार नहीं बल्कि केजरीवाल भारतीय राजनीति के सबसे बड़े पलटूराम हैं। हम आपको याद दिला दें कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के दौरान केजरीवाल रोजाना कांग्रेस और भाजपा के तमाम नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र जारी किया करते थे और उन्हें जेल भेजने की मांग किया करते थे लेकिन समय बदला और भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने वाले केजरीवाल, उनकी सरकार और आम आदमी पार्टी के कई नेता खुद भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में आ गये।**

*इंडिया गठबंधन के दो घटक दलों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी मगर पंजाब में दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यह कुछ उसी तरह है जैसे बंगाल और त्रिपुरा में तो कांग्रेस और वामपंथी दल साथ-साथ चुनाव लड़ते हैं मगर केरल में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंकते हैं। देखा जाये तो ऐसे गठबंधन किसी विचारधारा के मेल के चलते नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के खेल के चलते बनते हैं। इसलिए जनता को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि जो एक राज्य में एक दूसरे के खिलाफ हैं उनका दूसरे राज्य में एक मंच पर दिखना धोखे के समान है। जो एक राज्य में एक दूसरे की नीतियों के आलोचक हैं वह दूसरे राज्य में मिलकर कभी जनता का भला नहीं कर सकते। आप भारत में ही नहीं किसी भी देश का राजनीतिक इतिहास उठा कर देख लीजिये %एक जगह लड़ाई और दूसरी जगह सगाई% का फॉर्मूला कभी चुनावी जीत भी हासिल नहीं कर पाया और जनता का भला भी नहीं कर पाया। ऐसे गठबंधन हमेशा सिर्फ चुनावों के समय बनते हैं और उसके बाद एक दूसरे पर आरोप लगा कर टूट जाते हैं। विश्वास ना हो तो जरा इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच गहरे तक समाये अविश्वास को देखिये। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के ऐलान के बाद गुजरात, दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन का ऐलान किया गया। इस दौरान खास बात यह रही कि दोनों जगह गठबंधन का ऐलान बड़े नेताओं से नहीं बल्कि पार्टियों की दूसरी या तीसरी पंक्ति के नेताओं से कराया गया। यही नहीं, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन का ऐलान करने के लिए जो प्रेस कांफ्रेंस हो रही थी उसका दोनों ही पार्टियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव प्रसारण भी नहीं किया जबकि दोनों ही पार्टियां हर छोटी-बड़ी प्रेस कांफ्रेंस का लाइव प्रसारण लिंक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करती हैं। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना भारतीय राजनीति का एक बड़ा और महत्वपूर्ण घटनाक्रम है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। आम आदमी पार्टी गुजरात विधानसभा चुनाव परिणाम से पहले तक एक क्षेत्रीय दल थी। इस लिहाज से देखें तो यह एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय दल है जिसने कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को सर्वाधिक राजनीतिक नुकसान पहुँचाया। लेकिन कांग्रेस की मजबूरी देखिये कि उसने उसी आम आदमी पार्टी के साथ समझौता कर लिया। देखा जाये तो इस गठबंधन से अरविंद केजरीवाल की राजनीति और नीयत पर भी सवाल उठे हैं। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर पहली जीत हासिल की थी। लेकिन पहली बार में ही जब उन्हें सरकार बनाने में सहयोग की जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली थी। बाद में जब 49 दिनों की सरकार चलाकर केजरीवाल ने इस्तीफा दिया था तब जनता से माफी मांगते हुए कहा था कि मैंने गलती की और अब आगे कभी कांग्रेस का समर्थन नहीं लूंगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जन सशक्तता के लिहाज से प्रमोद सावंत ने अपने पहले कार्यकाल में ही कई योजनाएं शुरू कर दी थी, जिसमें से स्वयंपूर्ण गोवा मिसाल है। प्रमोद सावंत ने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रिसिटी फॉर आल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर आल, हेल्थ फॉर आल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर आल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। गोवा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इतना ही नहीं भारतवर्ष में गोवा पहला राज्य है, जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं।**

# 'सन-सैंड-सी' संग राष्ट्रवाद भी जुड़ा गोवा के साथ



आर.के. सिन्हा

**दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने और उसका दुखदर्द दूर करने के लिए अंत्योदय की परिकल्पना प्रस्तुत की थी। दीनदयाल उपाध्याय ने गोवा मुक्ति आंदोलन को दिशा दी थी। आज आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह गोवा की राज्य सरकार काम कर रही है।**

गोवा अपनी छवि का विस्तार करने का संकल्प ले चुका है। उसकी चाहत है कि उसे उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा भी उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक ऐसी धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। चूंकि गोवा पर लम्बे समय तक पुर्तगाली शासन रहा है, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्चर को देखकर समझ आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया। पुर्तगालियों ने यहाँ की संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन यहाँ की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी कि धर्मांतरण के बाद भी वो मिट नहीं पाई। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री खुद कई बार यह कह चुके हैं कि गोवा को लेकर एक खास तरह की इमेज बना दी गई है। यह संत सोहिरोबनाथ आंबिये, आद्य नाटककार कृष्णभट्ट बांदकर, सुरश्री केसरबाई केरकर, आचार्य धर्मानंद कोसंबी और पद्म विभूषण रघुनाथ माशेलकर जैसी विभूतियों की धरती है। गोवा का जुझारूपन, संघर्ष इतिहास की किताबों में भी परिलक्षित होता है। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। जिसकी वजह से यह कहा जाए कि सबसे बड़ा कन्वर्जन गोवा में हुआ तो गलत नहीं होगा। इतना सबकुछ होने के बावजूद गोवा वह राज्य है जिसने मंदिरों का पुनर्निमाण कराया। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया था। प्रमोद सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर को भी री-डवलप करने का बीड़ा उठाया है। आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की यह कवायद गोवा की सूर्य, रेत और समुद्र या 'सन, सेंड और सी' की पहचान को नया आयाम देने वाली साबित होगी। गोवा के लोग सरकार के इस कदम से कितने उत्साहित हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय निवासी खुद मंदिरों की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुर्तगालियों के 450 साल के शासन में गोवा में लगभग 900 से अधिक मंदिर तोड़े गए। आध्यात्मिकता की राह पर आगे बढ़ता गोवा आज विकास के विभिन्न पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्वयंपूर्ण गोवा मिशन जमीनी स्तर पर जन सामान्य को सशक्त कर रहा है। जन सशक्तता के लिहाज से प्रमोद सावंत ने अपने पहले कार्यकाल में ही कई योजनाएं शुरू कर दी थी, जिसमें से स्वयंपूर्ण गोवा मिसाल है। प्रमोद सावंत ने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रिसिटी फॉर आल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर आल, हेल्थ फॉर आल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर आल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। गोवा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इतना ही नहीं भारतवर्ष में गोवा पहला राज्य है, जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए एक नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू हो गई है। गोवा अब किरोसिन मुक्त राज्य है। गोवा, शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला भी देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं बल्कि 13 हैं, जिन्हें लागू करने में गोवा अग्रणी है। कभी दूध से लेकर कृषि उत्पादों तक के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहने वाला गोवा आज आत्मनिर्भरता की राह पर सतत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 2047 तक विकसित गोवा का आह्वान किया है। गोवा सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट और ह्यूमन रिसोर्स डवलपमेंट पर लगातार कार्य कर रही है। आईटी, आईआईटी सेक्टर के लिए ह्यूमन रिसोर्स तैयार करने के लिए विशद योजनाएं बनाई जा रही है। गोवा को साफ्टवेयर पॉवर के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है। आज गोवा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। गोवा की एंटी नारकोटिक्स सेल बहुत सक्रिय है। गोवा आध्यात्मिकता के साथ वेलनेस टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रहा है। राज्य सरकार को केंद्र सरकार की ओर से भी सबसे ज्यादा मदद मिल रही है। इसका भी फायदा राज्य के आर्थिक विकास में मददगार बना है। गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से छोटा राज्य होने पर भी कई मामलों में बड़े-बड़े राज्यों से बहुत आगे है। गोवा क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। गोवा की प्राकृतिक सुंदरता के अलावा यहाँ के प्रसिद्ध तट और सूर्य की धूप पर्यटकों को गोवा की ओर खींचती है। यहां के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति व्यवहार भी बहुत दोस्ताना रहता है। इस बीच, प्रमोद सावंत का अपनी कैबिनेट के साथ बीती 15 फरवरी को अयोध्या में रामलला के दरबार में हाजिरी लगाना भी महत्वपूर्ण रहा।



**गोवा की प्राकृतिक सुंदरता के अलावा यहाँ के प्रसिद्ध तट और सूर्य की धूप पर्यटकों को गोवा की ओर खींचती है। यहां के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति व्यवहार भी बहुत दोस्ताना रहता है। इस बीच, प्रमोद सावंत का अपनी कैबिनेट के साथ बीती 15 फरवरी को अयोध्या में रामलला के दरबार में हाजिरी लगाना भी महत्वपूर्ण रहा।**

## एक्सप्रेस कविता

*खुशबू की मीठी बयार क्या कहें*
*बारिश की रिमझिम फुहार क्या कहे।*
*नम्र दूबों पर ओश की चमका'क्या कहे*
*फूलों की महक ,कलियाँ लचकदार क्या कहें।*
*नम पंखुड़ियों पर आसमानी रंग क्या कहे।*
*झूमती लताओं पर जिंदगी का रंग क्या कहे।*
*होठों पर खुशी महकी महकी सी क्या कहे।*
*फूलों का गुलाबी रंग चेहरे पर क्या कहे।*
*हंसी की शुरुआत खुशी की बारात क्या कहे।*
*महकते जज्बात कलियों की सौगात क्या कहे।*
*चमेली की महक,लताओं का साथ क्या कहें।*
*चाँदनी रात में सितारों की सौगात क्या कहे।*
*फूलों की कलियों से चुपके बात क्या कहे।*
*लताओं का पुष्पों के संग प्रेमालाप क्या कहे।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***भाग्य पसीने का लाभांश है आप जितना अधिक पसीना बहाएंगे, आप उतने ही अधिक भाग्यशाली होंगे***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 25:53 तक |
| नक्षत्र: | हस्ती 31:28 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | शुला, 16:20 |
| सूर्योदय: | 06:52 |
| सूर्यास्त: | 18:15 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 15:24-16:50 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:11 -12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### ना चलती अब मर्ज़ी !

*था पहले चौंकाया ।*
*आगे भी चौंकाना ।।*
*दे रहे हैं लिख कर ।*
*मौसम है सुहाना ।।*
*खेद और नाराज़गी का ।*
*अंत है हो जाना ।।*
*ना करनी है कार्रवाई ।*
*गाना आगे गाना ।।*
*शह और मात तो ।*
*हर पल चलने वाला ।।*
*ना चलती अब मर्ज़ी ।*
*अंदाज़ हुआ निराला ।।*
*मिट गया है संशय ।*
*हुई दुविधा दूर ।।*
*भले लगी है देर ।*
*मंथन पर भरपूर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मोबाइल के रेडिएशन से हो सकता है शिशु को नुकसान

**आजकल** के लोगों के पास वक्त की कमी है। जो वक्त है भी तो वो मोबाइल और लैपटॉप की स्क्रीन देखने में गुजर रहा है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के डाटा के अनुसार दुनियाभर में 2022 तक हर इंसान दिन के लगभग 19 घंटे मोबाइल पर बिता रहा था। लोग अपने दिन की शुरुआत मोबाइल पर मैसेज पढ़ते हुए करते हैं। इतना ही नहीं रात को सोने से पहले भी लोगों का दिमाग मोबाइल पर ही फोकस रहता है। आम लोग अगर मोबाइल पर बिजी रहे तो चलता है, लेकिन एक न्यू मॉम पूरा दिन फोन पर बिजी रहे तो बच्चे को नुकसान हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि प्रेग्नेंसी में अगर महिलाएं ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करें तो यह गर्भ में पलने वाले शिशु को नुकसान पहुंचा सकता है। वहीं, छोटे बच्चों के सामने मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल किया जाए तो यह उनके दिमाग को क्षति पहुंचा सकता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे मोबाइल के इस्तेमाल से शिशु क्या-क्या नुकसान हो सकता है।

**नींद कम आना:** हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो महिलाएं बच्चों को सुलाते समय, खाना खिलाते वक्त या फिर बच्चों के साथ कोई एक्टिविटी करते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं तो यह बच्चों के ब्रेन को प्रभावित कर सकता है। दरअसल, मोबाइल से निकलने वाली रेडिएशन ब्रेन को प्रभावित करती है, जिसकी वजह से बच्चों की नींद प्रभावित होती है। ऐसे में कई बार बच्चों क कम नींद आना या नींद में बार-बार उठने जैसी बीमारियां हो सकती है। जाहिर सी बात है जब बच्चे को नींद कम आएगी तो उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाएगा।



**स्किन पर रैशेज होना:** जिस तरह से मोबाइल का इस्तेमाल करने से वयस्कों की स्किन पर रैशेज होते हैं। ठीक वैसे ही यह बच्चों की त्वचा को भी प्रभावित करता है। मोबाइल का रेडिएशन बच्चों की कोमल त्वचा को डैमेज कर सकता है। इसकी वजह से स्किन पर रैशेज, खुजली और जलन की समस्या हो सकती है।

**डाइजेशन पर बुरा प्रभाव:** कुछ महिलाएं ब्रेस्टफीडिंग करवाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं। जिसकी वजह से उनका ध्यान मोबाइल पर ज्यादा और बच्चे पर कम होता है। कई बार ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद मोबाइल के चक्कर में महिलाएं बच्चों को डकार नहीं दिलाती हैं, जिससे शिशु के डाइजेशन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि डाइजेशन यानि की गट हेल्थ कमजोर होने की वजह से पेट में दर्द, कब्ज और कई तरह की समस्याएं होती हैं।

**मानसिक विकास पर डालता है असर:** मोबाइल रेडिएशन बच्चों को हाइपरएक्टिव बना देती है, जो मानसिक और भावनात्मक असर डालती है। अगर आपका बच्चा छोटी सी बात से परेशान, फ्रस्ट्रेट, गुस्सा और दुखी हो जाता है यह हाइपरएक्टिव का संकेत हैं। ऐसे बच्चे दूसरों की बात कम ही सुनते हैं, बहुत ज्यादा बोलते हैं और दूसरों की बातों को काटते रहते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# अपने मुद्दों के लिए खुद सड़क पर आना होगा



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**जबकि सरकार आंकड़ों का खेल खेलती है, आंकड़ों की बाजीगरी से आम आदमी को खुशहाल बनाती है, रोजगार देती है, गरीबी की रेखा से ऊपर निकालती है तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी आंकड़ों की कारीगरी पेश करती है और मीडिया उसका समर्थन करती है।**

**भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) हिट ऐंड रन से जुड़ा कानून था जिसे पहले जुलाई से लागू होना था। मतलब साफ है यहां भी आम आदमी की जीत हुई क्योंकि वह अपने मुद्दों को लेकर खुद सड़क पर उतरा। उसने इस बात का बिल्कुल इंतजार नहीं किया कि यह काम विपक्ष का है। विपक्ष को सरकार के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए। ऐसे में तो मैं यही कहूंगा कि हमारे देश का नौजवान भले ही बेरोजगार हो।**

**इतिहास** गवाह है कि जब-जब आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर उनकी परेशानियों तथा दुश्वारियों को लेकर आम आदमी सड़क पर उतरा तो सत्ता प्रतिष्ठान को अपने घुटने टेकने ही पड़े। इसका मतलब तो सीधे-सीधे यही हुआ कि आम आदमी को अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। सत्ता पक्ष के विरोध में शायद विपक्ष सिर्फ और सिर्फ खाना पूर्ति करेगा इसके सिवा कुछ नहीं। क्योंकि राजनीति के हमाम में सभी नंगे हैं और वे आम आदमी के लिए अपने राजनीतिक संबंध शायद खराब नहीं करना चाहते। क्योंकि राजनीति और सत्ता का खेल तो इसी तरह चलता ही रहेगा सरकारे आती और जाती रहेंगी लेकिन व्यक्तिगत संबंधों पर आंच बिल्कुल नहीं आनी चाहिए। शायद यही वह मूल मंत्र है जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की राजनीति चलती है। इस राजनीति के बीच में ना तो आम आदमी आने पाता है और ना ही आम आदमी के मुद्दे। लेकिन शायद आप आम आदमी जाग गया है या उसे जगा दिया गया है। और अगर वह वास्तव में जाग गया है तो यह भी तय है कि देर सबेर वह अपनी मांगों को लेकर सड़क पर भी उत्तर आएगा। उसकी इसी ताकत को शायद सत्ता प्रतिष्ठान ने जान भी लिया है और समझ भी लिया है। अगर जान ना लिया होता तो पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दो दिन पहले तक जो बयान सरकार की तरफ से दिए जा रहे अचानक उन्हें पलट ना दिया गया होता। याद रहे उत्तर प्रदेश सरकार के एक उपमुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि कोई पर्चा नहीं आउट हुआ है। जबकि अब 24 फरवरी को सरकार की तरफ से कहा गया कि दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शासन द्वारा सम्यक विचारोंपरान्त सुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानको के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी के साथ शासन ने एफआईआर दर्ज करने और एसटीएफ से जांच कराए जाने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही शासन ने 6 माह के अंदर पूर्ण सुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। लेकिन यहां यह जानना नितांत आवश्यक है कि सरकार ने यह निर्णय या यह आदेश इतनी आसानी से नहीं दिए हैं। यह निर्देश और आदेश सरकार ने तब दिए हैं जब लाखों परीक्षार्थी पर्चा लीक होने के चलते पुनः परीक्षा कराये जाने की मांग को लेकर सड़क पर आ गए थे। ऐसे में सरकार के माथे पर चिंता की रेखाएं आना स्वाभाविक था क्योंकि अगले महीने चुनाव की घोषणा होने जा रही है और जिसमें भाजपा को 80 सीटों में से 80 चाहिए। अगर 60 लाख परीक्षार्थियों के आक्रोश और गुस्से का आलम यही रहता तो भाजपा 80 के आधे से भी कम पर आ जाती। क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो उत्तर प्रदेश में चल रही है उसमें बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार तथा सरकारी नौकरी के पर्चा लीक का ही मामला लगातार उठा रहे हैं और सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। वह अपनी हर मीटिंग में यही कहते हैं कि अगर अब भी न जागे तो हमेशा के लिए हासिये पर आ जाओगे पाठकों को याद होगा कि 2 साल पहले जब किसान अपने मुद्दों, अपनी परेशानियों को लेकर सड़कों पर उतरे थे तो केंद्र सरकार की नींद हराम हो गई थी। परिणाम स्वरुप ना चाहते भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन तीनों कथित काले कानून को वापस लेना पड़ा था जिसके खिलाफत शुरू से ही किसान कर रहे थे। लेकिन सरकार तब तक बेपरवाह रही जब तक उसे यह नहीं लगा कि अब सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव उस समय भी होने वाले थे। चाहे तीन काले कानून की वापसी की मांग हो, पर्चा लीक मामले में पुनः परीक्षा कराये जाने की मांग हो। ये दोनों मुद्दों विपक्ष के हाथ में नहीं थे। बल्कि आम आदमी खुद ब खुद अपनी मांगों और अपनी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरा था। जिससे सरकार की नींद उड़ गई थी और उसे आम आदमी के सामने अपने घुटने टेकने पड़े थे। एक और घटना है जिसमें भी केंद्र सरकार के हाथ पांव फूल गए थे और उसे कहना पड़ा था कि फिलहाल सरकार ऐसा कोई कानून लाने नहीं जा रही है। यह मसौदा था ड्राइवर की गिरफ्तारी, जुर्माना और जेल जाना। सड़क पर चलने वाले ड्राइवरों को लगा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा यह कानून तो ड्राइवरो का अस्तित्व ही खत्म कर देगा। नतीजेतन जो ड्राइवर जहां था उसने अपनी गाड़ी वहीं खड़ी कर दी। पूरे देश में हाहाकार मच गया।

# युवक-युवती के खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

- लड़की हॉस्पिटल में नर्स थी, उसका सिर कुचला था, लड़के की कनपटी में लगी थी गोली
- शव के पास में एक तमंचा 315 बोर का पड़ा था, एक खोखा कारतूस भी मिला है
- लड़के के शव की तलाशी में दो जिंदा कारतूस भी हुए बरामद





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** मितौली कस्बा में प्रेमी युगल की हत्या से सनसनी फैल गई।इसकी सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ ही सीओ और एसपी भी मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया।जहां शवों को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि पहले दोनों को गोली मारी गई,फिर उसके बाद धारदार हथियार से हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हर एंगल से जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, मितौली थाना क्षेत्र के कल्लुआ मोती गांव निवासी राजेंद्र की मुरादपुर गांव की रहने वाली युवती उमा भारती से जान पहचान थी,जोकि अपने ननिहाल सेमरावा गांव में रहती थी और एक निजी अस्पताल में काम करती थी।बताया जा रहा है कि दोनों युवक-युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था।वहीं आज सुबह मितौली कस्बे में लगभग 23 साल के दोनों प्रेमी युगल के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। दोनों के शव एक दूसरे से सटे हुए थे और पास में तमंचा और कारतूस का खोखा पड़ा हुआ था। साथ ही दोनों के चेहरे पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं।इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले हत्यारों ने गोली मारी।फिर उसके बाद धारदार हथियार से दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी। घटनास्थल के पास में ही कुछ दूरी पर युवती की साइकिल मिली, जिसमें बैग में उसका सफेद रंग का कोट भी मिला है। मौके पर मौजूद युवती के मामा उपनेश उर्फ मोनू निवासी सेमरावां ने बताया कि उसकी भांजी उमा भारती मूलरूप से मुरादपुर थाना मैगलगंज की रहने वाली था।वह मितौली के निजी हॉस्पिटल में नौकरी करती थी।इन दिनों वह अपने ननिहाल सेमरावां निवासी नाना प्रेमचंद के यहां रहती थी। सुबह करीब नौ बजे वह साइकिल से निकली थी।दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ सीओ,एसपी गणेश प्रसाद साहा और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई और दोनों प्रेमी युगल की शिनाख्त कराई गई।जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हर एंगल पर छानबीन शुरू कर दी है।

## वृद्ध महिला ने प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप पांच हजार, बकरी बेच कर दिए लेकिन नहीं मिला आवास

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी-खीरी।** आए दिन कोई न कोई भ्रष्टाचार का मामला सामने आने से पूरा तहसील क्षेत्र सुर्खियो में बना रहता है। ताजा मामला ग्राम मोहम्मदी सरायं का सामने आया है जहां एक वृद्ध महिला द्वारा ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उससे आवास के नाम पर पांच हजार रूपयो की मांग की गयी जिसे वृद्ध महिला द्वारा अपनी बकरी बेंचकर पूरा किया गया परन्तु रूपयां देने के बाद भी वृद्ध महिला को आवास नहीं मिल सका। वृद्ध महिला न्याय के लिये उच्चाधिकारियो के चक्कर काट रही है।बताते चले कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मोहम्मदी सरायं निवासी सकीना पत्नी स्व0 शेर मोहम्मद ने ग्राम प्रधान मोहम्मद ताहिर खान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा दो वर्ष पहले उससे आवास दिलाने के लिये पांच हजार रूपयो की मांग की गयी थी जिसे उसने अपनी बकरी बेंच कर पांच हजार रूपये प्रधान को आवास के लिये दिये थे। जिस पर प्रधान द्वारा वृद्ध सकीना को आश्वासन दिया गया था कि अब जल्द से जल्द आपको आवास मिल जायेगा। धीरे-धीरे समय बीतता गया परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका। सकीना बराबर प्रधान के घर के चक्कर लगाती और आवार के लिये गुहार लगाती। हर बार उसे आवास जल्द मिल जायेगा सूची भेजी जा चुकी है कहकर टरका दिया जाता। धीरे-धीरे दो वर्ष बीत गए परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका। दो वर्ष बीतने पर सकीना ने प्रधान से अपने पांच हजार रूपये वापस देने को कहा तो प्रधान मोहम्मद ताहिर ने पैसा देने से इंकार करते हुए कहा कि जाओ तुम्हे जो करना है करो जाकर हम पैसा वापस नहीं करेंगे। तब सकीना 26 फरवरी 2024 को मोहम्मदी आकर कोतवाली में तहरीर देकर प्रधान मोहम्मद ताहिर से पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। सकीना द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें महिला के द्वारा प्रधान पर आवास के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए देखा जा सकता है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी चाही गयी तो उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है और न ही ऐसी कोई शिकायत आई है।



## हरिद्वार में सम्मानित किए गए डॉ ओपी श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** होम्योपैथी फ्रेंड्स संस्था ने जाने माने होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ ओ पी श्रीवास्तव को डॉ हेमंत कुमार बनर्जी राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया है। डॉ ओ पी श्रीवास्तव को इससे पहले भी होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर तमाम अवार्ड मिल चुके हैं। नगर के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रहे डॉ ओ पी श्रीवास्तव को होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में निश्चल और होम्योपैथिक सामाजिक सेवा के लिए गोरखपुर की होम्योपैथी फ्रेंड्स संस्थान ने हरिद्वार में कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ हेमंत कुमार बनर्जी राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया।इस मौके पर होम्योपैथिक होमिओपॅथेंस के अध्यक्ष डॉ माजलेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष डॉ प्रवीण त्रिपाठी सचिव डॉ एस सी मुखर्जी, सचिव डॉ राजीव रतन राय समेत संस्था के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।




## पार्थ मोहन ने कनिष्ठ वर्ग निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीता द्वितीय पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा लखीमपुर खीरी जिले के छात्रों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमे निबंध लेखन,चित्रकारी तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया।प्रतिभागी छात्रों में कनिष्ठ वर्ग में तिमिक्षी अग्रवाल,तृषा चौरसिया,परनीत कौर,राजवीर साहू,अदिश्री मिश्रा और वरिष्ठ वर्ग की तरफ से अनंत टंडन ,आस्था अवस्थी ,खुशी त्रिवेदी,अक्षरा गांधी,वैष्णवी तिवारी और प्रिंस तिवारी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय की तरफ से प्रतिभाग किया।रेलवे की तरफ से प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और विजेता छात्र को पदक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। यह प्रतियोगिता अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चलाई जा रही है । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री आशीष गुप्ता जी ने छात्रों को बधाई दी।विद्यालय प्रधानाचार्य श्री बिनोद कुमार तिवारी जी ने बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दूसरी प्रजाति का लेबल लगाकर धान बीज बेचने का मामला, जिला कृषि अधिकारी ने शुरू की जांच

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** धान बीज की पैकिंग में दूसरी प्रजाति का लेवल लगाकर बिक्री कर किसानों को गुमराह किये जाने के मामले में जिला कृषि अधिकारी ने जांच शुरू कर दी है।नगर के बीज गोदामों से सैम्पल एकत्र किए जा रहे हैं।नगर की मिल रोड पर इराकी बीज भंडार नामक दुकान पर धान बीज की प्रजाति बदलकर बोरियों में दूसरा नाम लिखकर किसानों को धान बेचने के मामले में रविवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन अपने साथियों के साथ धरने पर बैठ गए थे। पूरी रात धरने पर बैठकर कार्रवाई की मांग करते रहे।सोमवार को कृषि अधिकारी ने टीम के साथ पुलिस की मौजूदगी में आरोपी दुकानदार के गोदामों की जांच शुरू कर दी है।

कुलवंत सिंह जोशन का कहना है कि उनके एक किसान साथी ने मिल रोड पर इराकी बीज भण्डार की दुकान से उत्तम प्रजाति का धान बीज खरीदा था। दुकानदार ने पीआर-126 धान को गोविंदा का लेवल लगाकर दे दिया। जबकि, किसान जो गोविंदा नाम की धान बीज की प्रजाति खरीद रहे थे उसमें 60 दिनों में फसल तैयार होकर कट जानी थी। आलम यह रहा कि 60 दिन से ऊपर समय होने के बाद भी फसल पककर भी तैयार न हो पायी।यह सब एक किसान के साथ नहीं पता नहीं ऐसे कितने किसानों के साथ इस प्रकार की धोखेबाजी हो रही है।इसकी सूचना तहसीलदार और एसडीएम दोनों को ही दे दी गयी थी।जिला कृषि अधिकारी अरविन्द चौधरी ने बताया कि आरोपी दुकानदार के गोदामों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सब साफ हो सकेगा।बता दें कि धरने पर बैठे सिख फार्मर तब धरना छोड़कर भाग खड़े हुए जब व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापारी एकता जिंदाबाद का नारा बुलंद कर दिया। व्यापारियों का कहना था कि जिस किसान का मामला था उससे सुलह समझौता हो गया है। उसके नुकसान की भरपाई दुकानदार ने कर दी है फिर इन सिख फार्मरों के धरना प्रदर्शन का मामला समझ के बाहर है। सूत्रों की माने तो धरना प्रदर्शन कर रहे सिख फार्मर व्यापारी से मोटी रकम की मांग कर रहे थे जिसे व्यापारी ने देने से मना कर दिया। उसी से क्षुब्ध होकर यह सिख फार्मर धरना प्रदर्शन पर आमादा हो गए थे जिन्हें व्यापारियों ने खदेड़ दिया।

## भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली



**निघासन खीरी।** मूल्य वृद्धि, भोजन, दवाओं, कृषि और मशीनरी जैसी वस्तुओं से जीएसटी हटाने, रसोई गैस पर उत्पाद शुल्क में कमी करने और किसानों से संबंधित मांगों को लेकर सोमवार को किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली। भाकियू की अगुआई में तिकुनियां से शुरू होकर निघासन पहुंचे इन लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।तिकुनियां तिराहे पर इकट्ठा होने के बाद तमाम ट्रैक्टरों पर भारतीय किसान यूनियन का झंडा और तिरंगा लगाकर किसानों का ट्रैक्टर मार्च शुरू हुआ। भाकियू जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू और जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह पल्ला की अगुआई में सिंगाही होते हुए निघासन पहुंचा। वहां चौराहे से पलिया रोड पर मंडी समिति परिसर पहुंचा। वहां इकट्ठा किसानों ने नारेबाजी की। किसानों के जुलूस को देखते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, सीओ यादवेंद्र यादव, तहसीलदार भीमचंद सहित तमाम पुलिस अफसर पहले ही कस्बे में सड़कों पर तैनात थे। मंडी समिति पहुंचे एसडीएम को किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित पंद्रह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगों, खिलाड़ियों को रेलवे में वापस ली गई रियायतें बहाल करने, खाद्य सुरक्षा की गारंटी और पीडीएस को सार्वजनिक बनाने, सभी को मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी देने, नई शिक्षा नीति रद करने, सभी के लिए आवास, वनाधिकार अधिनियम का कड़ाई से क्रियान्वयन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लेने, काम के अधिकार को मौलिक बनाने, किसानों को बीज, उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाने तथा किसानों की उपज के लिए एमएसपी की कानूनी और खरीद की गारंटी देने आदि की मांगें की गई हैं।इस मौके पर उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सीओ यदुवेन्द्र यादव तहसीलदार भीमचंद प्रभारी निरिक्षक् एसके मिश्रा समेत कई थाने कई फ़ोर्स समेत पीएसी बल तैनात रहा।

## जिला महिला अस्पताल के वन स्टॉप सेन्टर में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

निदेशालय महिला कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सखी वन स्टॉप सेंटर सीतापुर में ब्लाक प्रमुख कल्पना वर्मा जनप्रतिनिधियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कल्पना वर्मा द्वारा महिला जिला अस्पताल में गुड्डा गुड्डी बोर्ड का शुभ आरंभ किया गया,साथ ही वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया तथा शेल्टर होम में अल्पावासित पीड़िताओं से बातचीत की गई अल्पावासित पीड़िताओं से उनकी समस्याओं व वन स्टॉप सेंटर में मिल रही सेवाओं के विषय में पूछताछ की पीड़िताओं ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को महोदया से साझा किया व वन सेंटर में मिल रही सेवाओं को संतोषजनक बताया, इसी के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल जी द्वारा वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जा रही सहायता व सेवाओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे- कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के संदर्भ में जानकारी दी गई, सेंटर की संचालिका सुश्री दीपिका नाग व अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा माघ के मौके पर संकटा देवी मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर की आरती



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** नगर के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में माघ माह की पूर्णिमा के मौके पर आयोजित हुई सामूहिक आरती में सैकड़ों श्रद्धालुभक्तों ने हिस्सा लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वाद्य यंत्रों की थाप पर होने वाली सामूहिक आरती व भक्तिमय जयघोष से धाम परिसर गुंजायमान हो उठा। मां संकटा माता की आरती 'आरती मातु संकटा की, मनोरम मूरत ममता की' पर पूरा प्रांगण झूम उठा। मां संकटा देवी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी की अगुवाई में माघ माह की पूर्णिमा के मौके पर शनिवार की सायं सात बजे से प्रारम्भ होने वाली सामूहिक आरती में भाग लेने के लिए मां के भक्त छह बजे से ही जुटने शुरू हो गए। आरती के आरम्भ होने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त एकत्रित हो गए। भगवान गणेश की वंदना से शुरू हुई सामूहिक आरती में मां संकटा की आरती भगवान शिव की आरती व जगतजननी आदिशक्ति मां दुर्गे की आराधना की वाद्य यंत्रों के माध्यम से संगीतमय प्रस्तुति के साथ पं. पुरुषोत्तम मिश्र द्वारा सम्पन्न कराई गई। मां संकटा देवी धाम में हुये ऐतिहासिक आयोजन के बाद माघ माह की पूर्णिमा पर संपन्न हुई मां संकटा देवी जी की पावन महाआरती में भक्तों की अप्रत्याशित भारी भीड़ रही। सुर, ताल और संगीत के साथ संपन्न हुई महाआरती को समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, ओम प्रकाश गुप्त, कृतार्थ मिश्र, ऋषभ अवस्थी, गौरव मिश्र आदि ने स्वर दिया। इस मौके पर आरजे वर्मा, राजकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, अरविंद त्रिपाठी, नरेंद्र पाण्डेय, विशाल गुप्त, रमा कश्यप, सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व सैकड़ों पुरुष मौजूद रहे।

## दो सगी बहने दुर्घटना में हुई घायल, सीएचसी में भर्ती

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** लखनऊ मार्ग पर बेलौरो ने साइकिल सवार दो बहनों को टक्कर मार दी। दुघर्टना में घायल दोनों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां एक को चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। दूसरी घायल बालिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बड्डूपुर के शैली कीरतपुर निवासिनी मैना (19) पुत्री झल्लू सोमवार की सुबह अपनी छोटी बहन को साइकिल से स्कूल छोड़ने महमूदाबाद आ रही थी। इसबीच लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर देवरिया के पास काले रंग की एक बोलैरो ने मैना की साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीररूप से घायल हो गई। घायलों को एंबूलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मैना को मृत घोषित कर दिया। घायल दूसरी बालिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# लापता शिक्षक पुत्र का शव शारदा सहायक नहर में मिला, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

- भगौली में शारदा सहायक नहर पर बने रेगुलेटर के पास से बरामद हुआ शव

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** 20 फरवरी को अपने मित्र के बुलावे पर घर से निकले किशोर छात्र का शव आज छठे दिन रविवार की सुबह बाराबंकी जनपद के बड्डूपुर थाना क्षेत्र के भगौली में शारदा सहायक नहर पर बने रेगुलेटर के पास से बरामद हुआ। दोनों जनपदो की पुलिस की मौजूदगी में पिता से पहचान कराने के बाद से लापता किशोर का शव बाराबंकी पीएम के लिये भेजा गया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कस्बे के मोतीपुर चौराहे पर राजितराम वर्मा के मकान में किराए पर रहे रामपुरकलां के लखवापुर निवासी शिक्षक सुनील कुमार पुत्र भारत प्रसाद सिधौली ब्लाक के जुगराजपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा सुधाकर यादव बीते 20 फरवरी मंगलवार की शाम दवा लेने की बात कह कर घर से निकला था। जिसके बाद से वह लापता था। लापता किशोर के पिता सुनील ने काफी खोजबीन के बाद 21 फरवरी को लापता बेटे का अपहरण किए जाने की आशंका जताते हुए उसके एक सहपाठी को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायती पत्र में बताए गए सुधाकर के साथियों को बुलाकर पूंछताछ की जिसमें उसके साथी ने पुलिस को सुधाकर का अपहरण कर हत्या किए जाने और शव को नहर में फेंके जाने की बात स्वीकार भी की थी। पुलिस ने घटना में शामिल सुधाकर के दोनों किशोर मित्रों को अपहरण के मामले में पहले ही बाल सुधार गृह हरदोई भेजने के साथ नहर में सुधाकर के शव की तलाश स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम की मदद से लगातार कर रही थी। रविवार की सुबह करीब छह बजे एक शव सुधाकर के परिजनों व स्थानीय लोगों को दिखाई दिया। सूचना पाकर महमूदाबाद कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह व बड्डूपुर की प्रभारी निरीक्षक ज्योति वर्मा मय फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाकर पीएम के लिये बाराबंकी भेज दिया। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ल ने बताया कि लापता किशोर का शव नहर से बरामद कर पीएम के लिये भेजा गया है। पंजीकृत मुकदमें में दोनों आरोपियों पर 302 व 201 धाराएं बढ़ाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### मौत के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा

15 वर्षीय मृतक बेटे सुधाकर का छह दिन बाद शव मिलने से पीड़ित पिता सुनील कुमार, मां आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मां-पिता बेटे का नाम लेकर बिलख-बिलख का रोने के साथ बार-बार बेहोश हो रहे थे। मृतक सुधाकर का 21 वर्षीय बड़ा भाई अनुज, बहन प्रियांशी व अनामिका का भी रो-रोकर बुरा हाल है। 2015 से बच्चों की पढ़ाई के लिए महमूदाबाद में रह रहे सुधाकर ने यह सोचा भी नहीं होगा कि उनके साथ इतनी बड़ी अनहोनी हो जाएगी। सुधाकर की मौत के बाद से गांव में भी सन्नाटा पसरा है। शव का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव रामपुर कला थाना क्षेत्र के लखवापुर गांव में होगा।

## शबे बारात का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** शब-ए-बारात का त्यौहार पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र की सभी मस्जिदों और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शब-ए-बारात के मौके पर जहां रविवार को दिन भर रोजा रह मगरिब की नमाज के बाद पैगबंर की मीठा हलवा नजर किया, वहीं रात में कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों की कब्र पर अगरबत्ती व मोमकत्ती लगाकर समाज की सलामती की दुआ परवर दिगार से मांगी। शिया समुदाय के लोगों ने कर्बला के निकट स्थित पूर्वजों की कब्रों की दिन में साफ-सफाई की और रात में वहां पंहुच कर सुरेअ फातिया और घरों में परवर दिगार को नजर पेश की।

## तीन मकानों से 11 लाख के नकदी-जेवर चोरी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के तेंदुआ गांव में शनिवार रात चोरों ने तीन मकानों को निशाना बना लिया। इन मकानों से लगभग दो लाख 63 हजार रुपये और आठ लाख रुपये कीमत के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। एक मकान में हुई चोरी में नुकसान का आकलन मकान मालिक के वापस आने पर हो पाएगा। तेंदुआ गांव निवासी नितेश कुमार की गांव में ही आइसक्रीम फैक्टरी है। शनिवार रात वह परिवार सहित मकान के एक कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने एक कमरे के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। कमरे में रखे बक्से और अलमारी का ताला भी तोड़ा, यहां रखे दो लाख 10 हजार रुपये और सोने-चांदी का सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने सेवानिवृत्त शिक्षक रामचंद्र के मकान को निशाना बनाया। यहां अलमारी में रखे 40 हजार रुपये, गोलक में रखे आठ हजार रुपये और बक्से में रखे पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके अलावा सोने-चांदी के जेवर ले गए। इसके बाद चोरों ने सेवानिवृत्त अभियंता रामऔतार के बंद मकान को निशाना बना लिया। वह अपने पुत्र के पास हरिद्वार गए हुए हैं। यहां भी चोरों ने कमरों के ताले तोड़ दिए। यहां भी जेवर चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# पीएम मोदी ने 15.12 करोड़ रुपए से किया पुर्नविकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस। सलेमपुर, देवरिया**

सलेमपुर जंक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सलेमपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास कार्यों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से शिलान्यास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग को समान लाभ मिल रहे है।उन्होंने कहा कि यहां की सलेमपुर में 15.12 करोंड रुपये से स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके पहले भी यहां साढे 12 करोड़ की लागत से स्टेशन का सुंदरीकरण किया गया है। रेल विभाग ने सलेमपुर के यात्रियों के लिए बहुत ही बडा कार्य किया है। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में रेलवे से जुडी 2000 से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। सलेमपुर में कभी एक दो ट्रेनों के ठहराव के लिए धरना प्रदर्शन होता था आज 18 ट्रेनों का इस स्टेशन पर ठहराव है। सभी लोगों को रेलवे की सुविधाएं मिल रही है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मानव स्थलीग जीएम एकेडमी के एक दर्जन से अधिक बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने पर प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।कार्यक्रम को प्रमुख रूप से अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह बबलू, अशोक पांडेय, बलबीर सिंह दादा, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, सुधाकर गुप्ता, बृजेश तिवारी, ओम प्रकाश यादव, बृजेश उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष अमर दत्त यादव, अजय दुबे वत्स, रविन्द्र श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। स्टेशन अधीक्षक बृजेश मिश्र ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।






## महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आते ही तैयारियां जोरों पर

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



महाशिवरात्रि पर्व जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है शिव भक्त शिवालयो तथा मठ मंदिरो की साफ सफाई कर रंग रोशन करने मे लगे हुए है। स्मरण रहे कि महाशिवरात्रि पर्व को सनातन धर्मियो द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है।

महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के करिया पठवा स्थित पटेश्वर शिव मंदिर, शिवताण्डव, बलखण्डेश्वर मंदिर आदि मठ मंदिरो से भोलेबाबा की धूमधाम के साथ बारात निकाली जाती है। बोले बाबा की बारात को लेकर मंदिरो के श्रद्धालुओ और पुजारियो द्वारा बैण्ड बाजो तथा घोड़ा नृत्य कराने वालो को बुकिंग की जा रही है। इतना ही नही भोज भण्डारे और शिवपुराण की तैयारिया भी जोरो पर चल रही है। श्रद्धालुओ और पुजारियो द्वारा भोले बाबा मॉ पार्वती तथा उनके गण और रामसीता, राधाकृष्ण आदि के पात्रो की संजीव झाकियां प्रदर्शित किये जाने के लिए पात्रो की तलाश की जा रही है। बलखण्डेश्वर मंदिर, शिवताण्डव मंदिर, करिया पठवा, पटेश्वर मंदिर आदि मठ मंदिरो की साफ सफाई और रंगाई, पुताई तथा डेकोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। भण्डारे के लिए भी श्रद्धालुओ द्वारा व्यापक पैमाने पर सामग्री एकत्र की जा रही है।

## गांवों से होकर गुजरता है, देश के विकास का पहिया : फतेह बहादुर सिंह



**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

जनपद के कैंम्पियरगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक फतेह बहादुर सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के विकास में चार चांद लगाते हुए प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत 24 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम सभा मुसाबर में 43 सड़कों का शिलान्यास किया।

विधायक ने कहा कि जो देश के विकास का पहिया गांवों से होकर गुजरता है, उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व की सरकारों ने नहीं किया उसे भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने कर दिखाया।

विधायक श्री सिंह ने कहा कि संपर्क मार्गों को गांव से जोड़कर ही गांव का विकास किया जा सकता है और क्षेत्र में इन मार्गों के निर्माण से गांव के लोगों और किसानों को बहुतायत ही फायदा होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मानक के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कागजीपुरा में युवक ने पंखे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कालपी नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में छंगे आश्रम मंदिर के निकट निवासी श्याम बिहारी गुप्ता फौज से रिटायर होकर कालपी में निवास कर रहे हैं। सोमवार को उनके 18 वर्षीय पुत्र सत्यम ने घर के कमरे में लगे पंखे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। जैसे ही घटना की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो घर में सभी दंग रह गए। इसके बाद मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस ने मामले जांच-पड़ताल की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पत्रकारों को मिले पांच लाख का बीमा मुफ्त रेल व बस यात्रा : दिलावर सिंह

* पत्रकार सुरक्षा कानून सहित पत्रकार हित में ग्यारह सूत्रीय संकल्प पत्र किया जारी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे यूनियन के सभागार में संगठन के चेयरमैन सरदार दिलावर सिंह द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून सहित पत्रकार हितों के लिए बहुप्रतीक्षित 11 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी कर किया, संकल्प पत्र जारी करते समय गोरखपुर मण्डल के प्रभारी कृष्ण चन्द्र चौधरी, संगठन मन्त्री सुनील पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला, देवरिया जिलाध्यक्ष दैनिक जागरण के ब्यूरो श्यामानन्द पाण्डेय, गोण्डा जिला प्रभारी अविनाश श्रीवास्तव, महाराजगंज के जिला प्रभारी अजय कुमार सहित विभिन्न जनपदों के प्रभारी मौजूद थे। खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इसे जारी किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मांगे पूरी होने तक हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से पत्रकारों में जन जागरूकता पैदा करते रहेंगे और सरकार को पत्रकार हित की इन मांगों को मनवा के रहेंगे। उन्होंने संकल्प पत्र के जरिए सरकार के सामने डिजिटल और सोशल मीडिया के हैंडलरों को भी पत्रकारों की श्रेणी में रखने, संगठन से जुड़े सभी सदस्यों को अपनी रक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस में वरीयता देने, प्रदेश में सुरक्षा कानून लागू करने, सभी पत्रकारों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का बीमा, निशुल्क बस और रेल यात्रा, सभी अस्पतालों में प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया व सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने आदि की महत्वपूर्ण मांगें रखी गई।




आयोजन में चौरी चौरा तहसील प्रभारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मोहम्मद मोहसिन अंसारी, बाबूलाल सक्सेना, अजय कुमार दुबे, जवाहर लाल गुप्ता, पंचानन पाण्डेय, प्रदीप यादव, दुर्गेश वर्मा, सुभाष चन्द्र, बृजानन्द, दिनेश कान्त मिश्रा, श्याम जी गुप्ता, कमलेश मणि त्रिपाठी, एचडी शर्मा, सूरजदीप तिवारी, फोटो जर्नलिस्ट सरदार सिमरजीत सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, विश्वनाथ उपाध्याय, रितेश शर्मा, दयाशंकर प्रसाद, सतीश कुमार पाण्डेय, आशीष मिश्रा **श्याम**, दयानन्द, बीपी मिश्रा, प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार पटेल, सुनील कुमार गुप्ता सहित दूर दूर से आये अनेक पत्रकारों ने भाग लिया।

## मां के पास सोई युवती रात को गायब

**जन एक्सप्रेस/खुखुंदू ,देवरिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 20 वर्षीय युवती इंटर की पढ़ाई पूरी कर चार सालों से घर पर रहकर सिलाई-कढ़ाई का काम कर रही थी। परिजनों के मुताबिक, पढ़ने से लेकर हर कामों में वह बहुत होनहार थी। सिलाई-कढ़ाई के बाद वह घर के कामों में भी हाथ बंटाती थी। रोज की तरह खाना खाने के बाद शुक्रवार रात को भी युवती घर में मां के पास जाकर सो गई।परिजनों का कहना है कि रात 11 बजे जब नींद खुली तो देखा गया कि युवती बिस्तर पर नहीं है। फिर अगल-बगल खोजबीन की गई। लेकिन कहीं पता नहीं चला। शनिवार सुबह सभी रिश्तेदारियों में भी फोन कर जानकारियां ली गई। इसके अलावा आसपास के गांवों में भी जाकर ढूंढा गया। जब युवती का कहीं पता नहीं चला तो पिता ने रविवार शाम को थाने पहुंच तहरीर दी है।

## मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर नकदी व मोबाइल उड़ा ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस। सलेमपुर, देवरिया**

कोतवाली से महज तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित एक मोबाइल की दुकान से रविवार की भोर में अज्ञात चोर 1.40 लाख रुपये नकद समेत करीब 12 लाख रुपये का मोबाइल फोन उड़ा ले गए। चोरी की घटना की हर गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस के साथ सीओ, एसओजी और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। वहीं, पिपरा मोहन वार्ड में एक नव निर्मित मकान में हुई वायरिंग के तार और बोर्ड को चोरों ने चुरा लिया।नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात टीचर्स कॉलोनी निवासी शुभम बरनवाल पुत्र अशोक बरनवाल की सलेमपुर मुख्य मार्ग पर ओवरब्रिज के बगल में मोबाइल की होल सेल दुकान है। शनिवार की रात वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। इसी बीच करीब 3ः50 बजे भोर में चार-पांच की संख्या में आए चोर कटर से दुकान का ताला काटकर दुकान के अंदर चले गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बिक्री के लिए दुकान में रखे सैकड़ों मोबाइल में से महंगी कीमत के करीब 49 मोबाइल के डिब्बे से मोबाइल निकाल कर उसका चार्जर और डब्बा दुकान में फेंक कर भाग निकले। घटना की जानकारी दुकानदार को भोर में हुई जब वह दुकान के अंदर घुसा और बिखरा हुआ सामान देखा तो उसके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस, सीओ, एसओजी टीम समेत फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी।




## बाइक से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। उरई**

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा के समीप बाइक से गिरकर वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी बेनी देवी 65 वर्ष सोमवार को अपने भाई के पुत्र साहिल के साथ बाइक से दवाई लेने उरई आ रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक गांव के बाहर पहुंची। तभी वह चलती बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वह घायल हो गई। सूचना पर पंहुचे परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला के शव का पंचनामा नहीं हो सका है। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से ठगी करने वाला नटवरलाल गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। उरई**

आटा थाना क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों के साथ ठगी करने वाले नटवरलाल को ग्रामीणों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। असली पुलिस के हाथ लगे नकली कांस्टेबल के विरुद्ध कारवाई गई।

आटा थाना क्षेत्र के गांवों में वृद्ध नटवरलाल फर्जी तरीके से हेड कांस्टेबल की वर्दी पहनकर लोगों से पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने में लगा हुआ था। तभी एक ग्रामीण युवक को उस पर शक हुआ और उसने उसे अपनी बातों में उलझाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही थाने से असली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के चुंगल में फंसे नकली हेड कांस्टेबल को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के पूछे जाने पर उसने अपना नाम मलखान 65 वर्षीय बताया है। फिलहाल पुलिस उसे हिरासत में लेने के बाद थाने ले गई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी का कहना है कि पुलिस की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले का नाम मलखान 65 वर्ष पुत्र परशुराम निवासी नंदीगाव थाना क्षेत्र का बताया गया है। इतना ही नहीं वृद्ध दिमाग से विक्षिप्त भी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है, और उससे पूछतांछ की जा रही है। जिसके बाद जो भी उचित कारवाई होगी वह अमल में लाई जाएगी।



## नाबालिग की हत्या के आरोप मे पुलिस ने पांच दोस्तों को बंदी बनाकर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

थाना पनवाड़ी पुलिस ने अमित पुत्र सिद्धगोपाल अहिरवार उम्र 16 वर्ष की हत्या के आरोप मे चार नबालिको सहित 5 युवको को बंदी बनाकर जेल भेजा है।

थाना पनवाड़ी पुलिस ने बताया कि बीते वर्ष अमित पुत्र सिद्धगोपाल उम्र 16 वर्ष की खेत पर गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। घटना की रिपोर्ट मृतक अमित के दादा विश्वनाथ पुत्र लालजी अहिरवार निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी ने अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध मुकद्मा पंजीकृत कराया था। अनावरण के दौरान थाना पनवाड़ी पुलिस ने ग्राम महुआ के ही निवासी मुकेश श्रीवास पुत्र अवध उम्र 25 वर्ष, धर्मेन्द्र पुत्र हलकुट्टा राजपूत उम्र 19 वर्ष, अक्षय पुत्र श्यामकरन यादव उम्र 17 वर्ष, गोलू उर्फ नितिन साहू पुत्र अरविन्द्र साहू उम्र 17 वर्ष हिमांशु पुत्र प्रेमनारायण यादव उम्र 15 को आलाकत्ल सहित बंदी बनाये जाने का दावा किया है।

पुलिस ने बताया कि बीते वर्ष 2023 मे अमित को उसके दोस्त मुकेश अहिरवार, धर्मेन्द्र राजपूत, अक्षय यादव, गोलू तथा हिमांशु यादव सभी युवक खेत पर बेर खाने गये हुए थे अज्ञात कारणो के चलते आपस मे युवक झगड़ गये थे और धारदार हथियार का प्रयोग कर अमित की हत्या कर दी थी तथा हत्या करने के बाद पॉचो युवक घटनास्थल से फरार हो लिये थे।

घटना की रिपोर्ट अज्ञात हत्यारो के विरूद्ध मृतक अमित के दादा विश्वनाथ पुत्र लालजी अहिरवार ने थाना 302 के तहत थाना पनवाड़ी मे दर्ज करायी थी। विवेचना के दौरान थाना पनवाड़ी पुलिस ने मुकेश, धर्मेन्द्र, अक्षय, गोलू व हिमांशु को बंदी बनाकर जेल भेजा है।

### अज्ञात कारणों के चलते ढाबा में लगी आग, हजारों का नुकसान

**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा** अज्ञात कारण के चलते लगभग रात के 1 बजे अचानक ढाबा में आग लग गई जिसमें हजारों रुपए के रखे गुटखे और काफी सामान जलकर राख हो गया। ढाबे के मालिक रसूल मंसूरी ने बताया की मैं कल सुबरत का त्यौहार होने के चलते मैं करीब रात 8 बजे ढाबा बंद करके अपने घर चला गया था और रात के करीब साढ़े 12 बजे सोने के लिए आया तब कुछ देर बाद मुझे आग की लपटों का एहसास हुआ और मेरी आंख खुल गई तब जाकर मैंने रात को आग बुझाई।

### इंडियन बैंक शाखा चरखारी से खाता धारक के निकले रुपए

**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** ग्राम इमली खेड़ा निवासी किसान लखनलाल ने एसडीएम को प्रार्थना देकर ज्ञात कराया कि वह गरीब किसान हैं उसके खाता में 1100 रुपये जमा थें मुझे जानकारी दिए बगैर 800 रुपये वाउचर के निकाल लिया है जब बैंक में एक हजार रूपए निकालने गया तो पता चला कि उसने खाता में 334 रुपये शेष है। खाता प्रबंधक से मिलने गया तो उन्होंने बात सुने बगैर शाखा से बाहर कर दिया पीड़ित किसान की एसडीएम ने गम्भीरता से बात सुनकर तहसीलदार से जांच कराकर कारवाही के निर्देश दिए। वहीं इसके पूर्व कई किसानों के खाता में बैंक शाखा में होल्ड लगा खुलेआम शोषण किया जा रहा है।

### कांग्रेसियो ने ली भाजपा की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** लोक सभा चुनाव के पूर्व सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी इस समय भारतीय जनता पार्टी में विलय हो रहे है। इसी क्रम में सासंद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल वा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की मौजूदगी में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल तिवारी एवं कांग्रेस के जिला मंत्री सलीम अहमद ने भी कांग्रेस का दामन छोड कर भाजपा की सदस्यता ली और वही अनिल तिवारी ने बताया कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देश हित में काम करती है इसलिए भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हम दोनो ने भाजपा पार्टी की सदस्यता ली है।

### डीएम ने ईवीएम एवं वीवी पैट का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए सोमवार के रोज जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने ई0वी0एम0, वी0वी0पैट0 वेयरहाउस का अपराह्न 3 बजे मासिक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निरीक्षण के दौरान समस्त गतिविधिया सही पायी।

## व्यापारियो एवं आमजन से संवाद कर जनपदीय पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का एहसास

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों के आसपास से टप्पेबाजी जैसी घटनाओं पर पूर्णरुप से अंकुश लगाये जाने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी कर उन पर कार्यवाही किए जाने के क्रम मे जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों, एटीएम, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्राफा बाजार एवं वित्तीय संस्थान तथा प्रमुख चैराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, अभियान के क्रम में बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, बॉर्डर से लगे बैरियर तथा वाहनों की चेकिंग की गयी। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी भी दी गयी, बैंक के भीतर ग्राहकों को क्रमवार खड़ाकर अपनी बारी का इंतजार कर व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।



किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गो, चैराहों तथा सूनसान स्थानों पर जनपदीय पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की विशेष रूप से चेकिंग की गयी, साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर चालान किया जा रहा है।

### विकसित रेल विकसित उत्तर प्रदेश का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार के रोज विकसित रेल विकसित उत्तर प्रदेश के तहत अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत 1500 रोड ओबर ब्रिज एवं 554 रेलवे के पुनर विकास के लिए वर्चुअल शिलान्यास किया। झांसी मंडल के डीआरएम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अम्रत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत रेलवे को पुनः विकास को लेकर आज वर्चुअल शिलान्यास किया है जिसका हमीरपुर सांसद कुँवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। डीआरएम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्चुअल शुभारंभ में सूपा रेलवे स्टेशन का निर्माण एवं दोहरीकरण के साथ साथ ओबर ब्रिज का निर्माण शामिल है। इस दौरान जनप्रतिधि, समाजसेवी, गड़मान्य नागरिक एवं रेलवे के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला को दबंग ने दी जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा।** मामला पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगारा घाट चैकी का है जहां पानकुवंर पत्नी बीरेन्द्र ने चौकी प्रभारी नगारा घाट से लिखित शिकायत की उसने बताया दबंग नीरज पुत्र कमलेश ग्राम नगारा घाट जो सूने घर पर आकर मुझे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और वह यह कहता हुआ घूमता है कि तुम्हें और तुम्हारे परिवार को बर्बाद कर देगें की धमकी बराबर देता रहता है इसकी शिकायत कई बार पुलिस से कर चुकी हूं शिकायत पर कोई भी कार्रवाई न होने से दबंग के हौसले बुलंद है। ग्राम वासियों ने भी कई बार उसे समझाने का प्रयास किया वहीं महिला के द्वारा बताया गया कि में स्कूल का खाना बनाती हूं और मेरे पति चौकी का खाना बनाते हैं में बहुत गरीब हूं वही पड़ोसी के द्वारा कई बार गाली गलौज कि गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इस संबंध में थाना क्राइम प्रभारी निरीक्षक यंसवत सिंह के द्वारा बताया गया कि जांचकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास

**जन एक्सप्रेस/रामपुर कारखाना,देवरिया।** बलवा होने पर लोगों को बचाने का अभ्यास पुलिस कर्मियों ने किया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार की देखरेख में उसे कर्मियों ने बलवा ड्रिल अभ्यास किया। इस दौरान बचाव के तरीके अपनाए गए।रविवार की दोपहर रामपुर कारखाना थाना परिसर में इंस्पेक्टर संतोष कुमार की देखरेख में पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर के साथ उतरे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल परियोजनाओं का किया वर्चुअल शिलान्यास

# भरत कुंड रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण आधुनिकीकरण व समपार मार्ग के कार्य का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बीकापुर-अयोध्या



अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में करीब 553 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण निर्माण कार्य और रेल परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसी कड़ी में अयोध्या प्रयागराज रेल खंड पर स्थित भरत कुंड रेलवे स्टेशन के सौंदर्य करण आधुनिकरण तथा समपार मार्ग के कार्य का शुभारंभ की बाट जोह रहे लोगों की लंबी प्रतीक्षा का भी अंत हो गया। शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित स्थानीय सांसद लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। शिलान्यास कार्यक्रम समारोह में अपने संक्षिप्त संबोधन के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की प्रतिज्ञा लेते हुए घोषणा की कि प्रयागराज से अयोध्या के बीच जल्द ही रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दिखाई करीब 41 करोड़ की लागत से भरत कुंड रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण का कार्य होना है। पुराने रेलवे स्टेशन भवन के स्थान पर दिव्य एवं भव्य रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जाएगा तथा कॉलोनी की भूमि पर खूबसूरत पार्क का निर्माण करने के बाद योगीराज श्री भरत जी महाराज की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। नई रेलवे स्टेशन का आकार राम जन्मभूमि के मंदिर जैसा दिखाई देगा इसके साथ ही यातायात की सुविधा को देखते हुए ओवर ब्रिज निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अयोध्या की उप नगरी भरत कुंड की पहचान के अनुकूल ही यहां का रेलवे स्टेशन भी होना चाहिए। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेलवे के डिवीजन इंजीनियर विवेक कुशवाहा, स्टेशन मास्टर विपिन कुमार, ईओडब्ल्यू सत्यार्थी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर केपी यादव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे, राघवेंद्र पांडे, कार्यक्रम संयोजक संतोष सोनी, ब्लॉक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बीकापुर राकेश पांडे राना, भरत हनुमान मिलन मंदिर भरतकुंड के महंत परमात्मा दास, शिवकुमार सिंह, नसीमुद्दीन, रामकृष्ण पांडे, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, भरत जी श्रीवास्तव सहित रेलवे के अधिकारी जीआरपी पुलिस एवं भारी तादात में लोग मौजूद रहे। सीनियर सेक्शन इंजीनियर केपी यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के शिलान्यास के बाद भरतकुंड रेलवे स्टेशन का पुनर्निमाण नई सुविधाओं से लैस और विकसित होगा। प्रथम फेज में 17.40 करोड़ रुपये की लागत से नए स्टेशन भवन का निर्माण व विकास होगा। रेलवे स्टेशन के विकास के लिए करीब 41 करोड़ रुपए खर्च किए जाने के कार्य योजना है। यहां यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया, आरामदायक फर्नीचर, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। सरकुलेटिंग एरिया में चौड़ी सड़कें, पार्किंग, सुंदरीकरण, हरित पट्टी, साइनेज और जल निकासी की व्यवस्था होगी। दिव्यांगजनों से जुड़ी सुविधाएं, प्लेटफार्म सतह का सुधार, यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त शेड, एलईडी आधारित स्टेशन नेम बोर्ड, सीसीसीटी, फ्री वाईफाई जैसी सुविधाओं का भी विकास होगा।

# तीन सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी ने किया प्रदर्शन

✻ उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की ओर से सदर तहसील मे तीन सूत्रीय मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी से मांगों के निस्तारण के लिए वार्ता की गई।उपजिलाधिकारी ने किसानों को उनकी मांगो का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की।किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की ओर से की गई मांगो की जानकारी देते हुए संगठन के मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया की अंकारीपुर पुरीवा में शिव शंकर पांडेय की बैनामा शुदा जमीन पर कराए जा रहे निर्माण कार्य को पुलिस अनधिकार रोक रही है। इसी प्रकार बदनपुर में अच्छे लाल राजभर के घर से राज प्रताप के घर तक नाली बनायी जानी है। ग्राम प्रधान कहीं-कहीं नाली बना रहा है,और कहीं कहीं छोड़ दे रहा है। गांव में शौचालय की जांच कराई जाए। तमाम गरीब ऐसे बाकी हैं जिनका अभी तक शौचालय नहीं बनाया गया है ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बंधनपुर, गोसाईगंज, गद्दोपुर, महबूबगंज व मया रोड पर छुट्टा जानवरों की समस्या है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का निदान करें। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने किया। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, अंबेडकर नगर जिला अध्यक्ष राजति राम वर्मा, तहसील अध्यक्ष कपिल देव यादव, दयाराम, रीमा देवी, महिला अध्यक्ष इंद्रावती, प्रियंका, रेशमा बानो सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में पूरे तरीके से जंगलराज कायम: अवधेश प्रसाद

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। कल रात में अपराधियों ने विशाल यादव पुत्र श्यामबली यादव निवासी टोनिया, जिला-अयोध्या जो कि मक्खापुर बारात में गये थे और रात में लौटते समय मसिनिया गाँव के पास बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री/विधायक और लोक सभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है और कहा कि इस संकट की घड़ी में पूरा समाजवादी पार्टी उनके साथ है। श्री प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनको ढांढस बँधाया और कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरीके से जंगलराज कायम है। अपराधियों का बोल-बाला है। उनको शासन-प्रशासन का जरा भी भय नहीं है। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन, सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक सपा प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय, प्रदेश सचिव छेदी सिंह, प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव, उपाध्यक्ष एजाज अहमद, ओपी पासवान, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अचल यादव, कमलेश सोलंकी, जगन्नाथ यादव, चै0 बलराम यादव, सूर्यभान यादव, अरूण यादव, विपिन यादव, रमापति यादव, अशोक वर्मा, अखिलेश पाण्डेय आदि लोगों ने मिलकर गहरा दुःख व्यक्त किया और शासन-प्रशासन से मांग की कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करके सजा दी जाय। भाजपा सरकार में आम आदमी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में दंगे नहीं दंगल हो रहे है।

# संत रविदास की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को संत रविदास की जयंती अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''संत रविदास'' की जयन्ती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि संत रविदास (रैदास) का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा दिन रविवार को संवत 1433 को हुआ था। उनके जन्म के बारे में एक दोहा प्रचलित है। चौदह से तैंतीस कि माघ सुदी पन्दरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री रविदास। उनके पिता संतोख दास तथा माता क नाम कर्मा देवी था। उनकी पत्नी का नाम लोना बताया जाता है। रविदास ने साधु-सन्तों की संगति से पर्याप्त व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया था। वे जूते बनाने का काम किया करते थे और ये उनका व्यवसाय था। अपना काम पूरी लगन तथा परिश्रम से करते थे। संत रविदास समय से काम को पूरा करने पर बहुत ध्यान देते थे। संत रामानन्द के शिष्य बनकर उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित किया। संत रविदास ने स्वामी रामानंद को कबीर साहेब के कहने पर गुरू बनाया था, जबकि उनके वास्तविक आध्यात्मिक गुरू कबीर साहेब ही थे। उनकी समयानुपालन की प्रवृति तथा मधुर व्यवहार के कारण उनके सम्पर्क मे आने वाले लोग भी बहुत प्रसन्न रहते थे। प्रारम्भ से ही रविदास जी बहुत परोपकारी तथा दयालु थे। दूसरों की सहायता करना उनका स्वभाव बन गया था। साधु-सन्तो की सहायता करने में उनको विशेष आनन्द मिलता था। वे उन्हे प्रायः मूल्य लिये बिना जूता भेंट कर दिया करते थे। गुरू रविदास शेष समय में ईश्वर-भजन तथा साधु-सन्तों के सत्संग में व्यतीत करते थे। रविदास जी के सेवक इनको 'सतगुरू', ''जगतगुरू' नामों से सत्कार करते हैं। रविदास जी ने दया दृष्टि से करोड़ो लोगो का उद्धार किया जैसे-मीराबाई मन चंगा तो कठौती में गंगा। जयंती अवसर पर विद्यालय में पोस्टर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी सहित उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने संत रविदास की जयंती को मनाया।

# युवा प्रधान की बीमारी से मौत

जन एक्सप्रेस । बीकापुर- अयोध्या

चौरे बाजार चौकी क्षेत्र के चौरे चन्दौली प्रधान दिनेश कुमार उर्फ जैकी उम्र लगभग 35 वर्षीय की बीमारी के चलते सोमवार की सुबह इलाज के दौरान लखनऊ में मौत होने की जानकारी परिजन एवं ग्रामीणों को होने पर लोग जैकी के कार्य व्यवहार पर चर्चा करते हुए की इतनी कम उम्र में ग्राम सभा का प्रधान होने से लेकर क्षेत्रीय लोगों के दिलों पर राज करना उसे समय दिखाई पड़ा जब लोगों को प्रधान के मौत की जानकारी हुई तो क्षेत्रीय हजारों की संख्या में लोग एकत्र होकर पछड़े खाते रोते विलखते देखे गए हैं। उत्त मृतक प्रधान की तीन पुत्रियां थी जिसमें बड़ी बेटी की उम्र लगभग दस वर्ष बताई जा रही है जानकार लोग मृतक प्रधान की प्रशंसा के साथ ईश्वर को कोसने में कसर नहीं रख रहे हैं। मृतक प्रधान का अंतिम संस्कार सोमवार को ही दिन में गांव के पास ही लंबें जन समूह के साथ किया गया है।

# शैक्षणिक भ्रमण दल ने अप्सरा विहार, रजत प्रपात, कुंड व बी फाल का किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर, वनस्पति विज्ञान विभाग का शैक्षणिक भ्रमण दल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में, विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, डॉ मोहम्मद अकमल एंव डॉ वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पंचमढ़ी के विभिन्न स्थलों अप्सरा विहार, रजत प्रपात, पाँचाली कुण्ड तथा बी फाल में अध्ययन के लिए गया। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को एमएलकेपीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग मे परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के शैक्षणिक भ्रमण पर गए छात्र-छात्राओं के दल ने मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी मे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान जानकारी दी गई की अप्सरा विहार नामक स्थान पर आकर्षक जल प्रपात है, जिसका पानी उथले कुण्ड में गिरता है। इस जल प्रपात तक पहुँचने के लिए सिल्वर वाटर फ़ाल की तरफ़ लगभग 2 कि.मी. पैदल चलना पड़ता है। घने जंगल के बीच यह प्रकृति के अद्भुत उपहार की धरोहर है। अप्सरा विहार में दुर्गम रास्तों से होते हुए कालमेघ, ग्लेचिनीया, गुरमार तथा डोडोनिया के पौधों का अध्ययन किया गया। एक अन्य दुर्लभ प्रजाति के संवाहनी पौधे ओसमुण्डा के कुछ नमूने अध्ययन के लिए पाँचाली कुण्ड से एकत्रित किए गए। पाँचाली कुण्ड अप्सरा विहार के पास एक स्थल है जिसमें पानी की पाँच धारायें छोटे-छोटे कुण्डों में जाकर गिरती है जिसका दृश्य मनोरम लगता है। घने जंगल के बीच एक पतला सा बहता झरना है दूर से देखने पर यह चाँदी जैसा चमकता है जिसे रजत प्रापात कहते है। यहाँ पर छात्रों ने पहुँच कर कई जानकारीयां प्राप्त की। इसी क्रम में हम सभी लोग बी फाल पर गये।पंचमढ़ी का बी फाल लगभग 105 फुट ऊँचाई से नीचे गिरता है इस जल प्रपात के नीचे जब लोग नहाते हैं तो उनके शरीर पर पानी की छोटी-छोटी बूँदे तेज़ी से गिरती है मानो मधुमक्खी काट रही हो। इसीलिये इसे बी फाल कहा जाता है।यहाँ पर गाइड राकेश ने विभिन्न औषधिय वनस्पतियों जैसे ब्राह्मी, जंगली प्याज़, जंगली तम्बाकू तथा कीटभक्षी पौधे ब्लैडरवॉर्ट्स, ड्रोसेरा का अवलोकन कराया तथा छात्रों को इनके बारे में जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण में रिया पाण्डेय, अर्शिया ख़ातून, नेहा ज़फ़र, शुभी मिश्रा, अनुष्का, प्रगति पाल, श्रुति विश्वकर्मा, तालिब ज़फ़र, शशिकांत, एंव सुबोध पाठक प्रमुख हैं।

## चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर के निर्देश पर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में अपराध रोकथाम के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत खास मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मेडिकल परीक्षण के बाद भेजा गया जेल। प्रभारी निरीक्षक बीकापुर लालचंद सरोज ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें गस्त पर निकली उसी दौरान खास मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बनकट निवासी इरशाद पुत्र शमीम को अवैध तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक जनार्दन सिंह के द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 3/5 आर्म्स एक्ट के तहत लिखा पढ़ी कर न्यायालय भेजा गया। नंदरौली निवासी निजाम पुत्र फरीद को देश दीपक चौराहे से अवैध तमंचा हुआ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके विरुद्ध 3/5 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पहले से जिला बदर होने के बाद भी घर रहकर अपराध करने पर 1(10)जी की कार्य वाही करना एस के अवस्थी दरोगा ने कहा है ! दो आरोपियों को अवैध गांजे के साथ अलग-अलग स्थान से मुखबिर की सूचना पर बीकापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय में 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का जिलाधिकारी और विधायकों ने किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जनपद में संयुक्त जिला चिकित्सालय में 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास डीएम और विधायकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन डीएम अरविंद सिंह एवं विधायक सदर पल्टूराम एवं विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं उपस्थित जनमानस द्वारा सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान डीएम ने कहा कि बलरामपुर जनपद विकास के हरेक पैमाने पर तीव्र गति अग्रसर है। समाज के सभी वर्गों के लोगों तक साफ सुथरे तरीके से योजनाएं पहुंच रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य से चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़ापन दूर हो रहा है।

जनपद में जल्द ही अटल बिहारी वाजपेई सैटलाइट सेंटर शुरू होने वाला है तथा सैटलाइट सेंटर के एकेडमिक भवन व प्रोफेसर एवं चिकित्सकों की आवासीय भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिस पर जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण एवं बेहतर सुविधाओं होने से लोगों को इलाज के लिए जनपद से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जनपद में ही सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर विधायक सदर एवं विधायक तुलसीपुर द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं विकास कार्यों के क्षेत्र में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों एवं उपलब्धियां गिनाई गई । 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत है। जिसकी स्वीकृत लागत 28.20 करोड़ है। प्रथम किस्त के रूप में 4.70 करोड रुपए अवमुक्त हो चुके हैं। ब्लॉक में 20 बेड का आईसीयू व दो ऑपरेशन थिएटर रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी, जनप्रतिनिधिगण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# श्री लक्षचण्डी महायज्ञ, श्री लक्षगणपति महायज्ञ एवं श्री राम यज्ञ में भक्तों का उमड़ रहा सैलाब

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं श्रीमज्जगगुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के संयोजकत्व में गोला घाट, सरयू तट, अयोध्या धाम में आयोजित श्री लक्षचण्डी महायज्ञ, श्री लक्षगणपति महायज्ञ एवं श्री राम यज्ञ के दौरान बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धरिन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपनी गरिममामयी उपस्थिति प्रदानकर पूज्य महाराजश्री का आशीवाद प्राप्त किया। महायज्ञ की 100 कुण्डीय विराट यज्ञशाला में हो रहे हवन का दर्शन, प्रदक्षिणा एवं यज्ञ के ज्ञान मण्डपम् (प्रवचन पण्डाल) में अपना उद्बोधन भी उपस्थिति भक्तजनमानस को प्रदान किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पूज्य स्वामी प्रखर महाराज जैसे सन्तों के कारण ही हमारी वैदिक परम्परा, धर्म-शास्त्र सुरक्षित है, इसके लिए मैं पूज्य महाराजश्री को बारम्बार प्रणाम करता हूँ। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य कि मैं पूज्य महाराज श्री द्वारा सम्पादित किए जा रहे इस विराट महायज्ञ का साक्षात् दर्शन कर पा रहा हूँ। महायज्ञ के साथ प्रतिदिन आयोजित रहे अन्य विविध कार्यकमों के अन्तम प्रातःकालीन सत्र में सन्त सम्मेलन दौरान उपस्थित वक्ताओं ने यज्ञ महत्व पर प्रकाश डाला।

# अमृत भारत योजना के तहत बलरामपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के बलरामपुर तथा तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर विकास कार्य का लोकार्पण सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। बलरामपुर में सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने लोकार्पण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को पूरे भारत में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर विकास तथा 1500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास के शिलान्यास उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम के तहत वर्चुअल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर मुख्य अतिथि सांसद राम सरोमणि वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, सदर विधायक पलटू राम प्रतिनिधि बृजेंद्र तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू द्वारा किया गया। सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले पुनर्विकास कार्य रेलवे स्टेशनों को आधार भूत मजबूती देने के साथ-साथ सुरक्षा संरक्षण एवं यात्री सुविधाओं के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगे। स्थानीय रेल यात्रियों के साथ-साथ देश के विभिन्न भागों से बलरामपुर रेलवे स्टेशन आने वाले यात्रियों को भी क्षेत्रीय कला और संस्कृति का अहसास कराएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे के विकास के दृष्टिकोण से यह एक अत्यंत सराहनीय कदम है। श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद बलरामपुर जैसे पिछले जनपद को रेलवे के विकास से जोड़ने में काफी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उनके द्वारा लगातार रेल मंत्री से मिलकर बलरामपुर श्रावस्ती में रेलवे के विकास हेतु बराबर मांग किया जाता रहा है, जिसका परिणाम यह है कि बलरामपुर तथा तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के साथ-साथ देश की सबसे बड़ी नई रेल लाइन 242 किलोमीटर के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है। करोड़ों रुपए का बजट भी अवमुक्त हो चुका है और शीघ्र ही शिलान्यास भी होगा। उन्होंने इन सभी कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के संजय शर्मा, भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने बलरामपुर को रेलवे तथा अन्य सुविधाओं में विकास के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। योजना के तहत पूर्व में कराए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व अतिथि स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन छात्राओं को सम्मानित किया गया उनमें ग्रुप ए में ड्राइंग का प्रथम पुरस्कार मदरलैंड पब्लिक स्कूल की आनवी विश्वकर्मा, द्वितीय पुरस्कार डॉ भीमराव अंबेडकर विद्यालय की कोमल विश्वकर्मा व तृतीय पुरस्कार निबंध के लिए बाल आदर्श विद्यालय के मानसी पाठक को प्रदान किया गया।

वहीं ग्रुप बी में प्रथम पुरस्कार विवेकानंद मिशन स्कूल की रिया, द्वितीय पुरस्कार मदरलैंड स्कूल की रोशनी वर्मा तथा तृतीय पुरस्कार डॉ भीमराव अंबेडकर की शिखा प्रजापति को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेल विभाग के सीनियर डीईई आशीष मद्धेशिया व सहायक इंजीनियर विद्युत आरके यादव के अलावा किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा, संरक्षक डॉक्टर जब्बार अली, राकेश गुप्ता, सभासद संजय शर्मा, ओम प्रकाश रघुनाथ प्रवेश कुमार और मोनू दुबे सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# जौनपुर में भीषण सड़क हादसा रोडवेज बस टैक्टर भिड़ंत में 6 मजदूरों की मौत, दो की हालत गंभीर

* छत की ढलाई कर घर वापस लौटते समय हुई दर्दनाक घटना
* सूचना पर रात में ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले में बीती रात भीषण सड़क हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई जबकि की दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है गंभीर रुप से घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों मजदूर जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं वहीं घायल मजदूरों में से एक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड दिया।घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा समेत जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से ट्रैक्टर के नीचे दबे हुए मजदूरों को बाहर निकाला जिसमें पांच मजदूर मौके पर ही दम तोड चुके थे फिर भी सभी को राजकीय चिकित्सालय मछलीशहर लाये जहां डाक्टरों ने पांच मजदूरों को मृतक घोषित कर दिया व दो घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जिनका इलाज उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जिसमें एक और मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड दिया बताया जाता है कि बीती रात जब लोग गहरी नींद में सोये हुए थे तभी सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज रायबरेली हाईबे पर रोडवेज बस और ट्रैक्टर की भिड़ंत में पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो मजदूर जिंदगी और मौत से संघर्ष अस्पताल में कर रहे हैं सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस के साथ सहयोग करने में जुट गए घटना का समय लगभग रात 12:30 बजे का बताया जा रहा है उक्त रोडवेज बस प्रयागराज से देवरिया जा रही थी जैसे ही बस सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज पहुंची इसी बीच स्थानीय थाना क्षेत्र से छत की ढलाई करके टैक्टर पर सवार होकर मजदूर घर वापस लौट रहे थे।ट्रैक्टर पर करीब 12 मजदूर सवार थे। तभी टैक्टर बस में जोरदार टक्कर हो गई।सूत्रों की माने तो रोडवेज बस में चालक के बगल स्थित सीट पर यात्रा कर रही एक महिला को भी चोटें आई हुई है। जो देवरिया जिले की बताई जा रही है।

### हादसे में मृत हुए 6 मजदूरों को मुख्यमंत्री सहायता के लिए डीएम ने लिखा पत्र



जिलाधिकारी रबीन्द्र मांदण ने बीती रात सड़क दुर्घटना में छ मजदूरों की मौत पर दु:ख व्यक्त करते हुए बताया कि घटना में मृतक परिवारों को किसान दुर्घटना बीमा से भी मुआवजा देने के लिये प्रक्रिया शुरु कर दिया गया है मुख्यमंत्री विवेक का कोष से भी सहायता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक मजदूरों के नाम

- अतुल सरोज पुत्र रामशंकर 30 वर्षीय निवासी बीरभानपुर थाना बक्सा (2)राजेश सरोज पुत्र तेज बहादुर 45 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा
- संग्राम विश्वकर्मा पुत्र राजेश 25 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा (4)गोविन्दा बिंद पुत्र रामचंदर बिंद 30 वर्षीय निवासी बटाऊवार थाना सिकरारा
- छाई मुसहर पुत्र अज्ञात 20 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा
- नीरज सरोज पुत्र पुन्नीलाल 27 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर।

वही घायल मजदूर पंकज सरोज पुत्र उजागीर 31 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई हैं।

# कायाकल्प के बाद भव्य नजारा होगा रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर : रमेश चंद्र मिश्र

* बेगमपुरा मरुधर एक्सप्रेस के ठहराव के लिए जल्द रेलवे मंत्री मिलकर मांग करूंगा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




**बदलापुर।** अमृत भारत योजना में शामिल रेलवे स्टेशन श्री कृष्णानगर को मॉडल रेलवे स्टेशन बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी ने सोमवार को रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर का वर्चुअल शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने प्रधानमंत्री मोदी तथा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि मेरी मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए इस स्टेशन को अमृत भारत योजना के अन्तर्गत चयनित किया गया। श्री मिश्र ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत इस स्टेशन पर अनेक प्रकार के आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्टेशन कार्यालय भवन का सुंदरीकरण प्लेटफार्म विस्तार, यात्रियों के लिए फूड प्लाजा की व्यवस्था की जाएगी। बेहतर लाइट व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेबी फीडिंग कक्ष, कैफेटेरिया, रिटेल सुविधाएं, नए मॉडल के फर्नीचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के कम से कम दो स्टाल, यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान के लिए सुन्दर चौड़ी सड़कें, पार्किंग क्षेत्र, दिव्यांग जनों के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विकास , उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, यात्रियों को बैठने के लिए पर्याप्त शेड एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यात्री प्रसाधन, एलईडी आधारित स्टेशन , सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टिकोण से सीसी टीवी कैमरा, ट्रेन इन्डीकशन बोर्ड, फ्री वाई फाई सुविधा आदि होंगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि बहुत जल्द इस स्टेशन पर बेगमपुर तथा मरुधर एक्स्प्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग रेल मंत्री से मुलाकात कर करूँगा। समारोह में विधायक मिश्र ने रेल महकमा की तरफ से आयोजित 2047 का विकसित भारत विकसित रेलवे अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में आयुषी विश्वकर्मा, श्रेयांजलि यादव,नेहा गौतम, आराध्या प्रजापति, प्रियंका राय, चन्दन मौर्या, अस्मिता, शिवा गौतम तथा प्रिया यादव थीं। संचालन आदित्य प्रताप सिंह तथा पंकज दुबे ने किया। आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सिग्नल टेलीकाम राहुल कुमार ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह, विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह, अनिल सिंह शक्ति, योगेश पाण्डेय, सुरेश चौहान आदि लोग मौजूद थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सर्प डंस से युवती की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** केराकत थाना क्षेत्र के अंतर्गत परमानंदपुर गांव में सर्फ डंस से युवती की मौत हो गई। मौत से परिवार में मच कोहराम गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परमानंदपुर गांव निवासी दिनेश कुमार की 18 वर्षीय पुत्री कविता कुमारी सुबह उठकर काम कर रही थी घर में बैठा सर्फ ने डंस लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को होने के बाद आनन-फानन में अटाला मस्जिद जौनपुर ले जा रहे थे की, रास्ते में ही ले जाते समय युवती ने दम तोड़ दी। मृतक युवती तीन बहनों व दो भाइयों में चौथे नंबर की थी। वह इंटर की पढ़ाई पुरी कर घर में गृहणी का कार्य करती थी। और मृतक युवती के पिता रोटी-रोजी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। और कमाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वही इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जिसके बाद परिजनों ने मृतक युवती के शव को केराकत गोमतेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### हौसलबुलंद चोरों ने डेढ़ लाख का जेनरेटर उड़ाया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सिंगरामऊ बाजार में स्थित बीएसएनएल टावर के पास स्थित लोहे की गोदाम के सामने रखा एक 15 केवी का जेनरेटर रविवार की रात में चोर पिकअप में बांधकर उठा ले गए। ये घटना गोदाम के सामने लगे सीसीटीवी कैमरा सहित बस स्टॉप पर लगे कैमरे में भी कैद हो गया है। स्थानीय बाजार निवासी स्क्रैप के व्यवसायी अभिषेक कुमार जायसवाल की दुकान व गोदाम बीएसएनएल टावर के पास है। वहाँ दूकान के सामने रखा बड़ा जेनरेटर रात में चोर उठा ले गए। सुबह जब उक्त व्यापारी को जेनरेटर गायब होने की जानकारी मिली तो उसने तत्काल इसकी लिखित सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। उक्त दूकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने से प्रतीत ही रहा है कि चार की संख्या में आये लोगो ने जेनरेटर ट्राली सहित पैदल ही बगल में स्थित राजमार्ग तक ले गए। पीड़ित ने बताया की उक्त जेनरेटर की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये थी। चोर उसे पिकअप के पीछे बांधकर उठा ले गए।

### जिलाधिकारी ने दुर्घटना बीमा का दस लाख रुपए का चेक व्यापारी के परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** असिस्टेण्ट कमिश्नर(ए) वाणिज्य कर संतोष कुमार तिवारी ने अवगत कराया है कि आयुक्त वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश के द्वारा मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अन्तगर्त रू0दस लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी स्व0 श्री राकेश कुमार गुप्ता फर्म सर्वश्री श्यामदेव ट्रेडिग कम्पनी जौनपुर को राशि रूपये दस लाख का चेक प्रदान किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त राज्य कर सुरेन्द्र कुमार कैथल, उपायुक्त राज्य कर अशोक कुमार सिह, सहायक आयुक्त (ए) राज्यकर संतोष कुमार तिवारी, एवं केतन गाँधी एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी एव अन्य व्यापारी उपस्थित थे।



# सिंगरामऊ महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**सिंगरामऊ।** स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत बी0कॉम तृतीय वर्ष एवं बी0एड0 अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर जय सिंह जय बाबा ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन प्रदान करते हुये कहा कि तकनीकी युग में स्मार्ट फोन विद्यार्थियों के ज्ञान की वृद्धि में मील का पत्थर साबित होगा और जब युवा ज्ञान से समृद्ध होगा तभी देश का भविष्य भी अच्छा होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मोबाइल का सकारात्मक उपयोग की सलाह देते हुये कहा कि स्मार्ट फोन के माध्यम से युवाओं के भविष्य में सुधार होगा और शिक्षा प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ0 अविनाश सिंह यादव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कुल 516 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज बी0कॉम एवं बी0एड0 के 87 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया जायेगा जबकि मंगलवार को बी0ए0 तृतीय वर्ष के 236 और बुधवार को बी0एस0सी0 के 193 छात्र - छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ0 राजेश सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुये सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो0 इन्दु प्रकाश सिंह, डॉ0 बृजेश प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज सिंह, डॉ0 जलज गुप्ता, डॉ0 सतीश कुमार, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 गिरीश मणि त्रिपाठी, राकेश कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपर निदेशक ने किया अवचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

* निरीक्षण के दौरान चिकित्सा व स्वास्थ्यकर्मियों को दीया आवश्यक निर्देश

**मछलीशहर।** स्वास्थ्य विभाग अपर निदेशक वाराणसी डा. मंजुला सिंह ने सोमवार को मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अवचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डा. मंजुला सिंह ने अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए, ओपीडी सेवाओं, भर्ती की सुविधा, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। अस्पताल में रिकार्ड के रजिस्टर चेक किये। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन्म के समय पर ही मंत्रा एप पर नवजात शिशु की एंट्री सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण भी किया। इसके बाद अपर निदेशक क्षेत्र के ग्राम गोधना में स्वास्थ सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सी एम् ओ डा. लक्ष्मी सिंह, जिला मलेरिया व फाइलेरिया अधिकारी डा. बी पी सिंह, डा. अमित सिंह, डॉ राम बचन एम एल टी, अधिक्षक मेजर डॉ. तपिश कुमार, डॉ .बी एल यादव, आर के यादव आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में क्षितिज सक्सेना को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



सोमवार को ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल, पीलीभीत के विद्यार्थी क्षितिज सक्सेना का सोनी चैनल पर शीघ्र प्रसारित होने वाले सुपरस्टार सिंगर कंपटीशन में टॉप-15 प्रतिभागियों में चयन होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने क्षितिज सक्सेना को बधाई दी एवं उसके चयन के लिए उसको फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षितिज सक्सेना के गुरू संजीव पाराशरी को भी शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। संजीव पाराशरी ने कहा कि विद्यालय के हर बच्चे में एक क्षितिज छिपा हैं। बस उसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के सहयोग के बिना क्षितिज का यहाँ तक पहुँच पाना मुश्किल था। विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने क्षितिज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी एवं क्षितिज को 5100/- रूपये का चेक भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने क्षितिज की इस उपलब्धि पर शुभकानाएँ देते हुए कहा कि क्षितिज ने पूरे जिले के साथ ही ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल को भी को एक नई पहचान दी है। और उन्होंने क्षितिज को भविष्य में गायन के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। क्षितिज की इस उपलब्धि पर ज्ञान इण्टरनेशनल विद्यालय के सभी विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं अत्यन्त प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए।

# हमारा देश पूरी दुनिया में छाप छोड़ रहा है : सांसद

* बोले सांसद सबसे ऊंचे दर्जे के वकील, डॉक्टर, इंजीनियर सब हिन्दुतानी
* रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास कार्यक्रम में हुए शरीक

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



सांसद वरुण गांधी सोमवार को जिले में पहुंचे। जिले की सीमा पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनको स्वागत किया। ब्लॉक के ग्राम खजुरिया पचपेड़ा, फूटा कुआं, बरगदा व ग्राम मसौत में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित करने के बाद वह पीलीभीत जंक्शन पर आयोजित अमृत स्टेशनों के शिलान्यास कार्यक्रम में शरीक हुए। संबोधन में सांसद वरुण गांधी ने कहा कि हमारा देश पूरी दुनिया में छाप छोड़ रहा है। विश्व में 18 ऐसे देश हैं, जिनके प्रधानमंत्री, अध्यक्ष, राष्ट्रपति हिन्दूस्तान मूल के हैं। दुनिया में कहीं भी जाए सबसे ऊंचे दर्ज के वकील, डॉक्टर, इंजीनियर सब हिन्दुतानी हैं। हमारे ?देश में मेहनत की कमी नहीं। न ही हिम्मत और प्रतिभग की। हमारे देश में लोगों को बस अवसर की जरूरत है। कहा कि आने वाली पीढ़िया पूरे दुनिया में जयहिंद का नारा लगाएंगी। बोले कि राष्ट्रभक्ति केवल एक नारा न हो बल्कि जीवन का एक मूल्य हो, एक रास्ता हो। यह संक्लप हम सभी को अपने अंदर पैदा करना चाहिए। सांसद ने कहा कि वह इस कार्यक्रम को राष्ट्रभक्ति रूप में देखते हैं। उन्होंने इसके लिए अपने और जिलेवासियों की तरफ से देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद किया। सांसद ने कहा कि हमारे देश फले, फूले और खिले, हर पीढ़ी आगे बढ़े। अपने सपने को बड़े सपने में तब्दील करे। भविष्य की तरफ हम लोग देखें और स्वभिमान के साथ हाथ पर हाथ मिलाकर सब लोग आगे बढ़ें। इसके बाद सांसद वरुण गांधी बरखेड़ा पहुंचे जहां उन्होंने ग्राम दौलतपुर पट्टी, उदराहा, दियुराजपुर, पैनिया हिम्मत, जादौपुर पट्टी, पिपरिया मंडन, ईंटारोड़ा, नारायणपुर, टिकरी माफी, बरखेड़ा यासीन, चंदपुरा, ढकिया रंजीत, चौसरा, परसिया, पकड़िया मंगली, सिमरा अकबरगंज आदि ग्रामों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। बोले कि पीलीभीत उनका परिवार है और उसकी सेवा करना वह अपना कर्तव्य समझते हैं। सांसद ने सभी को सुख दुख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। जनसंवाद के बाद उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी।

### इनकी रही उपस्थित

जनसंवाद कार्यक्रमों में सांसद सचिव कमलकांत, बंटी मिश्रा, सतीश पांडेय, सूरज शुक्ला, सोनू पांडेय, वेद प्रकाश, बबलू वर्मा, आनंद किरन, आमोद कुमार पांडेय, मेवाराम, जगदीश राठौर, अनीस अहमद, शिव कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार, अमित यादव, भूपराम मौर्या, कमलेश वर्मा, कार्तिक सिंह, विपिन यादव, सुमित मिश्रा, दीपक पांडेय, राजकुमार भारती, नवीन अलख, प्रदीप मिश्रा, वतनदीप मिश्रा, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।

# खेत की जुताई करने गए किसान की रोटावेटर में फंसने से मौत



* रोटावेटर में फंसे शव को बमुश्किल निकाला, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में खराबी आने पर सही करते समय चपेट में आने से किसान की मृत्यु हो गई। आस-पड़ोस मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर को बंद कर बमुश्किल रोटावेटर में फंसे किसान को बाहर निकाल।घटनास्थल पर ही किसान की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जहूरगंज निवासी अरुण कुमार (35)पुत्र रामेश्वर दयाल सोमवार सुबह गन्ने की बुवाई के लिए रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहा था। अचानक रोटावेटर में खराबी आने पर ट्रैक्टर को बंद किए ही नीचे आकर रोटावेटर को सही करने लगा।चपेट में आने से किसान रोटावेटर में फंस गया। घटना को देख आस पड़ोस खेतों में काम कर रहे दर्जनों लोग मौके पर जुट गए। ट्रैक्टर को बंद कर बमुश्किल रोटावेटर में फंसे किसान को बाहर निकाल। घटनास्थल पर ही किसान की मृत्यु हो गई।जानकारी पर मृतक के स्वजन भी खेत पर पहुंच गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने स्वजनों से जानकारी की।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक किसान के दो बच्चे हैं। घटना के बाद से पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में नवदंपती को दिया आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पीलीभीत मंडी परिसर में 97 वर वधू एक दूसरे के जीवन साथी बने। जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर ने जनप्रतिनिधियों व अफसरों के साथ पहुंच नव दंपति को उपहार व आशीर्वाद दिया। उन्होने सभी नवदंपति के जीवन में खुशहाली की कामना की। इसमें समस्त विकासखण्डों से 106 जोड़ो ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 97 नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया। नव दापत्य जोडों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोडे की शादी पर रू. 51 हजार व्यय करने की व्यवस्था की गई। जिनमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू. 35000/- मात्र कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। रू0 10000/- की विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामाग्री बिछिया, पायल, वस्त्र आदि जोडों को दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल अन्य व्यवस्थाओं हेतु रू .6000- मात्र निर्धारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान में जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पीलीभीत चेयरमैन डॉ0 आस्था अग्रवाल, ब्लांक प्रमुख मरौरी/ललौरीखेड़ा, संजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, पीओ डूडा, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आबारा पशुओं के हमले से कई किसान मौत के मुंह में समाये : दिव्या गंगवार

**जन एक्सप्रेस । हरीश वर्मा**

**बीसलपुर।** इस समय किसानों के खेतों में गेहूं लाही सरसों की फसल खड़ी हुई है। जिसकी रखवाली करने के लिए किसान खेतों में टांड़ बनाकर पूरी पूरी रात रखवाली कर रहे हैं। कई किसानों की आबारा पशुओं के हमलों से जाने जा चुकी हैं तो कई लोग आबारा पशुओं से टकराकर मौत के मुंह में समा चुके हैं लेकिन सरकार इन पशुओं की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है केवल बयानबाजी कर आदेश दिये जा रहे हैं। स्थानीय अधिकारी इन अबारा पशुओं को पकड़वाने के लिए कोई कार्यवाही करते नजर नहीं आ रहे हैं। बीसलपुर 130 विधानसभा पूर्व प्रत्याशी एवं समाजवादी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा सरकार भाषणवाजी कर आबारा पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में रखवाये जाने का किसानों को प्रलोभन देकर वोट तो हथिया लेती है इसके बाद इन पशुओं के बारे में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांव गांव अस्थाई गौशाला बनवाकर पशुओं को पकड़वाये जाने की घोषणां की थी लेकिन दो चार गांवों में ही गौशाला बने हुए हैं वाकी गांवों में नहीं बने हैं। पशु आबारा घूम रहे हैं। किसान पूरी पूरी रात अपने खेतों की रखबाली करता है। कई किसानों की पशुओं के हमले से मौतें हो चुकी हैं। कई बाइक सबार आबारा पशुओं से टकराकर मौत के मुंह में समा चुके हैं। भाजपा चुनाव के समय किसानों की आय दोगुनी करने की भाषणबाजी कर किसानों को अन्नदाता कहती है लेकिन जब किसानों के खेतों की फसल आबारा पशु चट कर जायेंगे तो कहां से आय दोगुनी होगी और देश का अन्नदाता भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेगा। समाजवादी पार्टी की करनी व कथनी में कोई फर्क नहीं है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जो कहा वह करके दिखाया है कभी भाषणबाजी कर झूठा वादा नहीं किया। उनके द्वारा चलाई गयीं योजनाएं आज भी दिखाई दे रही हैं। भाजपा सरकार केवल कागजी घोड़ा दौड़ाने में माहिर है। धरातल पर कोई विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहा है।

# मांगों को लेकर आशा बहू कल्याण समिति ने की कार्य बहिष्कार की घोषणा

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**




ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी आशाबहुओं ने सीएचसी में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी के साथ सोमवार को धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। आशा बहू कल्याण समिति के तत्वावधान में आशाबहुओ ने विरोध प्रदर्शन के साथ अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा की।

नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची आशा बहुओं समेत संगिनी ने सोमवार को आशा बहू कल्याण समिति उ0प्र0 के तत्वावधान में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य केन्द्र गेट पर आशा बहूओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आशा बहू कल्याण समिति की नवाबगंज अध्यक्ष उमा देवी व उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी ने बताया कि आशाबहुओ को काम के सापेक्ष मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बहुत कम है।

अतः इस भुगतान राशि को बढ़ाकर निश्चित मानदेय की व्यवस्था की जाए। वही आशा बहु व संगिनी को शिक्षा एवं योग्यता के आधार पर पदोन्नति किया जाए। इसके साथ क्षेत्र में कार्य के दौरान जोखिम को देखते हुए आशा बहु व संगिनी के लिए बीमा व्यवस्था व शिकायत हेल्पलाइन की व्यवस्था की जाने आदि की मांग है। सरकार द्वारा उक्त मांगे मंजूर न किये जाने पर कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। वही इसके साथ स्वास्थ्य विभाग से आशा बहु व संगिनी के कार्य बहिष्कार के दौरान सहयोग करने की अपील की है। इसके साथ किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा आशा बहु व संगिनी को कार्य करने के लिए प्रताड़ित न करने का अनुरोध किया है। इस दौरान कुमुदिनी, शैली सिंह, श्रीमती, नीलम साहू, प्रतिभा रावत, अनीता भारती, मधु, अनीता देवी आदि आशाबहुयें बड़ी संख्या में पहुचीं।

# सूने घर का ताला तोड़ चोरों ने नगदी, जेवर किए पार

- घर का ताला टूटा देख गृह स्वामिनी ने पुलिस को दी सूचना
- माखी थाना क्षेत्र के व्यस्ततम चौराहे का मामला

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



माखी थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने व्यस्त चौराहे पर एक घर का ताला तोड़ लाखों की नगदी और जेवरात पार कर दिए। सुबह घर पहुंची गृह स्वामिनी ताला टूटा देखा तो उसके होश उड़ गए। घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। आस पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए चोरों का पता लगाने के प्रयास पुलिस कर रही है।

माखी थाना क्षेत्र के चकलवंशी चौराहा परियर रोड पर प्रेमवती पत्नी स्व. रमाकांत का मकान है। वह इसी मकान में कास्मेटिक और फुटवियर की दुकान चला कर अपनी तीन बेटियों की परवरिश करती है। उसके साथ उसकी ननद शशि भी रहती है। रविवार को शशि अपनी ससुराल पंडित खेड़ा गई थी। प्रेमवती भी गेट में ताला लगा कर मियागंज रोड पर रहने वाले पिता राम मिलन के घर चली गई। देर रात गेट का ताला तोड़ कर चोर घर में दाखिल हुए। अलमारी और बक्से के ताले तोड़ कर चोर उनमें रखी नगदी और सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। एसओ संदीप कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। मौका मुआयना कर आस पास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखवाई जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा कर घटना का अनावरण किया जाएगा।

# अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी

- मांगलिक कार्यक्रम से लौटते समय देर रात हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे युवक की बाइक सोहरामऊ थाना क्षेत्र के पथरहा पुल के पास अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

लखनऊ जनपद के पारा थाना क्षेत्र के निरौरा गांव निवासी विनोद (30) पुत्र राम औतार सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रानीगंज निवासी अपने साले नरेंद्र के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वहां से देर रात बाइक पर सवार होकर वापस लखनऊ जा रहा था। तभी पथरहा पुल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। पुल के पास खंती में बाइक और शव पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत पर अंशु का रो रोकर बुरा हाल है। उसे यही चिंता खाए जा रही है कि पति मौत के बाद उसकी मासूम बच्ची की परवरिश कैसे होगी। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था।

# महिला और राजमिस्त्री के फंदे से लटके मिले शव

- बारासगवर व फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्रों की घटनाएं

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



अलग अलग थाना क्षेत्रों गृह कलह से अजीज महिला और राजमिस्त्री ने घर के अंदर फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों का पोसटमार्टम कराया।

**केस एक :**

बारासगवर थाना क्षेत्र के नेवाजीखेड़ा गांव निवासी ममता (28) पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने घर के अंदर छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। सोमवार सुबह करीब नौ बजे उसने पति को खाना बनाकर दिया। यही नहीं आठ साल के बेटे मयंक को स्कूल भेजने के बाद सीधे अपने कमरे में चली गई। पति अकरमपुर स्थित फैक्टरी में काम करने चला आया। काफी देर तक जब ममता कमरे से बाहर नहीं आई तो सास रूपरानी उसे देखने गई तो देखा कमरे में लगे कुंडे में साड़ी के फंदे से बहू का शव लटक रहा था। शव देख उसकी चीख निकल गई। पड़ोसियों की भीड़ लग गई। उसने बेटे के साथ मृतका के बिहार थाना क्षेत्र के गांव ललियापुर स्थिति मायके में सूचना दी।

मृतका के बाबा भगवानदीन और अन्य ससुरालीजन पहुंचे। पति और और मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव फंदे से नीचे उतारा और शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें हैंगिंग की पुष्टि हुई है। बाबा ने बताया कि ममता का वर्ष 2013 में धर्मेद्र के साथ विवाह हुआ था। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि मायके पक्ष से कोई आरोप नहीं लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**केस दो :**

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के परशुराम गांव निवासी मनोज गौतम (42) राजमिस्त्री था। रविवार को काम कर लौटने के बाद बीमार पत्नी माधुरी को दवा लेने गया था। वापस आने के बाद उसने खाना नहीं खाया और कमरे में लेटने चला गया। रात करीब नौ बजे उसे खाने लिए जब बुलाया गया तो कोई आवाज नहीं आई। इस पर पत्नी कमरे में देखने गई। वहां रस्सी के फंदे से शव लटक रहा था। पति का शव देख वह बेहाल हो गई।

घर में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई उमाकांत ने बताया कि एक साल पहले पिता भीखालाल की बीमारी से मौत हो गई थी। भाई परिवार के साथ अकेले रहते थे। इसलिए आत्महत्या के पीछे सही कारण पता नहीं चल सका। बेटे की मौत से मां इंदूवती और अन्य परिजन बेहाल हैं। थानाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# बेकाबू डंपर पुलिया तोड़ नहर में पलटा



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

दही थाना क्षेत्र के गौरा पुल पर रविवार देर रात मिट्टी लेकर जा रहा डंफर बेकाबू हो गया और शारदा नहर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे जा गिरा। हादसे में चालक मामूली रूप से घायल हो गया। सोमवार सुबह पुलिस ने दो क्रेन और जेसीबी की मदद डंपर बाहर निकलवाया।

कानपुर जनपद के पनकी कस्बा निवासी रामबाबू (35) गंगा एक्सप्रेसवे में निर्माण कार्य में चल रहे मिट्टी भरान काम में डंफर चला रहा है। रविवार को देर रात मिट्टी लेकर जाते समय गौरा पुल पर डंफर बेकाबू होकर पुरवा ब्रांच की शारदा नहर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा।

गनीमत रही की नहर में पानी नही था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। लेकिन चालक को मामूली चोट ही आई। जिसके बाद सोमवार को पुलिस ने दो क्रेन और एक जेसीबी की मदद से डंपर को बाहर निकलवाया।

# प्रो.एच.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन कानपुर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



प्रो.एच.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन कानपुर में भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ द्वारा लोकसभा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के अध्यक्ष सुष्मित मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी एवं देवेंद्र सिंह भोले, विधायक सुरेंद्र मैथानी, एवं महेश त्रिवेदी, एमएलसी पवन सिंह चौहान, शिक्षाविद नरेंद्र द्विवेदी की गरिमा में उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का स्वागत शाल एवं पुष्प पौध देकर किया। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सुष्मित मिश्रा ने कहा कि मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को कानपुर को एक अवसर के रूप में देखना चाहिए एवं कानपुर को आधुनिक प्रणाली और ड्रोन हब के रूप में विकसित करना चाहिए और डबल इंजन की सरकार पुनः बनी रहे ऐसी कामना की क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी को एक जुट होने का संदेश दिया। प्रदेश संयोजक डॉ.दिवाकर मिश्रा ने आने वाले लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर पर मजबूत होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भी ध्यान पूर्वक सुना। कार्यक्रम के अवसर पर सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूने घर से शादी के जेवर और नकदी समेत 7.5 लाख चोर ले उड़े

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कस्बे के कछियाना नई बस्ती में बीती रविवार की देर रात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए शादी के कीमती जेवर जो करीब 6 लाख रुपए के बताए जा रहे हैं और 1 लाख 75 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस ने छानबीन कर घटनास्थल से साक्ष्य जुटा है।

चोर छत के रास्ते जीने से होते हुए घर मे दाखिल हुए की बाद गृह स्वामी ने बताई है।

मंधना बिजलीघर के पास किराये पर रहने वाले शटरिंग ठेकेदार अरविंद वर्मा ने बताया कि 2 मार्च को उनकी बेटी वर्तिका उर्फ काजल की शादी है। जिसका जेवर और नकदी उन्होंने पास में ही कछियाना नई बस्ती में रहने वाले अपने मौसिया ससुर बृजेन्द्र के घर के कमरे में रखी हुई अलमारी के लॉकर में रखा हुआ था। बृजेन्द्र कार चालक है जो गुमटी में किराए पर रहते है। शनिवार को उनकी मौसिया सास लक्ष्मी भी उन्ही के यहां चली गयी थी घर में उनकी साली निकिता अकेली थी। इस वजह से निकिता भी रात में सोने के लिए उन्हीं के घर आ गयी थी। सुबह जब निकिता घर पहुंची तो देखा दोनों कमरों के ताले टूटे थे और लॉकर में रखे जेवर और नकदी गायब थी। किचन का सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था। घर का सामान बिखरा हुआ देखकर निकिता जोर से चिल्लाने लगी। निकिता के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पर पहुंच गए। जिसके बाद पड़ोसियों ने 112 नंबर पर पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जल्दी ही घटना को पारित करने वाले चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# 81 जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेकर थामा एक दूजे का हाथ



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**चौबेपुर।** पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब, असहाय, निर्धन, कन्याओं का विवाह बड़े स्तर पर कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन सोमवार को चौबेपुर विकासखंड ब्लाक अंतर्गत 81 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम हिंदू रीति रिवाज के साथ विधि विधान से अग्नि के चारों ओर सात फेरे लेकर संपन्न कराया गया। यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में तीनों ब्लॉकों कल्याणपुर शिवराजपुर और चौबेपुर के सामूहिक तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सामूहिक विवाह में मौजूद वर वधु को चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, चौबेपुर बीडीओ आशीष मिश्रा, शिवराजपुर बीडीओ सच्चिदानंद मिश्रा आशीर्वाद दिया। इसके अलावा सभी जोड़ों को गृह उपयोगी सामग्री भी उपहार स्वरूप प्रदान की गई। आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला ने सभी नव विवाहित जोड़ों को कहा कि यदि भविष्य में भी उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो वह संपर्क करके अपनी समस्या को बता सकते हैं।

# सांड के हमले से घायल किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

खेतों की रखवाली के दौरान सांड के हमले से घायल किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थाना क्षेत्र के विक्रमखेड़ा गांव निवासी लक्ष्मी नारायण खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार शाम वह खेतों पर फसल की रखवाली कर रहा था।

इसी दौरान खेत में घुसे आवारा मवेशियों को खदेड़ने के दौरान एक सांड ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। इस खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# गदनपुर चुरसा गांव सभा के युवक का करंट लगने से महाराष्ट्र में मौत

- महाराष्ट्र मे मृतक किसान का शव मंगलवार देर रात तक गांव पहुंचने की उम्मीद

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चोरसा के मजरा कछियाना का एक किसान खुशीलाल पुत्र सिपाहीलाल का बिजली करंट से महाराष्ट्र में हुए दर्दनाक हादसे मे मौत हो गई।

युवक महाराष्ट्र में कुल्फी व आइस्क्रीम का काम करता था सीसीटीवी कैमरे में वह दिखाई पड़ रहा है की मोटरसाइकिल के समीप एक तार को बोर्ड में लगाया है 10 मिनट तक काम करने के बाद फिर वह पहुंचा है और तार को छूते ही उसमें वह चिपक गया उस समय वहां से कोई गुजर भी नहीं रहा था 5 मिनट बाद वह धडाम से जमीन पर गिर गया तब एक युवक उसका साथी उठाकर ठोकने पीटते रहा अस्पताल ले जाने पर उसको मृत घोषित कर दिया गया वहीं पर तीन बच्चों का पिता उसकी पत्नी रुचि का रो-रो कर बुरा हाल है गांव से 15 दिन पहले गया था वह अपने छोटे भाई की 13वीं संस्कार करने के बाद यहां से गया था और 15 दिन मे ही उसकी भी घटना से दर्दनाक मौत हो गई है गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं प्रधान डीपी सिंह ने बताया कि बेचारा गरीब है किसान अपने बच्चों को पालने के लिए वहां कुल्फी का काम करने गया था अब वहां की कंपनी और जो व्यक्ति ले गया था क्या वह सहायता करता है हम अपनी तरफ से शासन से जितना हो सकता है उतनी मदद कराएगे। तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि मृतक के नाम जमीन है तो किसान दुर्घटना बीमा के अंतर्गत सहायता दिलाई जाएगी।

# बिल्हौर बीआरसी में दिव्यांग बच्चों के अभिवावकों की सम्पन्न हुई काउंसलिंग



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय के सभागार में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चो के अभिवावको की काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे आधा सैकड़ा अभिवावकों ने प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम में दृष्टि दिव्यांग, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेवल पाल्सी बहुदिव्यंगता से प्रभावित अथवा गंभीर रूप से दिव्यांग तथा होमबेस्ड एजूकेशन कर रहे बच्चो के अभिवावको को स्पेशल एजुकेटर अर्चना सिंह एवं अनुपमा शुक्ला द्वारा दिव्यांगता के कारण प्रकार एवं सावधानियों तथा दिव्यांग बच्चो हेतु आवश्यक उपकरण एवं उपस्कर की जानकारी व रखरखाव तथा दिव्यांगजन अधिनियम पर चर्चा एवं शिक्षण प्रशिक्षण तथा चुनौतियों एवं विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रबी कुमार सिंह के मार्गदर्शन मे धर्मेन्द्र कटियार, वेद शुक्ला, प्रशांत आदि की देख रेख में सम्पन्न हुआ।

## डम्फर की चपेट में आकर युवक घायल, हालत गंभीर



**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सामान लेने निकला युवक अचानक निकले डंपर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने युवक को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के गांव कोटवा सलारपुर निवासी सोनू पुत्र विशम्भर उम्र 27 वर्ष सोमवार को सिकन्दरपुर एकघरा गांव निवासी मामा के घर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। जहां कुछ सामान लेने के लिए नवाबगंज जा रहा था और जैतीपुर क्रॉसिंग के समीप रुका था। इस दौरान अचानक पीछे से आये डम्फर की चपेट में आकर पिछले पहिये के नीचे आ गया। हादसे में सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# टीएससीटी ने 6 दिवंगत शिक्षक परिवारों को 3 करोड़ 60 लाख रुपए से की मदद

**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**

बिल्हौर तहसील के शिक्षक अनूप ने बताया टीएससीटी दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को विगत तीन वर्षों से आर्थिक सहयोग कर रही है। टीएससीटी के जो भी शिक्षक सदस्य होते है उनकी असामयिक मृत्यु होने पर उनके परिवार की मदद की जाती है। कानपुर बर्रा निवासी स्वर्गीय अनिल कुमार के साथ स्व0जावेद हैदर (अलीगढ़) स्व0 सरजीत सिंह (सहारनपुर) स्व0किरन सिंह (वाराणसी) स्व0रमाकांत श्रीवास्तव (अमेठी) स्व0 व्यास चंद्र (बस्ती) के परिवारों को टीएससीटी के सदस्यों ने मात्र 11 दिनों में साठ-साठ लाख रुपए की आर्थिक सहायता की। यह सहायता राशि उत्तर प्रदेश के लगभग 2 लाख शिक्षक/कर्मचारियों ने दिवंगत शिक्षक के नॉमिनी को ऑनलाइन उनके खाते में 30 प्रत्येक को भेजकर की है। कानपुर नगर के बर्रा 2 निवासी स्व. अनिल कुमार किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। काफी लंबे समय तक बीमारी से लड़ते हुए दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को दिवंगत हो गए और अपने पीछे बूढी माँ पत्नी बेटा तथा दो बेटियां छोड़ गये। दिवंगत शिक्षक कम्पोजिट विद्यालय सोना कल्याणपुर कानपुर नगर में कार्यरत थे। स्व0अनिल कुमार सितम्बर 2021 से ञ्ञस्ष्ट्ञ से जुड़े थे तथा सक्रिय सदस्य थे। जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि ञ्ञस्ष्ट्ञ परिवार अब तक 154 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 45 करोड़ 40 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग कर चुकी है। इस सहयोग में कानपुर नगर के 1800 से अधिक शिक्षक/ कर्मचारियों ने सहयोग किया है। वर्तमान में मात्र 30 रुपए के सहयोग से प्रति दिवंगत परिवार को लगभग 60 लाख रु का सहयोग किया जा रहा है। इतना बड़ा सहयोग प्रदेश के इतिहास में किसी संस्था द्वारा पहली बार किया गया है, इसके लिए ञ्ञस्ष्ट्ञ परिवार के सभी सदस्य बधाई के पात्र है।

# सरकार बनी तो अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लाएंगेः मल्लिकार्जुन

**यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली हैः खरगे**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को वापस लिया जाएगा और पुरानी व्यवस्था बहाल होगी।

## दो लाख अभ्यर्थियों को सपने चकनाचूर हुए

खरगे ने पत्र में लिखा, हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेवाओं- सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। खरगे ने लिखा, 31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये।

### सैनिकों के समानांतर कैडर खड़ा करने की कोशिश

अग्निपथ योजना के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरावणे ने लिखा है कि अग्निपथ से सेना आश्चर्यचकित हो गई थी। खरगे ने लिखा, यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली है...चार साल की सेवा के बाद अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी ढूंढने के लिए छोड़ दिया जाएगा। इसके बारे में कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

### कई ने खुदकुशी की

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि हताशा और निराशा के कारण कई ने खुदकुशी तक कर ली है। उन्होंने लिखा, अपने सपने को पूरा करने में उन्हें (अभ्यर्थी) न केवल कई साल लग गए बल्कि 50 लाख आवेदकों में से प्रत्येक को 250 रुपये जमा करने पड़े, जो इन युवाओं से लिए गए 125 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि है। हमारे युवाओं को इस तरह से पीड़ा झेलने नहीं दिया जा सकता। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने की अपील करता हूं कि न्याय हो।

### कांग्रेस का पुरानी व्यवस्था लागू करने का एलान

कांग्रेस ने दावा किया है कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो वे अग्निपथ योजना को वापस लेंगे और पुरानी भर्ती योजना को लागू करेंगे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना को लेकर कोई मांग नहीं थी और इससे कोई फायदा नहीं होगा, सिर्फ इससे सरकार के कुछ पैसे बचेंगे। हमारी पार्टी को लगता है कि पुरानी भर्ती योजना को लागू किया जाना चाहिए। पायलट ने कहा कि सैन्य बलों को आधुनिक बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जा सकते थे, लेकिन पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करना सही नहीं है।

### क्या है अग्निपथ योजना

जून 2022 में सरकार ने अग्निपथ योजना पेश की थी। इसके तहत युवाओं को शॉर्ट टर्म के लिए सैन्य बलों में सेवा का मौका दिया जाता है। इस योजना का मकसद सेना की औसत उम्र को कम करना है। इस योजना के तहत 17 साल से 21 साल के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाता है। चार साल के बाद सैन्य बलों में भर्ती किए गए अग्निवीरों में से 25 फीसदी को अगले 15 साल के लिए सेना में नियुक्ति दी जाती है और बाकी लोगों को एक तय रकम देकर रिटायर कर दिया जाता है।

# मानहानि मामले में केजरीवाल ने अदालत के सामने स्वीकारी गलती

**अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं।

## नहीं होगी सुनवाई

अब सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने निचली अदालत से 11 मार्च तक केजरीवाल से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई नहीं करने को कहा। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा, 'केजरीवाल का कहना है कि उन्होंने रिट्वीट करके गलती की है।'

## सांकृत्यायन को नुकसान पहुंचाना नहीं था मकसद

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट में कहा था कि निचली अदालत इस बात को समझने में विफल रही कि उनके ट्वीट का उद्देश्य शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन को नुकसान पहुंचाना नहीं था। उच्च न्यायालय के समक्ष केजरीवाल की याचिका में कहा गया कि अधीनस्थ अदालत ने समन जारी करने के लिए कोई कारण नहीं बताकर गलती की और आदेश 'प्रथम दृष्टया' न्यायिक विवेक के अनुसार नहीं थे। सांकृत्यायन ने दावा किया कि 'भाजपा आईटी सेल पार्ट शीर्षक वाला यूट्यूब वीडियो जर्मनी में रहने वाले राठी द्वारा प्रसारित किया गया था।

### मानहानि केस पर हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने पांच फरवरी, 2024 के अपने फैसले में कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा। कोर्ट ने कहा था कि जिस सामग्री के बारे में किसी को जानकारी नहीं है, उसे रीट्वीट करते समय जिम्मेदारी की भावना जुड़ी होनी चाहिए। अदालत यह भी कहा था कि मानहानि सामग्री को रीट्वीट करने वाला व्यक्ति डिस्क्लेमर जारी नहीं करता तो दंडात्मक समेत अन्य कार्रवाई होनी चाहिए।

# संदेशखाली की घटना को लेकर भड़की हिंसा, मैती के बाद अब सरदार के घर में घुसीं महिलाएं, तोड़फोड़ की



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। संदेशखाली

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है। बंगाल की पूरी सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। संदेशखाली सियासी जंग का मैदान बना हुआ है। ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। वह शाहजहां शेख के करीबी नेताओं अजीत मैती और शंकर सरदार पर भी अपना क्रोध निकाल रहे हैं। एक तरफ जहां मैती पुलिस कैद में हैं वहीं अब सरदार के घर पर ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर दी है। उत्तर 24 परगना के संदेशखली के पोलपारा गांव के ग्रामीणों ने टीएमसी नेता शंकर सरदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनकी पत्नी ने पुलिस को शिकायत दी कि स्थानीय महिलाओं ने उनके घर में तोड़फोड़ की है। पुलिस अधिकारी इलाके में मौजूद हैं।

## हमारा सामान और दुकान लूट ली

एक स्थानीय महिला ने कहा, हम एक एनजीओ में काम करते थे। हमारे लिए सामग्री एक ट्रक में आती थी। अजीत मैती और शंकर ने हमारा सामान और दुकान लूट ली। उन्होंने हमें काम नहीं करने दिया। उन्होंने हमारी जमीन, जंगल और पानी छीन लिया।

### कानून अपने हाथ में न लें महिलाएंः एसपी रहमान

बशीरहाट के एसपी एचएम रहमान ने कहा, कुछ महिलाएं शंकर सरदार के घर में घुस गईं। मैं संदेशखाली के लोगों से कह रहा हूं कि वे कानून अपने हाथ में न लें, अन्यथा पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाएं आगे आई हैंः बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संदेशखाली की घटना पर कहा कि जैसा कि हम खबरों के माध्यम से जानते हैं कि पुलिस वहां गई, मंत्री वहां गए, याचिकाएं प्राप्त हुईं। यदि मैं खबरों की मानूं तो 800 से अधिक याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। प्रक्रिया शुरू हो गई है। महिलाएं आगे आई हैं। उन्होंने खुद को मुखर करना शुरू कर दिया है और अब बदलाव होगा। राज्यपाल का काम यह देखना है कि निर्वाचित सरकार कानून के शासन के भीतर कब कार्रवाई करती है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो राज्यपाल हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने कहा, जहां तक बंगाल का सवाल है, आज का दिन एक गेम-चेंजिंग दिन है। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में 28 स्टेशनों का पुर्नशिलन्यास करने जा रहे हैं। आज सरकार द्वारा बंगाल के लिए 31 अंडरपास, 700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की गई है।

### विपक्ष फंसाने की कोशिश कर रहा

वहीं, शंकर सरदार की पत्नी का कहना हैं, महिलाएं हमारे घर में जबरदस्ती घुस आईं और तोड़फोड़ करने लगीं। मेरे पति टीएमसी में हैं, इसलिए महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। विपक्ष उन्हें फंसाने की कोशिश कर रहा है। वह (शंकर सरदार) घर पर नहीं हैं।

# 'जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी



असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

## क्या बोले हिमंत बिस्व सरमा?

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, ÷आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा।

## विपक्ष का वॉकआउट

इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### असम कैबिनेट ने दो दिन पहले निरस्त किया था कानून

दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि 23 फरवरी को असम कैबिनेट ने एक अहम फैसला लेते हुए वर्षों पुराने असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून को वापस ले लिया गया है। इस कानून में ऐसे प्रावधान थे कि अगर दूल्हा और दुल्हन शादी की कानूनी उम्र यानी लड़कियों के लिए 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल के नहीं हुए हैं, तो भी शादी को पंजीकृत कर दिया जाता था। यह असम में बाल विवाह रोकने की दिशा में अहम कदम है।

# तमिलनाडु की टीएमसी का एनडीए में शामिल होने का एलान, भाजपा के साथ लड़ेगी लोकसभा चुनाव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को तमिलनाडु में एक सहयोगी मिल गया है। दरअसल जीके वासन के नेतृत्व वाली पार्टी तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के साथ गठबंधन का एलान किया है। जीके वासन ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि तमिल मनीला कांग्रेस बतौर एनडीए सहयोगी भाजपा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। वासन ने ये भी कहा कि 27 फरवरी को पीएम मोदी की पालादम में होने वाली रैली में वह भी शामिल होंगे। जीके वासन के एलान के बाद तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने टीएमसी चीफ से चेन्नई में मुलाकात की। मुलाकात के बाद अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया गया है कि भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ है, वह 2024 के आम चुनाव में टूट जाएगा। तमिलनाडु में भाजपा इस बार पूरी ताकत लगा रही है। भाजपा की कोशिश थी कि एआईएडीएमके का साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा जाए, लेकिन एआईएडीएमके के गठबंधन से बाहर जाने के बाद भाजपा छोटी पार्टियों के साथ राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने में जुटी है।

### सीटों का बंटवारा अभी होना बाकी

लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा का यह पहला आधिकारिक गठबंधन है। तमिल मनिला कांग्रेस ने तमिलनाडु का 2021 का विधानसभा चुनाव भी एआईएडीएमके और भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ा था। टीएमसी ने संकेत दिए हैं कि वे एआईएडीएमके के साथ अपना गठबंधन तोड़ लेंगे। एआईएडीएमके ने सितंबर 2023 में एनडीए से नाता तोड़ लिया था। हालांकि वासन ने साफ किया कि गठबंधन आने वाले दिनों में आकार लेगा और अभी सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला होना है। मीडिया से बात करते हुए जीके वासन ने कहा कि आज हमें लगता है कि देश का आर्थिक विकास और सुरक्षा समय की जरूरत है। ऐसे में तमिल मनीला कांग्रेस ने भाजपा और इसके केंद्रीय गठबंधन को समर्थन देने का फैसला किया है।



# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

# मराठा आरक्षण के मुद्दे पर भड़की हिंसा

## प्रदर्शनकारियों ने बस फूंकी, अंबाड में लगा कर्फ्यू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे पर सोमवार को अंबाड तालुका में हिंसा भड़क गई। हिंसा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राज्य परिवहन की एक बस में आग लगा दी। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने अंबाड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया है। जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्णा पांचाल ने कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया है। हालांकि सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही, दूध की सप्लाई, मीडिया, मेडिकल क्षेत्र को इस कर्फ्यू से छूट दी गई है। अंबाड तालुका के शहर तीर्थपुरी के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रदर्शनकारियों ने बस में आग लगाई। इस मामले में महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। वहीं जालना एसपी के आदेश पर राज्य परिवहन ने जिले में अपनी बसों का संचालन अगले आदेश तक बंद रखने का फैसला किया है।

## क्यों भड़की हिंसा?

मराठा आरक्षण के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने रविवार को राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जारांगे ने ये भी एलान किया कि वह मुंबई स्थित फडणवीस के घर के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सरती में भाषण देते हुए जारांगे ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। जारांगे ने कहा कि मैं मराठों को ओबीसी वर्ग में शामिल करने और कुनबी प्रमाण पत्र जारी करने की अपनी मांग से पीछे नहीं हट रहा हूं। जारांगे रविवार की रात अंतरावली सरती से निकलकर भंबेरी गांव पहुंच गए थे, लेकिन सोमवार सुबह खराब सेहत के चलते वापस अंतराली सरती गांव लौट आए।

### सीएम शिंदे ने दी चेतावनी

जारांगे के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर लगाए आरोपों पर सीएम एकनाथ शिंदे ने नाराजगी जताई और जारांगे को चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार ने धैर्य दिखाया, लेकिन लोगों को हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। जो लोग सरकार के खिलाफ बार-बार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। सीएम ने जारांगे को आगाह करते हुए कहा कि वे अपनी हदें पार न करें। सीएम ने आरोप लगाया कि जारांगे के भाषण आम तौर पर शरद पवार और उद्धव ठाकरे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाले भाषणों जैसे क्यों लगते हैं?

# पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम चुनी गईं मरयम नवाज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व सीएम नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम चुनी गई हैं। इसके साथ ही मरयम नवाज ने इतिहास रच दिया है क्योंकि मरयम नवाज पंजाब की पहली महिला सीएम हैं। मरयम नवाज को 220 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार राना आफताब अहमद को हराया। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों ने वोटिंग का बहिष्कार किया, ऐसे में राना आफताब अहमद को कोई वोट नहीं मिला। संख्याबल के हिसाब से मरयम नवाज का पंजाब की सीएम बनना तय था। पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ सीएम पद को लेकर मतदान होगा और असेंबली के किसी सदस्य को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके बाद हुए मतदान में मरयम नवाज ने आसानी से जीत हासिल की। इससे पहले पंजाब असेंबली के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें 371 सदस्यों में से 321 सदस्यों ने शपथ ली।

# एनजीटीः 53 शहरों में प्रदूषण कम करने के लिए क्या कदम उठाए, अधिकरण ने मांगी रिपोर्ट, अगली सुनवाई 3 मई को

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने 53 शहरों को प्रदूषण को कम करने के लिए किए गए उपाय पर संबंधित राज्यों को पूरी रिपोर्ट देने को कहा है। ट्रिब्यूनल देशभर के विभिन्न शहरों में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के बनाए गए वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में आई गिरावट के मुद्दे पर सुनवाई कर रहा था। ट्रिब्यूनल ने कहा, सभी शहरों (53) को प्रदूषण के स्रोत का खुलासा और उठाए गए कदमों के कारण जो प्रगति हुई है, उसका खुलासा करना चाहिए। रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख से एक सप्ताह पहले जमा करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 3 मई को होगी। बता दें कि 5 दिसंबर को ट्रिब्यूनल ने विभिन्न राज्यों की ओर से दी गई रिपोर्टों पर विचार करने के बाद कहा कि राज्यों ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम और 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त धन का पूरा उपयोग नहीं किया। एनजीटी ने संबंधित राज्यों से आगे की कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को भी कहा था।

# जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार प्रसार कर रही हैं। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को हरी झंडी दिखाई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा संकल्प समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि आज विकसित भारत-मोदी की गारंटी विषय को लेकर पूरे देश में वीडियो वैन के माध्यम से 2024 के चुनाव में अगले पांच वर्ष के लिए जो लक्ष्य रखना है उसके लिए जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। भाजपा ने तय किया है कि देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना के साथ मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस अमृतकाल में हो रहे कार्यों से संबंधित सभी बातों को भारत की जनता के सामने रखेंगे। इसी के साथ हमारे संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगने का कार्य भी हम सब 15 मार्च तक पूरा करेंगे।

### एक करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र मिलेंगे

उन्होंने कहा कि ये वीडियो वैन सारे देश में जाएंगी और लगभग 1 करोड़ से ज्यादा सुझाव पत्र हमारे पास 15 मार्च तक पहुंचेंगे और उनका समावेश करके हमारा संकल्प पत्र बनेगा। जो 2024 में विकास के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए होगा। देश के लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से हम लगभग 250 स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी हम अपने साथ समावेश करेंगे। इसके साथ साथ हम एक विशेष मिस्ड कॉल नंबर के माध्यम से प्रयास करेंगे कि आप अपने सुझाव हम तक पहुंचाएं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)